सुप्रभात
* * रांची, शनिवार
20.04.2024
धनबाद। वर्ष : 01 अंक : 01
नगर संस्करण पेज 12, मूल्य : 3 /
वर्ष 11, अंक 276

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080

12 मई में सिकंदर की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान खान

## न्यूज डायरी

### वोट डालने आये शख्स से कहा, 'मर गये आप'

**सिलीगुड़ी।** 34 नंबर वार्ड स्थित वाल्मिकी विद्यापीठ स्कूल में एक अनोखा माजरा सामने आये। स्थानीय निवासी गोबिंद राय शुक्रवार को जब बूथ संख्या 236 पर मतदान करने आये, जब वह लाइन में खड़े होकर बूथ में दाखिल हुए तो पता चला कि उनका नाम सूची में नहीं है क्योंकि उनकी मृत्यु हो चुकी है। उन्हें बताया गया कि आप वोट नहीं कर सकते, क्योंकि रिकार्ड में आप मर चुके हैं।

### नगालैंड के छह जिलों में एक भी वोट नहीं पड़ा

**कोहिमा।** पूर्वी नगालैंड के छह जिलों के जनजातियों के संगठन के बहिष्कार के चलते 20 विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को पहले चरण के मतदान में एक भी वोट नही डाला गया। मतदान केंद्रों पर सन्नाटा छाया रहा। यहां तक कि इस क्षेत्र के 20 विधायकों ने भी मतदान नहीं किया। नगालैंड के मुख्य चुनाव अधिकारी ने इन संगठन को नोटिस जारी किया है।

### तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

**गिरिडीह।** डुमरी थाना इलाके के तेलखरा में शुक्रवार को तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। दोनों सगे भाई थे। दोनों अपने मामा के घर शादी समारोह में भाग लेने तेलखरा आये थे। खबर होते ही गांव के लोग वहां जमा हुए और किसी तरह दोनों को बाहर निकाला। तत्काल एक एम्बुलेंस से डुमरी रेफरल अस्पताल लाये गये । चिकित्सकों ने आशीष कुमार (16) एवं छोटु कुमार (15) को मृत घोषित कर दिया।

### बूढ़ा पहाड़ पर तीन दशक बाद बना बूथ

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के मतदाता लोकसभा चुनाव 2024 में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। तीन दशक बाद यहां मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसके लिए इस क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बनाया गया है। क्षेत्र सुरक्षित है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। यहां पिछले 30 वर्ष से मतदान केन्द्र नहीं बन पा रहा था।

### शाह ने गांधीनगर सीट से भरा नामांकन

**गांधीनगर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के रूप में शुक्रवार को गांधीनगर सीट से अपना नामांकन पत्र भरा। श्री शाह ने विजय मुहूर्त में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

### दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं, दो फार्म बिके

**मेदिनीनगर।** पलामू अजा संसदीय सीट चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू है। दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं हुआ। मात्र दो नोमिनेशन फार्म बिके। दूसरे दिन लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम एवं कम्युनिष्ट पार्टी के अभय कुमार भुइयां ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। यहां पांचवें चरण का मतदान 20 मई को निर्धारित है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 61600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77000 रु./प्रति किलो |


### तीसरी आंख




## 10वीं बोर्ड में 90.3 फीसदी बच्चे पास, हजारीबाग की ज्योत्सना बनी झारखंड टॉपर

# मैट्रिक बोर्ड में लड़कियों ने फिर मारी बाजी

### फैक्ट फाइल

- परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों की संख्या 4,18,623
- परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या 3,78,398
- प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या 2,05,110
- द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या 1,53,733
- तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या 19,555
- मैट्रिक में सफल विद्यार्थियों का प्रतिशत 90.39%
- सबसे अच्छा रिजल्ट - जमशेदपुर
- सबसे खराब रिजल्ट - देवघर
- जैक बोर्ड ने मैट्रिक का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस बार 90.39 फीसदी छात्र-छात्रों ने सफलता हासिल की है।
- 91% लड़कियां, 89.70% लड़के सफल

### स्टेट टॉपर



योत्सना ज्योति : 99.2% सनत संजोरी : 98.8% करिश्मा कुमारी और सृष्टि सौम्या - 98.4%।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 10वीं बोर्ड का रिजल्ट गुरुवार को जारी कर दिया। इस बार 90.3 फीसदी बच्चे सफल हुए हैं। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने इसकी घोषणा की है। रिजल्ट जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है, 91% लड़कियां पास हुई हैं, जबकि 89.70% लड़के सफल हुए हैं।

**54.20% बच्चे प्रथम श्रेणी में :** रिजल्ट जारी करते हुए जैक के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि इस बार माध्यमिक परीक्षा 06 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की गयी थी। 4 लाख 18 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए थे। जिसमें 3,38,358 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। कुल 90.3 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। इस परीक्षा में 2,05,110 बच्चे प्रथम श्रेणी से सफल हुए हैं, जो कुल सफल छात्रों का 54.20% है। इस बार जैक कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि कम समय में परीक्षा परिणाम प्रकाशित कर उन्हें खुशी हो रही है। नतीजे करीब 30 दिन पहले जारी कर दिये गये।

### टॉप 10 में 44 छात्र-छात्रों ने बनायी जगह, 19 छात्राएं हजारीबाग की एक ही स्कूल की

#### ये बने टॉपर

ज्योत्सना ज्योति 99.2% अंकों के साथ स्टेट टॉपर बनी हैं। सनत संजोरी 98.8% के साथ सेकेंड टॉपर रहीं. 98.4% अंकों के साथ करिश्मा कुमारी और सृष्टि सौम्या संयुक्त रूप से थर्ड स्टेट टॉपर रहीं, ये सभी इंदिरा गांधी गर्ल्स हाई स्कूल, हजारीबाग की छात्राएं हैं।

#### टॉपर्स एक साथ सम्मानित होंगे

शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि 2023 और 2024 के मैट्रिक और इंटरमीडिएट के टॉपर्स को एक साथ सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस बार जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा 94.03 फीसदी रहा है। 94 फीसदी के साथ हजारीबाग दूसरे, गिरिडीह तीसरे, 93.23 फीसदी के साथ लातेहार चौथे और 92.52 फीसदी के साथ कोडरमा पांचवें स्थान पर है। सबसे खराब रिजल्ट देवघर का रहा है। शिक्षा सचिव ने कहा कि बेहतर रिजल्ट वाले स्कूलों को गोल्ड और सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जायेगा। विभाग शिक्षकों के मूल्यांकन पर भी काम करेगा जिसमें उनकी जरूरतों पर काम किया जायेगा।

### डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती हैं ज्योत्सना ज्योति

झारखंड बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा में स्टेट टॉपर बनीं इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग की छात्रा ज्योत्सना ज्योति डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। खबर मन्त्र संवाददाता से बातचीत में उन्होंने ये बात कही। स्टेट टॉपर ज्योति ने कहा है कि उसका सपना डॉक्टर बनें और समाज की सेवा करें। वह मूल रूप से चतरा के गिद्धौर प्रखंड की रहने वाली हैं। गिद्धौर प्रखंड के पांडेबागी गांव की ज्योत्सना ज्योति शुरू से ही ज्योत्सना मेधावी छात्रा रही है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा एक से पांचवीं तक) गांव में ही सरकारी प्राथमिक विद्यालय से हुई। इसके बाद उसका दाखिला इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग में हो गया। ज्योति ने कहा, स्कूल से आने के बाद वह पूरी तरह पढ़ाई पर फोकस करती थी। छात्रावास में देर रात तक पढ़ती थी। ज्योति ने सलाह दी कि बेहतर रिजल्ट पाने के लिए विद्यार्थियों को निरंतर पढ़ाई करनी चाहिए। उसके पिता राजेंद्र कुमार दास मयूरहंड के स्वामी विवेकानंद प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य हैं। ज्योत्सना के दादा महादेव दास भी सरकारी शिक्षक थे. वह रिटायर्ड हो चुके हैं। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी है ज्योत्सना ज्योत्सना की मां किरण कुमारी गृहणी हैं।

### टॉप-44 में रांची के 7 छात्रों ने बनायी जगह

टॉप-44 छात्रों में से 9 छात्र रांची से हैं। इनमें से पहला नाम प्रतिभा महतो का है जो उरसुलाइन कान्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, रांची से हैं। इन्होने 500 में से 491 अंक हासिल किये। दूसरे नंबर पर संत जॉन्स हाई स्कूल के सुमित कुमार महतो रहे। दसवीं बोर्ड की परीक्षा में इन्होने 500 में से 491 अंक हासिल किये। तीसरे नंबर पर समृद्धि मेहता हैं, वह उरसुलाइन कान्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, रांची की छात्रा हैं। इन्होने 500 में से 489 अंक हासिल किये। चौथे नंबर पर मृदुला सिंह रहीं। उरसुलाइन कान्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल की इस छात्रा को 488 अंक मिले। पांचवे नंबर पर भी उरसुलाइन कान्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल की आस्था कुमारी है। उन्हें 486 अंक मिले। छठे नंबर पर भी इसी स्कूल की नेहा कुमारी सिन्हा रहीं, उन्हें 486 अंक हासिल किये। सातवें नंबर पर शांति कुमारी रहीं। एसपीवी हाई स्कूल दरदाग ओरमांझी की इस छात्रा ने 486 अंक हासिल किये।

### हजारीबाग ने लहराया परचम

इस रिजल्ट में खास बात ये है कि टॉप 10 में कुल 44 छात्र-छात्रों ने अपनी जगह बनायी है। इसमें से 19 छात्राएं हजारीबाग की एक ही स्कूल की हैं। हजारीबाग ने पूरे राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। झारखंड टॉप 10 की लिस्ट में 19 छात्राएं इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की ही हैं। इनमें स्टेट टॉपर ज्योत्सना ज्योति भी शामिल हैं। इनके अलावा सना संजरी ने (98.8),करिश्मा कुमारी ने (98.4), सृष्टि सौम्या ने (98.4) प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। ज्योतस्ना चतरा की रहने वाली हैं। वहीं सना लोहरगा की और करिश्मा धनबाद की रहने वाली हैं। सृष्टि सौम्या मूल रूप से हजारीबाग की ही रहने वाली हैं।

## झामुमो की उलगुलान महारैली कल बैनर-होर्डिंग्स से पटी रांची

# भाजपा पर हमला बोलेंगी कल्पना-सुनीता

- 21 को रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली की सभी तैयारियों पूरी कर ली गयी है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध और संविधान बचाने के लिए 21 को रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली की सभी तैयारियों पूरी कर ली गयी हैं। पूरी रांची को पोस्टरों और बैनरों से पाट दिया गया है। पूरे कार्यक्रम की कमान खुद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन संभाले हुए हैं। जिस तरह दिल्ली के रामलीला मैदान में मोदी सरकार, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग और केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ महारैली में कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल ने एक साथ हल्ला बोला था, ठीक उसकी तरह अब 21 को प्रभात तारा मौदान में फिर कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल एक मंच से केंद्र सरकार और मोदी के खिलाफ उलगुलान करेंगी। 21 को दूसरा मौका होगा जब कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल एक मंच से उलगुलान करेंगी। झारखंड के सीएम चम्पाई, झामुमो, कांग्रेस और राजद के मंत्री भी उलगुलान समेत इंडी गठबंधन के कई नेता महारैली में उपस्थित रहेंगे। हालंकि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और दक्षिण के कुछ नेताओं के आने की संभावना कम है।

### संवधिान बचाने की आवाज उठेगी



झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय के मुताबिक महारैली कोई सामान्य या चुनावी महारैली नहीं है, बल्कि यह देश को तानाशाही से मुक्ति, संविधान बचाने और झारखंडी जन आकांक्षाओं को आवाज देने की महारैली है। संविधान बचाने, भाजपा की समाज को बांटने की नीति, वन अधिकार कानून में बदलाव, महंगाई, बेरोजगारी सहित तमाम ऐसे मुद्दे हैं जिसके खिलाफ उलगुलान होगा। मंच से सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन एक ही मंच से यह बतायेंगी कि कैसे साजिश रचकर उनके पति को सिर्फ इसलिए जेल के अंदर डाल दिया गया, क्योंकि वह एक तानाशाह के सामने झुके नहीं।

#### पंडाल तैयार

प्रभात तारा मैदान में 40 मीटर लंबा और 20 मीटर चौड़ा पंडाल तैयार है। दो सहायक मंच भी बनाया गया है। ताकि महारैली में शामिल होने वाली जनता और पार्टियों के कार्यकर्ता को भीषण गर्मी में भी थोड़ी राहत मिल सके। अपने नेताओं का भाषण सुनने और उन्हें देखने के लिए 20 से ज्यादा बड़े बड़े एलइडी स्क्रीन लगाये जा रहे हैं।

#### इन नेताओं ने आने की दी स्वीकृति

पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी, अखिलेश यादव, लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी प्रसाद यादव, फारुख अब्दुल्लाह, दीपांकर भट्टाचार्या और ममता बनर्जी के प्रतिनिधि के रूप में डेरेक ओ ब्रायन ने आने की स्वीकृति दे दी है।

## पहले चरण की 102 सीटों पर 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

# बंगाल में बमबाजी के बीच 77 फीसदी बोटिंग

- त्रिपुरा में सर्वाधिक 79.90, बिहार में सबसे कम 47.49 % वोट पड़े

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की 18वीं लोक सभा के चुनावों के पहले चरण में शुक्रवार को बिहार, बंगाल, त्रिपुरा मणिपुर समेत 21 राज्यो की 102 सीटों के लिए 60 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। आयोग की ओर से शाम सात बजे जारी विज्ञप्ति के अनुसार कुल पंजीकृत 16.63 करोड़ मतदाताओं में से शुक्रवार को 60.03 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। दूरदराज के इलाकों के निर्वाचन केंद्रों का मतदान आंकड़ा बढ़ सकता है। मतदान का समाप्त होने का समय समाप्त होने पर भी मतदाता कतारों में खड़े थे। पथराव, बमबारी व हंगामे के बीच में बंगाल की 3 लोकसभा सीटों पर 77 फीसदी वोटिंग हुई। त्रिपुरा में सबसे अधिक 79.90 प्रतिशत जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत वोटिंग हुई। जिस राज्य में जमकर हिंसा की घटनाएं देखने को मिलीं, वहीं पर सबसे ज्यादा मतदान भी हुआ। वोटिंग के बीच मणिपुर और पश्चिम बंगाल में हिंसा की कई घटनाएं देखने को मिलीं। नॉर्थ ईस्ट के राज्य में बवाल का आलम यह था कि वहां फायरिंग और हंगामे के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को तोड़कर फेंक दिया गया। हालांकि, चुनाव आयोग की ओर से दावा किया गया कि वहां पर वोटिंग शांतिपूर्ण ढंग से हुई। सीटों के लिहाज से यह सबसे बड़ा चरण था।

अंतिम वोट प्रतिशत की प्रतीक्षा है। पहले चरण के साथ -साथ अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की सभी 60 और सिक्किम विधानसभा की सभी 32 सीटों के चुनाव भी संपन्न हो गये है।

### बंगाल में हिंसा

पथराव, बमबारी व हंगामे के बीच में बंगाल की 3 लोकसभा सीटों पर अब तक 77 फीसदी वोटिंग हुई। भाजपा के कैंप ऑफिस पर हमला किया गया। तोड़फोड़ के साथ वहां पार्टी कार्यकर्ताओं को पीटा गया। कूचबिहार में 33.63 प्रतिशत मतदान हुआ। कूचबिहार में वोटिंग के वक्त हिंसा, कार्यकर्ताओं में झड़प और पथराव के बीच बूथ एजेंट पर भी हमले की खबर है। इसमें कई लोगों के घायल होने और एक की मौत की भी खबर है। टीएमसी और भाजपा दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे पर मतदाताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाया। कूचबिहार में मतदान शुरू होने के तुरंत बाद झड़प की खबरें आयीं। दिनहाटा ब्लॉक के भेटागुड़ी बूथ पर देसी बम फेंके गए जिससे उनके ब्लॉक अध्यक्ष अनंत बर्मन घायल हो गये। कूचबिहार के तूफानगंज और जलपाईगुड़ी के डाबग्राम-फुलबाड़ी जैसे कुछ इलाकों में राजनीतिक दलों के अस्थायी चुनाव कार्यालयों में आग लगा दी। कूचबिहार में पहले भी कई बार चुनावी हिंसा हो चुकी है। 10 अप्रैल, 2021 को विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में मतदान हो रहा था। इस दौरान यहां मतदाताओं सहित 5 लोगों की हत्या कर दी गयी थी।



### कहां कितनी वोटिंग

पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, त्रिपुरा की एक सीट पर 76.10 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 67.66 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 69.91 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 70.77 प्रतिशत वोट पड़े थे। जम्मू कश्मीर में 65.08, अरुणाचल प्रदेश में 63.97, छत्तीसगढ़ में 63.41, लक्षद्वीप में 59.02, अंडमान और निकोबार द्वीप में 56.87, नागालैंड में 55.02, उत्तराखंड में 53.56 और मिजोरम में 53.03 प्रतिशत मतदान हुआ। यूपी में 57.54, तमिलनाडु में 62.08, मध्य प्रदेश में 63.25, महाराष्ट्र में 54.85 और राजस्थान में 50.27 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

#### बिहार में सबसे कम वोटिंग-

निर्वाचन आयोग से शाम सात बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट डालने वाले मतदाताओं का अनुपात सर्वाधिक 79.90 प्रतिशत रहा, जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत।

# झूठ की राजनीति करते हैं पीएम मोदी : खड़गे

## किशनगंज में कांग्रेस नेता ने भाजपा पर साधा निशाना

एजेंसी

**पटना।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भाजपा और पीएम हमला करते हुए मोदी को 'झूठों का सरदार' बताया। वह शुक्रवार को किशनगंज में कांग्रेस के उम्मीदवार मो. जावेद आलम के पक्ष में एक चुनावी सभा में बोल रहे थे। यहां सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर जोरदार हमला किया। उनपर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया। किशनगंज के लोहागाड़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव जम्हूरियत को बचाने के साथ साथ संविधान को बचाने का है। कोई हिंदू के नाम पर तो कोई मुसलमान के नाम पर आप को भड़काने की कोशिश करेगा, लेकिन आपको गुमराह नहीं होना है। अगर गुमराह होते हैं तो ये लोग संविधान बदल देंगे। 2014 और 2019 का चुनाव जीतने के बाद नरेंद्र मोदी ने एक भी वादा पूरा नहीं किया।

### अबकी बार 400 पार पर ली चुटकी



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आज राजद, सीपीएम, सीपीआई, कांग्रेस सभी एकजुट होकर मोदी के खिलाफ लड़ रहे हैं। हम लोग सरकार बनायेंगे। खड़गे ने भाजपा के 'अबकी बार 400 पार' नारा चुटकी लेते हुए कहा कि मोदी जी ने 600 पार नहीं कहा यही बड़ी बात है। इस मौके पर निर्वतमान सांसद डॉ जावेद आजाद, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, तौसीफ आलम, इमाम अली उर्फ चिंटू, पिंटू चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे। किशनगंज लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। पिछले चुनाव में यह सीट महागठबंधन के खाते में गयी थी। पार्टी ने एक बार फिर से डॉ. मो. जावेद आजाद को टिकट दिया है। वहीं एनडीए में यह सीट जेडीयू के खाते में गयी है और पार्टी ने मुजाहिद आलम को उम्मीदवार बनाया है।

### आटे-दाल को तरस रहा आतंक का सप्लायर : मोदी

**दमोह (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के दमोह संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन म्पीएम मोदी ने बुंदेली भाषा में अपना संबोधन शुरू किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कितने ही देशों की स्थिति बहुत खराब है। कई देश दिवालिया हो रहे हैं। हमारा एक पड़ोसी देश जो आतंक का सप्लायर था, वह अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे हालातों में हमारा भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। दुनिया में हिंदुस्तान का डंका बज रहा है। अमेरिका और दुनिया में भारत की वाह-वाही हो रही है। यह आपकी एक वोट की ताकत से हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि साल 2024 का चुनाव यह सिर्फ सांसद चुने जाने का चुनाव नहीं है, यह देश का चुनाव है, देश के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। आने वाली पीढ़ी के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला चुनाव है, यह चुनाव आने वाले पांच साल में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। दुनिया के हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध के बादल छाए हैं। जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो, घटनाएं घट रही हो तो भारत में युद्धस्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है। ऐसे समय में मजबूत सरकार होनी चाहिए, जो किसी भी परिस्थिति में भारत की रक्षा कर सके। यह काम पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार देश-विदेश के भारतीयों के हित में कैसे काम करती है, यह बीते वर्षों में देश की जनता ने देखा है।

# फर्जी जमीन घोटाले में फरार है शेखर कुशवाहा, इडी करेगी वारंट जारी

## फर्जी कागजातों के जरिये लिखी गई जमीन घोटाले की पटकथा, राजनेता, अफसर से लेकर जमीन माफिया ने की अकूत कमाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय की जांच में रांची में हुए जमीन घोटाले में कई चौकाने वाले खुलासा किया है। जमीन घोटाले की पूरी पटकथा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तैयार की गई थी, जिसमें राज्य के कई राजनेता, अधिकारी और जमीन माफिया ने करोड़ों की कमाई की और एकड़ प्रति एकड़ जमीन पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कब्जा किया। इस मामले में फरार शेखर कुशवाहा को इडी तलाश कर रही है। इडी की गिरफ्त से शेखर कुशवाहा फरार है। इडी से मिली जानकारी के मुताबिक, इडी अब उसकी गिरफ्तारी के लिये वारंट जारी करेगी। इडी की टीम जमीन घोटाले में आरोपी शेखर कुशवाहा के घर मंगलवार को दबिश दी थी। इडी ने उसकी उपस्थिति के लिए एक समन परिजनों को सौंप दिया था। यदि वे समन के आधार पर इडी ऑफिस नहीं पहुंचते हैं तो उनके खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी करायेगी।

**कोलकाता बना फर्जी दस्तावेज का हब**

कपड़ा कारोबारी इरशाद की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार करना ही इसका काम था। इडी ने अपनी जांच में पाया है कि बरियातू इलाके का कपड़ा कारोबारी इरशाद अख्तर कोलकाता जा कर रांची के जमीन का फर्जी कागजात तैयार करवाता था। इरशाद कोलकाता के रजिस्टार ऑफ एश्योरेंस में फर्जीवाड़ा करने के लिए वहां के ओरिजनल रजिस्टर का ब्लैंक शीट जुगाड़ करता था। फर्जीवाड़ा के लिए ओरिजनल रजिस्टर से ब्लैंक शीट जुगाड़ने के बाद फर्जी डीड तैयार की जाती थी। इडी को सद्दाम और अफसर अली की एक तस्वीर भी मिली है, जिसमें वह कोलकाता के होटल पियरलेस में बैठकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहे थे। यह तस्वीर सद्दाम ने प्रियरंजन को भेजी थी। आरोपी रांची से लेकर कोलकाता तक सरकारी रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा कर जमीन कब्जा करते थे। खास कर नन सेलेबल जमीनों के फर्जी दस्तावेज बनाए जाते थे, इसके बाद ऊंची दाम पर इसकी बिक्री की जाती थी।

**सीएमओ का प्रभाव ,पुलिस ने नही की कोई कारवाई :** जमीन घोटाले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भी भूमिका थी इसी का फायदा सद्दाम हुसैन, अफसर अली और इरसाद ने उठाया था. इस दौरान सभी के खिलाफ पुलिस के द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। बड़गाईं अंचल की 8.86 एकड़ जमीन के ही प्लाट 987, खाता संख्या 221 के मालिक विष्णु कुमार भगत ने बयान में इडी को बताया कि तत्कालीन सीएम का उनकी जमीन पर कब्जा था। कई बार इस जमीन को लेकर उन्हें धमकी मिली थी, इसकी शिकायत उन्होंने थाने में दर्ज करानी चाही, लेकिन पुलिस ने कभी केस दर्ज नहीं किया। प्लाट नंबर 988बी के मालिक शशिभूषण सिंह, 993 के मालिक अशोक जायसवाल ने भी यही बयान इडी के समक्ष अगस्त 2023 में दिया था।

### डायरी ने खोली अंतु तिर्की की पोल

ईडी के द्वारा गिरफ्तार झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अन्तु तिर्की की भूमिका भी जमीन घोटाले में संलिप्तता के सबूत मिले। मो सद्दाम के यहां छापेमारी के दौरान मिले डायरी में खाता संख्या 234 की जमीन के एवज में अंतु तिर्की ने अलग-अलग तारीखों में लाखों रुपये लिए। 18 फरवरी 2022 को सुनिता तिर्की नाम की महिला को 1000 व 24 हजार देने का जिक्र है। 19 फरवरी 2022 को अंतु तिर्की को भी पैसे देने का जिक्र है। इसी तारीख को सुनीता तिर्की को 2.25 लाख देने का जिक्र है। 20 फरवरी 2022 को अंतु तिर्की को 25 हजार, दो लाख, दो लाख, 3 मार्च 2022 को चार लाख, 24 मार्च 2022 को डेढ़ लाख, 20 अप्रैल 2022 को अंतु तिर्की को किसी ए खान के द्वारा नकद 3 लाख, 3 अगस्त 2022 को एनईएफटी के माध्यम से दो लाख व 20 अक्तूबर 2022 को 1 लाख का भुगतान देने का जिक्र डायरी में है। वहीं, डायरी के एक अन्य पन्ने में प्लॉट नंबर 1055 के एक साल के हिसाब किताब में 36.68 लाख का जिक्र है।

इस पन्ने में भी अंतु तिर्की को भुगतान देने का जिक्र है। इडी ने जांच में पाया है कि गिरोह ने 1974 की डीड 2376 जो 1940 की डीड से जुड़ी है, उसके जरिए गाड़ी मौजा की 4.83 एकड़ जमीन पर कब्जा जमाया था। इडी ने पाया है कि शेखर कुशवाहा, विपिन सिंह, इरशाद अख्तर, अफसर अली, सद्दाम सरकारी रिकार्ड में छेड़छाड़ कर जमीन पर कब्जा जमाते थे।

### खबर एक नजर में

#### हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा झारखंड को कैसे ड्रग से मुक्त बनाएंगे

**रांची।** खूंटी जिले में बड़े पैमाने पर अफीम की हो रही खेती को लेकर कोर्ट के स्वत: संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने मौखिक कहा कि खूंटी ट्राइबल जिला है, यह अफीम का बड़ा उत्पादक क्षेत्र बताया जा रहा है। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं है। कोर्ट ने मामले में राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, डीजी सीआईडी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को प्रतिवादी बनाया है। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्रीय एजेंसी एवं राज्य की इंटेलिजेंस एजेंसी को संयुक्त रूप से अभियान चला कर झारखंड में ड्रग्स की खरीद फरोख्त पर रोकथाम के लिए जुटने को कहा है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि झारखंड को कैसे ड्रग्स से मुक्त किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी। दरअसल, खूंटी में हजारों एकड़ भूमि में अफीम की खेती को देखते हुए हाईकोर्ट ने मामले में स्वत: संज्ञान लिया था। एसपी खूंटी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि खूंटी पुलिस ने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है। पिछले वर्ष में लगभग 2200 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है।

#### बाबूलाल मरांडी को एक और मामले में राहत पीड़क कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**रांची।** तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। साथ ही राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व सिमडेगा मामले में भी उन्हें हाई कोर्ट से राहत मिली थी। दरअसल, आरोप है कि एक निजी यूट्यूबय चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया गया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकताओं ने राज्य के जिलों के 6 थाना रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले को रामगढ़ थाना में कांड संख्या 196/ 2023, 22 अगस्त 2023 में दर्ज किया गया था, प्रार्थी की ओर से रामगढ़ थाना में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया गया है।

#### अनुशासनात्मक कार्यवाही में सेवा बर्खास्तगी की सजा से पहले कदाचार की गंभीरता पर विचार होना चाहिए : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने हाल ही में दिये अपने एक आदेश में कहा है कि अनुशासनात्मक कार्यवाही में सजा देने से पहले, प्रासंगिक परिस्थितियों के साथ-साथ कदाचार की गंभीरता ध्यान में रखी जानी चाहिए। दरअसल याचिकाकर्ता समलेंद्र कुमार, जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में हवलदार के पद पर नियुक्त हुए थे, उन्होंने अपनी मां की बीमारी के कारण सक्षम प्राधिकारी से छुट्टी स्वीकृत करवाकर छुट्टी ली थी। छुट्टी खत्म होने के बाद याचिकाकर्ता ने उस दिन रिपोर्ट नहीं की, जिस दिन उसे रिपोर्ट करनी थी। याचिकाकर्ता के मुताबिक उसने इस आधार पर छुट्टी की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन भेजा था कि उसकी मां का स्वास्थ्य और भी खराब हो गया है और वह पीलिया से भी पीड़ित है, लेकिन उनके अनुरोध पर कोई विचार नहीं किया गया। दूसरी ओर, प्रतिवादी का पक्ष यह था कि याचिकाकर्ता के आवासीय पते पर कई पत्र भेजे गये, लेकिन याचिकाकर्ता उपस्थित नहीं हुए। गिरफ्तारी का वारंट भी जारी किया गया। इसके बाद एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए सेवा बर्खास्तगी की गयी। इस मामले की सुनवाई कर रहे हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक के कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता छुट्टी की अवधि से अधिक समय तक मजबूरी की परिस्थितियों में रुका। हालांकि कर्मचारी का कर्तव्य है कि छुट्टी की अवधि समाप्त होने के बाद तुरंत ड्यूटी में शामिल हो। लेकिन दंड देने से पहले कदाचार के प्रमुख कारण और अन्य सभी प्रासंगिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि जांच अधिकारी ने याचिकाकर्ता की अनधिकृत अनुपस्थिति का आरोप साबित कर दिया है, साथ ही जांच अधिकारी ने खुद अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि याचिकाकर्ता ने छुट्टी की अवधि बढ़ाने के लिए विधिवत अनुरोध किया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस बात का भी उल्लेख किया गया था कि छुट्टी की अवधि के विस्तार को सक्षम प्राधिकारी ने खारिज कर दिया था और याचिकाकर्ता को ड्यूटी पर रिपोर्ट करने के लिए सूचित किया गया था। याचिकाकर्ता ने छुट्टी से अधिक समय तक रुकना जानबूझकर नहीं किया बल्कि यह उसके नियंत्रण से बाहर था।

### जनता बनायेगी तीसरी बार मोदी सरकार : अन्नपूर्णा



**रांची।** केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जनता विकसित, समृद्ध, सशक्त और स्वावलंबी भारत का निर्माण चाहती है। जनता समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व देश सुरक्षित है। 20 सम्मलेन के दौरान भी पूरे देश ने देखा कि भारत जो एजेंडा सेट कर रहा है, उसे 40 से ज्यादा ताकतवर देशों के प्रतिनिधि एक स्वर में अनुमोदित कर रहे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व लोगों के भरोसे और विश्वास का एकमात्र केंद्र है। भाजपा और एनडीए ने आम चुनाव में 400 पार का जो लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य भी देश की जनता ने दिया है। देश गरीब, मजदूर, किसान, महिला और नौजवान वर्ग ने दिया है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृ, भाजपा की नीतियों ने जहां देश की जनता का भरोसा जीता। वहीं भाजपा विरोधी दलों ने देश को बुरी तरह निराश किया है। परिवारवाद, तुष्टिकरण, लूट खसोट और देश की बहुसंख्यक आबादी के प्रति पूर्वाग्रह के कारण भाजपा विरोधियों ने देश की जनता का विश्वास खो दिया है।

## 21 अप्रैल की उलगुलान रैली में पांच राज्यों से पहुंचेंगे लोग

# उलगुलान न्याय महारैली की तैयारी पूरी शादी के बसों को छोड़कर सारी बसें बुक

### सभी लोग अपने-अपने संसाधन से पहुंचेंगे रैली में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश में प्रथम चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद मिली जानकारी के मुताबिक, 102 सीटों में 25-30 सीटें एनडीए गठबंधन को मिलती दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने निश्चित हार को देखते हुए विचलित हो गए हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है क्या बोले, किस मुद्दे पर बोले। पहले उनके सांसद कहते हैं कि अगली बार सरकार बनी तो संविधान बदला जाएगा। इसके बाद पीएम सफाई देते फिर रहे हैं। हद तो तब हो गयी जब पीएम कह रहे हैं कि संविधान निर्माण में 80-90 प्रतिशत सनातनी लोग थे। अब संविधान निर्माण में सनातनी शब्द की इंट्री कैसे हो गई। जबकि हमारा संविधान कहता है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। हर चीज में हिंदु-मुस्लिम, सनातन करना क्या अच्छी बात है। सनातन क्या आज का उत्पन्न शब्द है, यह तो सनातन युग से चला रहा है। झामुमो महासचिव सुप्रियो




भप्ताचार्य ने पार्टी ऑफिस में इंडिया गठबंधन दलों के आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में कही।

**रैली में झारखंड सहित बिहार, बंगाल, ओड़िशा और यूपी से भी लोग पहुंचेंगे :** भप्ताचार्य ने कहा कि उलगुलान महारैली की तैयारी पूरी कर ली गई है रैली में आदिवासी-मूलवासी, झारखंड अस्मिता से जुड़े लोग, एचईसी के कर्मचारी, मजदूर, किसान, ठेला वाला, खोमचा वाला, हाट-बाजार से रोजी-रोटी कमाने वाले सहित समाज के हर वर्ग, जाति एवं धर्म के लोग पहुंचेंगे। 21अप्रैल को बहुत जोरदार लग्न है। जो बसें शादी में बुक हो चुकी हैं, उसे छोड़कर झारखंड, बंगाल, ओड़िशा, बिहार, उत्तर प्रदेश से लोग इस रैली में भाग लेने पहुंच रहे हैं। इस रैली में सबसे अहम बात यह होगी कि सभी अपने-अपने संसाधन से पहुंच रहे हैं। यह प्रदेश 1855 के स्वतंत्रता संग्राम का साक्षी वाला है। जहां पर चुआड़ विद्रोह, कोल विद्रोह, तमाड़ विद्रोह जैसे उलगुलान हुए। 21 को भी से देश के तानाशाही शासन को हटाने के लिए उलगुलान होगा।

**राजेश ठाकुर और आलमगीर ने विधायकों और पदाधिकारियों से रैली को लेकर चर्चा की :** उलगुलान महारैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विधायक दल नेता आलमगीर आलम ने कांग्रेस के सभी विधायकों से विचार विमर्श किया। इन्होंने रैली को अभूतपूर्व सफलता दिलाने के लिए नेताओं और कार्यकताओं की समुचित भागीदारी रैली में सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विधायकों द्वारा रैली में भारी संख्या में कार्यकताओं के भाग लेने को लेकर आस्वस्त किया। रैली में शामिल होने की तैयारी के संबंध में पूरी जानकारी दी गई। ठाकुर ने जिला अध्यक्षों से बात कर रैली में शामिल होने के प्रति कई दिशा-निर्देश जारी किये। उनसे उनकी तैयारी के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की।

ठाकुर ने विश्वास जताया कि कांग्रेस के लाखों की संख्या में कार्यकर्ता रैली में भाग लेकर रैली की सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि रैली की तैयारी का जायजा लेने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं डॉ सैयद नासिर हुसैन शनिवार को रांची आएंगे।

### इस उलगुलान की गूंज दिल्ली तक जाएगी : राकेश

प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि इस रैली के माध्यम से देश में बैठी तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का उलगुलान होगा। इसकी गूंज पूरे देश में जाएगी. इस रैली के माध्यम से केंद्र की नीतियों से दुखी गृहिणी, बेरोजगार, किसान, मजदूर हर तबके के लोग शामिल होंगे। राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि इस रैली की पूर्व संध्या पर दही-चुड़ा खिलाया जाएगा ताकि मुंह की मिठास बनी रही। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भी इसमें आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस रैली में राजद के कार्यकर्ता और आम जनता भारी संख्या में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि देश के दो सीएम एक हेमंत सोरेन और केजरीवाल को अनैतिक तरीके से उन्हें साजिशन जेल में डाल दिया गया। इसके प्रति गुस्सा रांची से लेकर दिल्ली तक है। लोग आक्रोशित हैं, स्वत: स्फूर्त रैली में लोग आएंगे।

# आजसू और बीजेपी के गुंडों से नहीं डरती, इन्हें राम के नाम पर राजनीति करने का कोई हक नहीं : अंबा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। 17 अप्रैल की रात रामनवमी कार्यक्रम के दौरान बरकाकाना में हुई बदसलूकी को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने मीडिया से बात करते हुए घटना की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कैसे संबोधन के दौरान उनके हाथ से माइक छीन लिया गया और भाजपा और आजसू के लोग उनसे मारपीट को उतारू हो गए। विधायक अंबा ने बताया कि वह अपने ऊपर हुए हमले की जानकारी इसलिए दे रही हैं ताकि देश, प्रदेश और प्रदेश की जनता मीडिया के माध्यम से जान सके कि जय श्रीराम का नारा लगाने वाले ये आजसू और बीजेपी के लोग गुंडे हैं, जिन्होंने मयार्दा पुरूषोत्तम के आदर्शों को ताक पर



रख दिया है। अंबा प्रसाद ने बताया कि रामनवमी के मौके पर वह अपने क्षेत्र में अलग-अलग कार्यक्रमों में जाकर लोगों से मिल रही थी और उन्हें रामनवमी की शुभकामनाएं दे रही थी। इसी क्रम में वह एक कार्यक्रम में शामिल होने बरकाकाना भी पहुंचीं। उन्हें वहां रामनवमी आयोजन समिति ने आमंत्रित किया था, लेकिन जैसे ही वह बरकाकाना पहुंचीं, उन्हें एहसास हुआ कि वह जहां आई हैं, वह कोई धार्मिक कार्यक्रम कम और राजनीतिक कार्यक्रम ज्यादा है। अंबा प्रसाद ने बताया कि मैं वहां पहुंच चुकी थीं, इसलिए मैंने आयोजन समिति के सदस्यों से कहा कि मुझे और भी कई जगहों पर जाना है, इसलिए मैं लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दे देती हूं। लेकिन जानबूझ कर मुझे वहां घंटों बैठाया गया। जब मुझे माइक दिया गया तो मुझसे माइक छीन लिया गया। जिस व्यक्ति ने मुझे लोगों को शुभकामनाएं देने के लिए माइक दिया था, उसे भी आजसू और भाजपा के गुंडों ने पीटा। इतना ही नहीं उन्होंने मेरे साथ भी बदसलूकी की और मेरे बॉडीगार्ड्स के साथ मारपीट भी की।

**बीजेपी को राम के नाम पर राजनीति करने का कोई हक नहीं :** अंबा प्रसाद ने कहा कि इन आजसू और बीजेपी वालों को राम के नाम पर राजनीति करने का कोई हक नहीं है। जब ये भाजपा-आजसू वाले अपने आदर्श की मयार्दा और चरित्र को आत्मसात नही कर सकते हैं तो सिर्फ जय श्री राम के नारे लगाने से क्या होगा? अंबा प्रसाद ने कहा कि जो लोग भगवान राम के अच्छे गुणों को नहीं अपना सके वो गुंडागर्दी ही कर सकते है। अंबा प्रसाद ने कहा कि महिलाओं के प्रति भाजपा का सम्मान दिखावा है। पीएम और बीजेपी के लोग सिर्फ राम के नाम पर राजनीति करते हैं। अंबा ने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या भगवान राम किसी पार्टी के हैं?

# झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सिंहभूम के आम अवाम की भावनाओं का राजनीतिक दोहन किया है : सुदेश

### इंडिया गठबंधन के पास न कोई सर्वमान्य नेता और न सर्वमान्य नीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** साढ़े चार साल से सत्ता का सुख भोग रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनावों में जनता के सामने विकास का कोई एक उदाहरण पेश करने की स्थिति में नहीं हैं। न ही इनके पास राज्य के प्रमुख विषयों पर कई सोच अथवा स्पष्ट विचार है। लोगों की भावनाओं को कुरेद कर राजनीति करना ही जेएमएम की मंशा रही है। लोकसभा चुनावों में करारी हार के लिए जेएमएम और कांग्रेस दोनों को तैयार रहना चाहिए। यह बातें आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने चाईबासा स्थित गांधी मैदान में आयोजित सिंहभूम लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। इस सम्मेलन में



लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सिंहभूम क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकताओं और कई समाजसेवियों ने आजसू का दामन थामा। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार ने चार सालों में राज्य की खान संपदा को लूटने और लूटने वालों को संरक्षण देने का काम किया है। नियोजन, विस्थापन और स्थानीय नीति का वादा कर सत्ता में आए लोग एक भी नीति नहीं बना पाए। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की राजनीति का इतिहास पलट कर देख लीजिये, इसमें कहीं झारखंडियों का भला करने की मंशा नहीं दिखेगी। झामुमो में विरासत की राजनीति हावी है। अब एनडीए की एकजुटता के सामने अवसरवादी गठबंधन का टिक पाना मुश्किल होगा। आजसू के इस सम्मेलन में सिंहभूम से एनडीए की उम्मीदवार गीता कोड़ा भी उपस्थित रही। सुदेश महतो ने कार्यकताओं को उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए साथ ही उन्होंने गीता कोड़ा के ऐतिहासिक जीत के लिए लोगों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सिंहभूम जनता इस बार राज्य सरकार के कुशासन के खिलाफ मतदान करेगी। राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री ने पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच नहीं करा कर लाखों युवाओं से किया अपना पहला वादा भी पूरा नहीं किया। इसका जवाब कोल्हान की जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर देगी।

**चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता**

**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी**

**आवश्यक सूचना**

महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा झारखंड राँची का ज्ञापांक-753/OTD,दिनांक-04.04.2024 के आलोक में खूँटी जिला अंतर्गत प्रभावित बल के सभी शहरी / ग्रामीण महिला एवं पुरुष गृह रक्षों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव ड्यूटी (दिनांक-06.05.2024 से 04.06.2024 तक) में लगाया जाना है एंव सभी गृह रक्षको को फार्म-12 हस्ताक्षर कर भोटर आई डी कार्ड के साथ जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी में जमा करना है।

खूँटी जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो राँची, बोकारो एंव खूँटी के विभिन्न कार्यालय / संस्थाओं / आवासीय कार्यालय / निदेशालय / सचिवालय / मंत्रालय में प्रतिनियुक्त हैं। सभी को सूचित किया जाता है कि जल्द से जल्द जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी में( पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थित) मे आकर अपना आगमन करना सुनिश्चित करे फार्म-12 हस्ताक्षर कर तथा भोटर आई डी कार्ड की छाया प्रति संलग्न कर समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि दिनांक-04.05.2024 तक जिला समादेष्टा कार्यालय खूँटी ( तूतटोली, खूँटी ) में एंव चुनाव कार्य हेतु 02 सेट वर्दी, बेडिंग एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ तैयारी हालत में उपस्थित होंगें।

इस आशय की सूचना पूर्व में ही दूरभाष विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप, कार्यालय सूचना एवं दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम सेबार-बार सूचित किया जा रहा है इसके बावजूद भी आपके द्वारा आदेश को अनदेखी किया जा रहा है । निर्धारित तिथि तक उपरोक्त आदेश का अनुपालन नही करने वाले गृह रक्षको के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपाधीक्षक(मु0),
-सह- जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
खूँटी

PR 323927 District(24-25)D

# गर्मी ने जीना मुहाल किया, कई जिलों में हीट वेव, येलो अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शुरूआत में ही गर्मी जीना मुहाल कर दिया। अप्रैल का महीना अभी खत्म भी नहीं है और गर्मी अपना रंग दिखाने लगी है। मौसम के मामले में मुफिद कहे जाने वाले झारखंड के कई जिलों में लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया है। संथाल, कोल्हान और पलामू प्रमंडल में जिंदगी थम सी गई है। शुक्रवार को गोड्डा, पाकुड़, सरायकेला और पूर्वी सिंहभूम में पारा 43 डिग्री पहुंच चुका है। देवघर, दुमका, साहिबगंज, जामताड़ा, धनबाद, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, पलामू और चतरा में पारा 42 डिग्री क्रॉस कर चुका है। सिमडेगा, बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा में पारा 41 डिग्री की सीमा लांघ चुका है। रांची, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, गुमला, रामगढ़ और हजारीबाग में पारा 38 से 40 के बीच है। इसके बावजूद दिन चढ़ते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम केंद्र ने 19 अप्रैल के अधिकतम तापमान और हिव वेव की वजह से दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

20 और 21 अप्रैल को येलो अलर्ट का दायरा देवघर, जामताड़ा, धनबाद और बोकारो तक पहुंच जाएगा। 22 अप्रैल को संथाल के दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ के अलावा कोल्हान में सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में येलो अलर्ट जारी रहेगा। मौसम केंद्र ने 11 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचने की सलाह दी है। पर्याप्त मात्रा में समय-समय पर पानी पीते रहने, सूती कपड़े पहनने, चश्मा, टोपी और छतरी के इस्तेमाल की भी सलाह दी है। बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ख्याल रखने, पार्क किए गये गाड़ियों में बच्चों या पालतू जानवरों को नहीं छोड़ने का भी सुझाव दिया गया है। मौसम केंद्र ने अनुमान जताया है कि आने वाले दिनों में पाकुड़, देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, साहिबगंज पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में अधिकतम पारा 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। ऐसे समय विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। झुलसाने वाली तपिश के बीच 23 अप्रैल को राज्य को दक्षिणी और मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात की भी संभावना जतायी गयी है।



स्पीड न्यूज

## मानगो : दिनदहाड़े घर से लैपटॉप ले भागे चोर



जमशेदपुर। मानगो के उलीडीह थाना क्षेत्र के डिमना बस्ती के मंगल कॉलोनी में रहने वाले राम कृष्णा शर्मा के घर से दिनदहाड़े चोर ने लैपटॉप उड़ा दिए । लैपटॉप चोरी होने की जानकारी मिलने पर राम कृष्णा शर्मा ने मामले की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दिया सूचना मिलते ही राम कृष्णा शर्मा के आवास पहुंच भाजपा नेता विकास सिंह ने मामले की जानकारी लेते हुए स्थानीय थाना को दिनदहाड़े लैपटॉप चोरी की घटना की जानाकारी दिया । डिमना बस्ती पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह को राम कृष्णा शर्मा ने बताया कि लगभग प्रातः 10:30 बजे वें स्नान कर पूजा करने के क्रम में मकान का मुख्य दरवाजा खोलकर सूरज भगवान को अगरबत्ती दिखलाया। उसके बाद मुख्य दरवाजा खुला छोड़कर पूजा वाले कमरे में जाकर पूजा करने लगें । उनकी धर्मपत्नी बिंदु शर्मा जो विद्यालय में शिक्षिका है वह घर पर नहीं थी । जिस कमरे में लैपटॉप रखा हुआ था उस कमरे में राम कृष्णा शर्मा का बेटा शुभम शर्मा सोया हुआ था। रात्रि के समय विसर्जन जुलूस के कारण पावर की सप्लाई नहीं रहने के कारण बेटा सुबह देर तक सोया रहा जब बेटा सो कर उठा तो देखा कि सामने रखा हुआ लैपटॉप नहीं है। बेटे ने विद्यालय गई अपनी मां बिंदु शर्मा को फोन कर लैपटॉप विद्यालय ले जाने के बारे में जानकारी हासिल किया। बिंदु शर्मा ने बताया कि वह लैपटॉप लेकर विद्यालय नहीं गई है। लैपटॉप चोरी हुआ देख राम कृष्ण शर्मा अगल-बगल पड़ोस में जाकर मामले की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया तो पड़ोस वाले ने बताया कि लगभग प्रातः 11:00 बजे एक महिला और एक लडका राम कृष्णा शर्मा के घर से कुछ सामान लेकर निकल रहे थे। उन लोगों को लगा कि कोई मांग कर खाने वाला अथवा समान बेचने वाला है। संभवत वही लड़का लैपटॉप चोरी करके भाग गया है। मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने उलीडीह थाना के थानेदार को दूरभाष के मामले की जानकारी देते हुए अगल-बगल लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोरी का लैपटॉप बरामद करने की बात कही। विकास ने कहा थाना एवं टाइगर मोबाइल की गस्ती नहीं होने के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है जिसका दुष्परिणाम यह है की दिनदहाड़े घर में घर के मालिक रहने के बावजूद भी सामान की चोरी हो जा रही पुलिस गश्ती कम करती है और अवैध कारोबार करने वाले के साथ मिलजुल कर केवल मस्ती करने का काम करती है।

## स्व. सीता देवी व भाउका जी की स्मृति में नेत्र शिविर आज से



जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 720वां नेत्र शिविर स्व. सीता देवी जगदीश प्रसाद जी भाउका की पुण्य स्मृति में 20 अप्रैल शनिवार से 22 अप्रैल 2024 तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में मे. हरदत्त राय जगदीश प्रसाद के संयोजन में आयोजित किया जायेगा। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच कर ऑपरेशन योग्य रोगियों को शिविर में सभी स्वास्थ्य जांच में उपयुक्त पाये जाने के पश्चात रखा जायेगा, जिनका ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण रविवार को नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया जायेगा। सोमवार को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच के पश्चात उन्हें आवश्यक दवा, चश्मा व आंखों की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर विदा किया जायेगा।

# सेक्टर पदाधिकारियों को ईवीएम कमिशनिंग का दिया गया गहन प्रशिक्षण

## सभी सेक्टर ऑफिसर अपने रिटर्निंग ऑफिसर के संपर्क में रहे : डीसी

**प्रशिक्षण में एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार एवं अन्य मास्टर ट्रेनर ने मतदान के पूर्व ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व वीवीपीएट की कमीशनिंग कैसे की जाती है, इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी**

खबर मन्त्र ब्यूरो



सेक्टर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन के लिए सेक्टर पदाधिकारियों को ईवीएम कमीशनिंग संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए । रविन्द्र भवन सभागार, साक्ची में आयोजित प्रशिक्षण में एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार एवं अन्य मास्टर ट्रेनर ने मतदान के पूर्व ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व वीवीपीएट की कमीशनिंग कैसे की जाती है, इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट, डिस्पले यूनिट(वीवीपैट) की सिलिंग प्रक्रिया भी बताई। सभी अधिकारी-कर्मचारी ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम कमीशनिंग के एक-एक बिंदु पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद अधिकारी-कर्मचारियों ने हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से अभ्यास भी किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की भी जिम्मेदारी सेक्टर ऑफिसर की होती है। सेक्टर ऑफिसर चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें। ताकि चुनाव के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। सभी सेक्टर ऑफिसर अपने क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर से भी निरंतर संपर्क में रहें। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर ईवीएम मशीन को खोलने एवं सीलिंग से लेकर मतगणना प्रक्रिया तक में दक्ष हो जाएं। उप विकास आयुक्त ने प्रशिक्षण की प्रक्रिया पर बल देते हुए कहा कि जितनी गहनता से सेक्टर ऑफिसर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, ग्राउंड में उतनी सुगमता से अपने दायित्वों का निर्वह्न कर सकेंगे। उन्होने कहा कि ईवीएम कमीशनिंग संबंधी कोई भी शंका हो तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें, चुनाव कार्य के संपादन में तनिक शंका होने की भी कोई गुंजाइश नहीं रहती है, चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप सभी कार्य करना है।

## मतदान कराने वाले ही मतदान करने से वंचित नहीं रह जायें

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सेक्टर ऑफिसर को मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा न हो मतदान कराने वाले ही मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जायें । पोस्टल बैलेट से चुनाव में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी को मतदान करना है, 26 अप्रैल तक फॉर्म-6 भरने का समय शेष है, जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है वे फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करायें और अपने परिजनों, सगे-संबंधियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरन सभी ने मतदाता शपथ लेते हुए मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनन्त कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता, सहायक निदेशक पंचायती राज डॉ रजनीकांत मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो समेत सभी बीडीओ, सीओ व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**चेले सरयू राय को छोड़ने को तैयार नहीं, जमशेदपुरिया चेले कह रहे धनबाद मत जाइये सर, विस चुनाव ही लड़िये**

# झारखंड की राजनीति में पहेली साबित हो रहे सरयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मंत्री और वर्तमान में जमशेदपुर पूर्व से विधायक सरयू राय अपने समर्थकों के लिए अब एक पहेली से कम नहीं है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा द्वारा ढुल्लू यादव को उम्मीदवार बनाये जाने के बाद वहां ताल ठोक कर चले आए कि बिल्ली के गले में घंटी वो ही बांधेंगे यानी धनबाद से ढुल्लू यादव के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। सरयू राय की इस घोषणा के बाद से ही धनबाद सीट देश के हॉट सीट में सुमार हो गया। उनकी घोषणा के बाद जमशेदपुर के चेले इस चिंता में पतले हो रहे हैं कि सर चुनाव लड़ने धनबाद चले गए तो जमशेदपुर पूर्वी में उनका रखवार कौन होगा? चेलों को राहत तब मिली जब सरयू राय ने अपने आवास पर मिलने आईं कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जी भर कर आर्शीवाद दिया। यानी उनके सर यानी सरयू राय अब धनबाद से चुनाव नहीं लडेंगे किन्तु सरयू राय ने एक तुरुप यह भी छोड़ा कि धनबाद से चुनाव ल ड़ने के बारे में वहां के उनके शुभचिंतक और कार्यकर्ता फाइनल निर्णय लेंगे। ऐसे में भाजमो की जमशेदपुर महानगर कमेटी ने आज एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रस्ताव पारित किया कि राय जमशेदपुर पूर्व से ही विधानसभा चुनाव लड़े। भाजमो के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सीतारामडेरा स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सभी जिला पदाधिकारियों ने आपसी सहमति से प्रस्ताव पेश किया आगामी विधानसभा चुनाव में विधायक सरयू राय जमशेदपुर के पूर्वी विधानसभा से चुनावी मैदान में उतरें। सभी ने एक स्वर में कहा कि जमशेदपुर के लाखों-लाख कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए राय को आगामी विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर के चुनाव रण में ताल ठोकना चाहिए। इसके लिए जिला कमिटी विधायक राय से मिलकर उनसे इस संबंध में आग्रह करेगी। बैठक में सुबोध ने कहा की विपरीत परिस्थितयों में 2019 के विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर की जनता ने सरयू राय का समर्थन करके शहर में व्याप्त आतंक के साम्राज्य का नाश किया था। जमशेदपुर की जनता पुनः राय को विधायक निर्वाचित करवाकर बेहतर जमशेदपुर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहती है।

## भाजमो की महानगर कमेटी ने पारित किया प्रस्ताव





### धनबाद के चुनाव में दुर्गति से बचने के लिए बहाना ढूंढ रहे राय जी : सुधांशु ओझा



जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि सरयू राय धनबाद से लड़े या जमशेदपुर से, भाजपा पर कोई फर्क नहीं पड़ता। धनबाद में उन्होंने खब ताल ठोकी किन्तु अब वहां के लोकसभा सीट पर दुर्गति की आशंका को देखते हुए राय जी अब बहाना कर रहे हैं। सुधांशु ओझा का कहना है कि 2005 के विधानसभा चुनाव के समय से ही माननीय राय जी की राजनीतिक आत्मा धनबाद में भटक रही है। वे धनबाद को अपना राजनीतिक कर्मभूमि बनाना चाहते थे किन्तु मजबूरी में उन्हें जमशेदपुर को कर्मभूमि बनाना पड़ा। इस बार लोकसभा चुनाव में एक बार फिर वह राजनीतिक गहराई नापने गए थे किन्तु डुबने का खतरा देख बहाना बना कर मैदान छोड़ने को मजबूर हैं। पार्टी कार्यकर्ता उनके मार्गदर्शन में जमशेदपुर में ही बने रहने की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर में

### महारैली में जुगसलाई विधानसभा से शामिल होंगे 5000 से अधिक कार्यकर्ता



जमशेदपुर। 21 अप्रैल को झारखंड की राजधानी रांची में होने वाली इंडिया गठबंधन की उलगुलान महारैली की तैयारी पुरे झारखंड में जोरों पर है। इसी कड़ी में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जुगसलाई से विधायक मंगल कालिंदी ने रैली की तैयारी और उसे सफल बनाने को लेकर अपने आवास में जमशेदपुर प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की और कुछ दिशा निर्देश दिए। बैठक में विधायक ने कहा कि बीजेपी सरकार ने एक आदिवासी मुख्यमंत्री और जन नेता को साजिश करके जेल भेज दिया है। इसी के खिलाफ यह उलगुलान है, इस महारैली के बाद झारखंड की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। विधायक ने और कहा कि महारैली में जुगसलाई विधानसभा से 5000 से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर मनोहर हुसैन, मिथुन चक्रवर्ती, पलटन मुर्मू, नागि मुर्मू, जितेंदर सिंह, नीलम बाड़ा, गोविंदो महतो, विजय महतो, लखन मुर्मू, राम टुडू, रूस धिवर, मलिन मुर्मू, प्रकाश, चिटू आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विजयादशमी पर्व पर गायत्री परिवार की प्याऊ और व्यसन मुक्ति प्रदर्शनी



जमशेदपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार का युवा प्रकोष्ठ नवयुग दल एवं प्रज्ञा महिला मंडल के द्वारा रामनवमी विसर्जन जुलूस के अवसर पर काशीडीह देवदूत पैलेस के सामने प्याऊ एवं सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें शरबत चना मूंगफली बताशा आदि का वितरण किया गया। सर्वप्रथम इस शिविर का शुभारंभ जमशेदपुर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक एवं जगदंबा फार्मा के प्रोपराइटर संजय के कर कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ श्रद्धालुओं की सेवा के साथ-साथ उन्हें सतप्रेरणा देने के लिए युग साहित्य पुस्तक प्रदर्शनी एवं नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यकर्ताओं ने लोगों से संपर्क कर विजयादशमी के शुभ अवसर पर नशा रूपी बुराई को सदा के लिए त्यागने की प्रेरणा दी। शिविर प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक अनवरत श्रद्धालुओं की सेवा करता रहा, इस अवसर पर प्रान्तीय युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार झारखण्ड के समन्वक संतोष कुमार राय ने उपस्थित होकर सभी को विजयादशमी की शुभकामनाएं प्रदान की। इस शिविर को सफल बनाने में नवयुगदल के साथ साथ प्रज्ञा महिला मंडल के युवाओं ने अपना योगदान दिया।

### ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विवि का बागबेड़ा में चल रहा श्रीमद भागवत कथा संपन्न



जमशेदपुर। प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, जुगसलाई बागबेड़ा शाखा के तत्वावधान बागबेडा कॉलोनी रोड नंबर एक स्थित डॉक्टर अनुग्रह नारायण सिंह सेवा संस्थान परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आध्यात्मिक रहस्य कार्यक्रम एवं आरती आज संपन्न हुआ। गत गुरुवार को बागबेडा कॉलोनी के पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता शामिल हुए। इसके अलावे श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल बागबेड़ा की प्रधानाध्यापिका कृष्णा पांडे, प्ले स्कूल की प्राचार्य कंचन झा एवं समाजसेवी भोला झा भी शामिल हुए। इस दौरान प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहने ने आरती में शामिल होने आए पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता सहित अन्य अतिथियों को पूरे सम्मान पूर्वक कार्यक्रम स्थल पर लाए। तत्पश्चात बहनों के द्वारा चंदन टीका करके अंग वस्त्र एवं भगवान का चित्र देकर सम्मानित भी किया गया। तत्पश्चात पूरे मंत्र उच्चारण एवं विधि विधान के साथ गीत प्रस्तुति कर अतिथियों से आरती भी करवाया गया।

### ज्ञान ज्योति विद्यालय गम्हरिया का रहा शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम

गम्हरिया। झारखंड एकेडमिक कॉउंसिल द्वारा जारी वर्ष 2024 के दसवीं परीक्षा परिणाम में ज्ञान ज्योति विद्यालय गम्हरिया का शत प्रतिशत परिणाम रहा। इस वर्ष इस विद्यालय से कुल 40 छात्र दसवीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें 35 छात्र-छात्राए 75% से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में, 2 छात्र 55% से अधिक अंक लाकर द्वितीय श्रेणी में जबकि तीन छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें लक्ष्मी माना 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही जबकि तनु कुमारी 87 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय टॉपर तथा दीक्षा प्रधान 86 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की तृतीय टॉपर रही। विद्यालय परिवार द्वारा सभी सफल छात्रझछात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। विद्यालय के निदेशक श्रीराम यादव ने भी सभी छात्र-छात्राओं के सुनहले भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षको के प्रति भी आभार प्रकट किया है।

### दसवीं की परीक्षा में गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के सभी बच्चे सफल रहे

गम्हरिया। जैक बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के सभी बच्चे सफल रहे। इस स्कूल से कुल 71 परीक्षार्थी इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें 61परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि 10 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के निदेशक सुब्रतो रॉय, वाइस चेयरमैन रिंकू रॉय, सचिव शिप्रा पाल, प्रशासक रीमा बनर्जी तथा प्राचार्या किरण चोली ने बच्चों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

### सरायकेला खरसावां : आदर्श विकास विद्यालय के पांच छात्र टॉप टेन में

गम्हरिया। आदर्श विकास विद्यालय, गम्हरिया के पांच छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष झारखंड एकेडमिक कॉउंसिल की दसवीं की परीक्षा में जिले के टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इससे विद्यालय में हर्ष व्याप्त है। वर्ष 2024 के दसवीं की परीक्षा में इस विद्यालय से कुल 131 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें 122 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 07 द्वितीय श्रेणी में और शेष दो तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसमे 95.80% अंक प्राप्त कर प्रिंस कुमार विद्यालय के साथ-साथ जिला टॉपर भी रहा जबकि श्रीकांत मुंडा 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का द्वितीय व जिले का चतुर्थ टॉपर बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। इसी प्रकार, 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुखदेव दास और रोहित महतो संयुक्त रूप से विद्यालय का तृतीय और जिले का आठवां टॉपर बनने का श्रेय लिया। साथ ही, नीतिष्मीता बेहरा ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का चतुर्थ टॉपर और जिले की दसवीं टॉपर रही। विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## जय महाकाल सेवा संघ ने शांतिपूर्ण विसर्जन कराने के लिए प्रशासन का किया अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** समय था शाम का, सूरज अब आराम करने जा ही रही थी, पूरा शहर भगवा झंडा से पटा हुआ था, जब पूरे जमशेदपुर शहर की जनता सड़क पर थी, ढोल नगाड़ों का थाप और राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान की भव्य झांकी, अखाड़ों के अनोखे प्रदर्शन और लोगों का हुजूम ताल से ताल मिला रहें थे, चारो तरफ जय श्री राम के नारे गूंज रहे थे, उसी बीच प्रशासन का पूरा अमला चौक चौराहे पर मुस्तादी नजर गड़ाए हुए थे। कंधो पर अलग-अलग ज़िमेदारी लिए जिला प्रशासन खड़ी थी। इसी बीच जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य सरंक्षक और व्यावसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक नीरज सिंह ने मंच से शहर के पूरे प्रशासन और प्रबंधन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पूरे शहर में धार्मिक आयोजन के पीछे की मेहनत एक दूसरे का साथ और सहयोग देखने लायक था जिसमे जिला प्रशासन पुरे शहर पर चौकस नजर बनाई हुई थी। नीरज सिंह ने सिटी एसपी मुकेश लुणायत, डीडीसी मनीष कुमार, विधि व्यवस्था डीएसपी मो तौकीर आलम समेत कई पुलिस और प्रशासन के अधिकारी को धन्यवाद दिया।

## सरायकेला : मास्टर ट्रैनर्स के साथ डीसी नें की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**सरायकेला/जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्वक ढंग से आयोजित करने के लिए सभी तीन विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रैनर्स के जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला नें बैठक किया। बैठक के दौरान उपायुक्त नें सभी प्रखंडो में आयोजित बीएलओ के साथ ट्रेनिंग का समीक्षा करते हुए विभिन्न मतदान केंद्र से सम्बन्धित समस्याओं को सुचिबद्ध करते हुए सम्बन्धित सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी को निष्पदित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त नें मास्टर ट्रैनर्स का दो सदसीय टीम गठित कर निर्धारित मतदान केन्द्रो का जायजा ले मतदान केन्द्रो पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता, मतदाता जागरूकता समूह की सक्रियता आदि का जायजा लेने तथा मतदाता जागरूकता समूह एवं बीएलओ के साथ समन्वय मतदान की तिथी, मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाए, बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए वाहन की उपलब्धता आदि की जानकारी साझा कर लोगो को मतदान के प्रति प्रेरित करने के निर्देश दिए। इसके पाश्चात्य उपायुक्त नें प्रखंड स्तर पर छोटे-छोटे समूह में बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा उनकी संकाओ समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट निराकरण करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त के साथ निवार्ची निबंधक पदाधिकारी खरसावां विधानसभा सह अपर उपायुक्त संजय कुमार दास, वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग रविन्द्र गगराई, निवार्ची निबंधक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# यूपीएससी और मैट्रिक के टॉपर को डीसी ने किया सम्मानित




यूपीएससी की परीक्षा में 17 वां रैंक हासिल करने वाली स्वाति शर्मा और 520 वां रैंक हासिल करने वाले ऋत्विक वर्मा को सम्मानित करते पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल, डीडीसी मनीष कुमार व अन्य पदाधिकारी।




मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्रा को सम्मानित करते पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल।

# मैट्रिक परीक्षा : पूर्वी सिंहभूम के 12,716 छात्र-छात्राएं फर्स्ट डिवीजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मैट्रिक की परीक्षा में पूर्वी सिंहभूम जिले ने पूरे राज्य में टॉप किया है। प्रदर्शन के मामले में पूर्वी सिंहभूम जिला पूरे राज्य में पहले स्थान पर है। पूर्वी सिंहभूम जिले से 12 हजार 716 स्टुडेंट प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। 6 हजार 950 छात्र सेकंड डिवीजन पास हुए हैं जबकि 518 विद्यार्थी थर्ड डिवीजन पास हुए हैं। पूर्वी सिंह जिले में 21455 विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी। जिला शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिले का औसत रिजल्ट 94.07 प्रतिशत है। पूर्वी सिंहभूम जिले का रिजल्ट बढ़िया आने के बाद विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। पिछले साल मैट्रिक की परीक्षा में पूर्वी सिंहभूम जिले का अच्छा प्रदर्शन रहा था लेकिन इस साल का प्रदर्शन पिछले साल के प्रदर्शन की तुलना में काफी अच्छा रहा है। जैक बोर्ड में की मैट्रिक की परीक्षा में राज्य भर में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हजारीबाग जिले की छात्राओं के नाम रहा।

### जिला टॉपर प्रवीण मुर्मू बनना चाहता है पायलट

जमशेदपुर। झारखंड बोर्ड ने मैट्रिक की परीक्षा में आदिवासी समाज से आने वाले जमशेदपुर के प्रवीण कुमार मुर्मू ने जिले में सबसे अधिक अंक लाकर पूर्वी सिंहभूम का ड्रिस्टिक्ट टॉपर बना है। प्रवीण खेलने के साथ-साथ पढ़ने पर भी एक समान ध्यान देता है। प्रवीण को फुटबॉल खेलना काफी पसंद है। वह रोजाना सुबह-शाम फुटबॉल की प्रेक्टिस भी किया करते हैं। इसके साथ ही पढ़ाई को भी उतना ही तवज्जो देते हैं जिसका नतीजा है कि वे 500 में कुल 484 अंक लेकर टॉपर बने हैं। वे पढ़-लिखकर पायलट बनना चाहते हैं। जमशेदपुर के बनाम घुटू गांव के रहने वाले प्रवीण पढ़ाई-लिखाई में बचपन से होसियार रहे हैं। उनके पिता मान सिंह मुर्मू किसान है वहीं माता गृहिणी है। बेटे के मैट्रिक के रिजल्ट से परिवार में हर्ष का माहौल है। पड़ोसी, रिश्तेदार व दोस्तों का लगातार बधाई संदेश प्राप्त हो रहा है। प्रवीण बताया कि वे आगे साइंस लेकर पढ़ाई करेंगे और पायलट बनने सपना है। हालांकि उन्होंने यह भी कहां कि पायलट बनने में काफी खर्च आता है। उनका परिवार आर्थिक तौर पर उनता सक्षम नहीं है। इसलिए सपने को पूरा करना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

**जुगसलाई के मो. मुबशिर आलम ने प्रथम स्थान लाया**

जुगसलाई पुरानी बस्ती के रहने वाले मो. इश्तीयाक का बेटा मो. मुबशिर आलम कक्षा 10, झारखंड बोर्ड में प्रथम स्थान लाया है। टोटल मार्क 354 है। जिसने अपने मम्मी और पापा का नाम रौशन किया है। मो. इश्तीयाक ने कहा कि आगे अपने बेटा को साइंस से तैयारी कराऊंगा।

### बिरसानगर का पवन गोप का सपना इंजीनियर बनना



जमशेदपुर। बिरसा नगर जोन नं. 3 के रहने वाले कृष्णा गोप का बेटा पवन कुमार गोप कक्षा 10, झारखंड बोर्ड में प्रथम स्थान लाया है। टोटल मार्क 341 है। जिसने अपने मम्मी और पापा का नाम रौशन किया है। पिता कृष्णा गोप ने कहा आगे अपने बेटा को साईस से तैयारी कराऊंगा। उसके पिता ने कहा कि गोर्वन्मेन्ट हाई स्कूल बिरसा नगर से पढ़ाई किया है। पवन कुमार गोप ने कहा खुद को अपनी पढ़ाई की तैयारी करने के लिए टी.वी. और गेम से दूर रहा। पवन कुमार गोप ने शुरू से ही इंजीनियर बनना चाहता है और इंजीनियर बनने की प्रेरणा नारायणा आई.आई.टी. एकेडमी से मिली। पवन कुमार गोप ने कहा इस सफलता में नारायणा आई.आई.टी. एकेडमी एवं स्कूल के शिक्षकों का अहम योगदान है।

## स्पीड न्यूज

### सतबरवा की छात्रा सना आफरीन मैट्रिक परीक्षा में जिले की सेकंड टॉपर बनी



सतबरवा पलामू। प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय सतबरवा की छात्रा सना आफरीन झारखंड जैक बोर्ड के द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में पलामू जिले में सेकंड टॉपर बनी है। इस मौके पर सना आफरीन को प्रस्तावित कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिहारी प्रसाद गुप्ता, दादा सेवानिवृत शिक्षक मोहिद्दीन खान, माता जरीना खातून और पिता मोहम्मद रजीउद्दीन ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की है। पिता छोटा-मोटा दुकानदारी करते हैं, वहीं माता आंगनबाड़ी सेविका है। कम संसाधन के बीच छात्रा सना आफरीन पढ़ाई में हमेशा शुरू से ही अव्वल रहा करती थी। छात्रा सना का रोल कोड 31035 है तथा रोल नंबर 213 है। छात्रा सना ने 479 अंक प्राप्त किए। सर्वाधिक अंक गणित में 99 तथा सोशल साइंस में 97 हिंदी में 96 अंग्रेजी में 93 तथा उर्दू में 94 अंक प्राप्त किया है। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की छात्रा सना शिक्षक बनकर समाज सेवा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को शिक्षा से ही दूर किया जा सकता है। शिक्षा एक ऐसा दान है जिसे देने से घटता नहीं है, बल्कि बढ़ता है। सना अपनी सफलता का श्रेय दादा तथा मां और पिताजी तथा विद्यालय के शिक्षकों को दी है।

### ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत,सुजीत बने टॉपर



विश्रामपुर (पलामू)। रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय ने बताया कि इस बार स्कूल से कुल 62 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक का परीक्षा दिया था। जिसमे से 56 ए + के साथ उत्तीर्ण हुए। वहीं छः छात्र ए श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सुजीत कुमार 91.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर बना। वहीं खुशी कुमारी 91.2 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और फरहान 90.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। पांडेय ने कहा कि सभी टॉपरों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

### नामांकन के दूसरे दिन कोई प्रत्याशी ने नहीं किया परचा दाखिल

मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के दूसरे दिन किसी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन परचा दाखिल नहीं किया गया है। इधर लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन तैयारी पूरी कर है। पलामू संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण के दौरान 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नामांकन फार्म बिक्री करने व भरने की तिथि प्रशासन द्वारा घोषित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर गाईड लाईन जारी किया गया है। जिसमें नामांकन फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल को है। 26 अप्रैल को स्क्रूटनी व 29 अपैल को नाम वापसी का तिथि निर्धारित किया गया है।

### भाकपा प्रत्याशी ने खरीदा नामांकन फार्म



मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन के दूसरे दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन परचा नहीं भरा। इधर भाकपा प्रत्याशी अभय कुमार भूइंया ने आज नामांकन फार्म खरीदा। मौके पर भाकपा प्रत्याशी के साथ रूचिर तिवारी समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### पाटन एमओ ने बंजारी के डीलर लीलेश्वर रजक से मांगा स्पष्टीकरण

पाटन पलामू। पाटन एमओ संजय कुमार ने प्रखंड के ग्राम बंजारी के डीलर लीलेश्वर रजक से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में डीलर के दुकान का निरीक्षण किया गया था जिसमें उनका दुकान बंद पाया गया था। इस कारण दुकान का भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया। साथ ही दुकान बंद होने की सूचना भी नहीं दी गई थी। यह सरकार व प्रशासन के आदेश का उलंघन है। एमओ ने डीलर से स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि दो दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी को स्पष्टीकरण समर्पित करें कि किन परिस्थितियों में बिना कोई पूर्व सूचना के आपके द्वारा राशन वितरण के समय दुकान बंद रखा गया है। कहा कि संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त होने पर डीलर पर कार्रवाई के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मंतव्य समर्पित कर दिया जायेगा।

### रामनवमी पर चप्पे चप्पे पुलिस बल किये गये थे तैनात



मेदिनीनगर। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा पूजा के दौरान किसी प्रकार की होनी अनहोनी घटना दुर्घटना से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में महिला व पुलिस बल की तैनाती शहर के विभिन्न चौक चौराहों व मुहल्लों में की गई थी। इन सभी पर नियंत्रण रखने के लिए सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद व शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार शहर में भ्रमण कर स्थिति पर नियंत्रण रख रहे थे। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए डीसी व एसपी के द्वारा पूर्व में फ्लैग मार्च निकालकर शहर समेत जिलेवासियों को शांति बनाये रखने का पैगाम दिया था। पुलिस द्वारा शहर के छह मुहान, धोबी मुहल्ला, माली मुहल्ला, मुस्लिम नगर, तेली पट्टी, लाल कोठा, कन्नी राम चौक, हमीदगंज, बैरिया, रेड़मा, बारालोटा, स्टेशन रोड, बेलवाटिका, आबादगंज समेत विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती की गई थी। इसके अलावे पेट्रोलिंग पार्टी व पैंथर द्वारा भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं पुलिस के द्वारा सादे लिबास में गुप्तचर भी छोड़े गये थे ताकि असमाजिक तत्वों से निपटा जा सके। इस संबंध में एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### एमके डीएवी में मनाई गयी महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती



मेदिनीनगर। एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में डीएवी संस्थान के संस्थापक एवं प्रथम अवैतनिक प्राचार्य महात्मा हंसराज जी का की 161वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी एन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में महात्मा हंसराज जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोचार के बीच दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आज की प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां महात्मा हंसराज पर आधारित थी। छात्र-वार्ता गतिविधि में बोलते हुए विद्यालय के नवम स के छात्र अक्षत ने बताया कि महात्मा जी का जन्म बछवारा, होशियारपुर, पंजाब में 19 अप्रैल 1834 को को हुआ। उन्होंने 1 जून 1886 को लाहौर में डी.ए.वी का प्रथम विद्यालय प्रारंभ किया, जिसमें कुल 300 बच्चे थे। उन्होंने इस संस्था की 25 वर्षों तक सेवा कर 1938 में मृत्यु को प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल्स क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर खान ने कहा कि महात्मा हंसराज जी ने आजीवन एक त्यागी का जीवन बिताया।

# मैट्रिक परीक्षा परिणाम में पलामू जिले में पंडवा का रहा दबदबा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पंडवा पलामू।** झारखंड अधिविध परिषद रांची ने शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें पलामू जिले में पंडवा के दो बच्चे प्रथम सहित ग्यारह बच्चों ने जिले में पंडवा का नाम रौशन किया। आर के उच्च विद्यालय लामी पतरा से कुंदन कुमार और प्लस टू सूरत उच्च विद्यालय लोहड़ा से राशी कुमारी ने 96.2% अंक लाकर पलामू में पहला स्थान हासिल किया है। प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव बरवाडीह के रहने वाला कुंदन कुमार पिता अजय प्रसाद ने कहा कि वह आगे चलकर अभियंता बन कर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहता है। कुंदन ने अपनी सफलता का श्रेय एलएलटीसी के निदेशक सह शिक्षक मुनिर हुसैन और सतीश मेहता व अपने माता-पिता को दिया है। वहीं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पंडवा निवासी राशी कुमारी पिता ओमप्रकाश मेहता ने कहा कि वह डॉक्टर बनना चाहती है ताकि गरीब असहायों की सेवा कर सकें। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और मेरिट यार्ड के निदेशक सुरज विश्वनाथ व साहील गुप्ता को दिया है। वहीं प्लस टू सूरत उच्च विद्यालय कि छात्रा रितिका कुमारी पिता दिनेश कुमार मेहता जिसने 95.6%अंक लाकर पलामू जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। रितिका ने बताया कि वह अभियंता बनना चाहती है। वहीं पलामू जिले में चौथा स्थान प्राप्त करने वाला प्लस टू सूरत उच्च विद्यालय लोहड़ा का छात्र 95.2% अंक के साथ सौरव कुमार पिता सच्चितानंद ने कहा कि वह आगे चलकर आइएएस बनना चाहता है। मालूम हो कि पंडवा के कुल ग्यारह बच्चों ने जिले में टाप टेन में अपना स्थान बनाया है।

### लेस्लीगंज के टॉपर बने मुन्ना रूपम



नीलांबर पीतांबरपुर। झारखण्ड बोर्ड द्वारा जैक 10वीं रिजल्ट की घोषणा की गई। शुक्रवार को जारी रिजल्ट में मुन्ना रूपम ने 94.2% अंक लाकर पलामू जिले में 8वां स्थान प्राप्त किया। वहीं लेस्लीगंज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर छबि कुमारी ने 94% अंक लाकर पलामू में 10वां स्थान प्राप्त की और लेस्लीगंज में दूसरा स्थान प्राप्त की। स्कूल के दोनों विद्यार्थियों ने बताया कि अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों का है दोनों बच्चों ने अपने माता-पिता का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। जबकि माता-पिता ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। राजकीय कृत+23उच्च विद्यालय लेस्लीगंज के प्रधानाध्यापक अमरेश सिंह ने दोनों विद्यार्थी सहित सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

### हरिहरगंज की दो छात्राएं जिला टॉप टेन में शामिल



हरिहरगंज पलामू। जैक द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में हरिहरगंज बालिका उच्च विद्यालय के दो छात्राएं जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। इनमें न्यू बस स्टैंड निवासी सुनील कुमार की पुत्री तृषा कुमारी 472 अंक 94.4 % लेकर सातवां तथा सियारभूका मोहल्ला निवासी मनोज मेहता के पुत्री सुहानी कुमारी 471 अंक 94.2 % लाकर आठवां स्थान प्राप्त की है। तृषा कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा विद्यालय के शिक्षकों को दी है। तृषा एनडीए की तैयारी कर रक्षा सेवा में जाना चाहती है। वही सुहानी कुमारी नीट परीक्षा में सफलता पाने का लक्ष्य रखी है। उसने इस परीक्षा की सफलता का श्रेय माता-पिता सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा इन्नोवेटिव एंड स्मार्ट क्लासेस के शिक्षकों को दी है। तृषा चित्रांकन व संगीत तथा सुहानी बैडमिंटन खेलने का शौक रखती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह इनकी उज्वल भविष्य की कामना की है।

### गर्मी के दिनों में आगलगी की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर डीसी ने जिलेवासियों से की अपील

# सावधानी बरतने पर अग्निकांड से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पलामू में गर्मी के मौसम की शुरूआत हो चुकी है। इस मौसम मे पछुआ हवा चलने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में आगलगी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। अग्निकाण्ड से घर, खेत खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है तथा सब कुछ पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतने से अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अग्निकाण्ड से बचाव हेतु इन कार्य किया जा सकता है। रसोई घर यदि फूस का हो, तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य कर दें। दिन का खाना सुबह 9 बजे से पूर्व तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनायें। भोजन बनाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह से बुझा दें। आग बुझाने के लिए बालू अथवा भूर-भूरी मिट्टी को बोरे में भर कर तथा खाना बनाने के स्थान पर दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाय जिससे आग का सम्पर्क न हो सके। पूजा, हवन आदि का काम सुबह निपटा लें। फसल कटनी के बाद खेत मे छोड़े गये डण्ठलों मे आग नही लगाएं। दीपक, दीया, लालटेन, मोमबत्ती, अगरबत्ती को ऐसी जगह पर न रखें, जहां से गिर कर आग लगने की संभावना हो । शॉर्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय से मरम्मत करा लें। गैस के लीक होने की स्थिति में सभी खिड़कियों के दरवाजे खोल दें एवं माचीस का प्रयोग भूल से भी न करें। जहां पर सामूहिक भोजन इत्यादि का कार्य हो रहा हो, वहां पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखा जाय। हमेशा सूती कपड़े पहन कर ही खाना बनायें। सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि मे ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। आग लगने पर समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। खाना बनाते समय जलते चूल्हे को छोड़कर कभी कोई दूसरे कार्य के लिए न जायें। किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिए 101, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562-231589 नंबर पर सम्पर्क करें।

# पांडू : दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प के मामले में दस लोग गिरफ्तार



**इन लोगो को गिरफ्तार किया गया है**
तौफीक अंसारी, असगर अली, नसीम अंसारी अमजद अली (सभी ग्राम कजरुकला ), ललन चौधरी, सोनू कुमार चौधरी, अनिल कुमार चौधरी विकास चौधरी, (सभी ग्राम रतनाग )।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांडू।** प्रखंड पांडू थाना क्षेत्र के ग्राम कजरू कला में बीते गुरुवार की शाम दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प मामले में शुक्रवार को स्थिति सामान्य रही। इधर पांडू पुलिस लगातार बस्ती में कैंप कर निगरानी कर रही है। हिंसक वारदात में शामिल दोनों पक्षों से पांचझ पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है, अन्य 30 से 40 अज्ञात लोगों की पड़ताल जारी है। बता दें कि गुरुवार की शाम ग्राम रतनाग, रबरा ग्राम के लगभग 10 मोटरसाइकिल पर सवार युवकों ने भगवा झंडा लगाए कजरुकला के पुरानी मस्जिद की ओर से गुजर रहे थे। इसी बीच कुछ मुस्लिम समाज के नवयुक लोगों ने उन पर हमला करते हुए मोटरसाइकिल को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था एवं मोटरसाइकिल सवार लोगों के साथ मार पीट की गई थी। घटना की जानकारी पाकर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पांडू थाना पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की।

# बैंक सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करती है : संजय मिश्रा

### जिला स्कूल को एसी, कुलर व अन्य सामान उपलब्ध कराया

### केनरा बैंक द्वारा जिला स्कूल में सीएसआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय रांची के द्वारा जिला स्कूल के प्रशाल में कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत स्कूल कार्यालय के लिए एसी, विजिटर कुर्सी, पर्दा, छात्रों के लिए वाटन कुलर व अन्य सामग्री भेंट किया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र रहे संजय कुमार मिश्रा जो केनरा बैंक के उप महाप्रबंधक हैं उन्होंने कहा कि बैंक सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करती है। मिश्रा ने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को सेविंग खाता, ऋण उपलब्ध कराने के साथ ही साथ बैंक के द्वारा उपलब्ध सुविधाओं का लाभ दिलाती है। बैंक सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती है। सामाजिक दायित्व के अंतर्गत समाज के लिए समय समय पर कई कार्यक्रम आयोजित कर आमजनों को सुविधा मुहैया कराया जाता है। डालटनगंज शाखा प्रबंधक स्वाति खुसार ने कहा कि डालटनगंज शाखा में अपने ग्राहकों को सरल व सुलभ सेवा प्रदान किया जाता है। ताकि बैंक के ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा से परेशान न होना पड़े। इसे लेकर शाखा के सभी कर्मी अपने ग्राहकों के लिए सेवा भाव से कार्य करते हैं। स्कूल के प्राचार्य रोहित कुमार तिवारी ने बैंक प्रबंधन को शुभकामना व्यक्त करते हुए इस कार्य के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि स्कूल के बच्चों के लिए यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये वह कम है। इस मौके पर बैंक के कर्मी रिया, रिचा, अनिल कुमार पांडेय, ओंमप्रकाश विश्वकर्मा समेत स्कूल के शिक्षक के अलावे बैंककर्मी व छात्रा छात्राएं उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत



मेदिनीनगर/हरिहरगंज। मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा घाटी में अज्ञात वाहन के धक्का से बाइक सवार शेखर कुमार की मौत घटनास्थल पर हो गई। मृतक शेखर कुमार हरिहरगंज के राजेश कुमार विश्वकर्मा का बेटा था। मृतक शेखर कुडु में एयरटेल के टावर में काम करता है। शुक्रवार को उसके रिश्तेदार के घर में शादी था। शादी जाने के लिए वह सुबह अपने घर हरिहरगंज जा रहा था इसी दौरान कंडा घाटी में अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया। दुर्घटना कैसे हुआ स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही नावाबाजार थाना प्रभारी चिन्टु कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घर में शव पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने मृतक के घर जाकर परिजनों से मिलकर दु:ख की घड़ी में ढ़ाढस बंधाया।

### बसपा जिलाध्यक्ष ने छतरपुर के चहलथान में दलित महिला उत्पीड़न की निंदा की



छतरपुर पलामू। बहुजन समाज पार्टी पलामू जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने छतरपुर के चहलथान में दलित महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की घटना को कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग किया है। उन्होंने बताया कि मेरे नेतृत्व में 17 अप्रैल को बसपा शिष्टमंडल ने घटना का जायजा लिया था। जिसमें पाया कि 12 अप्रैल को ग्राम पंचायत चिरु के गोपाल राम के पुत्र का मटकोडवा कर वापस लौटने के क्रम में घटना हुई थी। पीड़ित परिवार ने चंदन यादव, राजा यादव, बुटन यादव उदय यादव, नरेश यादव के नाम लेते हुए बताया कि उनके ही द्वारा गोपाल राम के ऊपर उनके पत्नी पुत्री, पुत्र बहू एवं अन्य रिश्तेदारों पर जानलेवा हमला किया एवं छेड़छाड़ करते हुए हमला कर घायल करने की घटना हुई है। बताया की पीड़ित परिवार से मिलने के दौरान जो बात आया वह बहुत ही निंदनीय है। पूर्व में इसी यादव परिवार के लोगों के द्वारा गोपाल राम के पिता मराछु राम को ढोल नहीं बजाने की पर 2011 में सामाजिक बहिष्कार तथा मारपीट किया एवं 5000 के आर्थिक दण्ड लगाया गया था। हद तो तब हो गई की चीरू पंचायत के मुखिया पति प्रमोद यादव के द्वारा पीड़ित दलित परिवार का किसी तरह के इस घटना में सहयोग नहीं किया गया। मुखिया पति के द्वारा केस को समझौता करने के लिए पीड़ित परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी ने थाना प्रभारी, डीएसपी से मांग किया है कि सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करे अन्यथा बाध्य हो कर पार्टी छतरपुर थाना घेराव करेगी। शिष्टमंडल में सुदर्शन राम, सुहैल हक, अजय कुमार, अमृत कुमार, गणेश राम, वासुदेव कुमार रवि शामिल थे।

# बच्चों के विकास के लिए पोषण अतिआवश्यक : सिविल सर्जन

### छात्राओं को अल्बेंडजोल की दवा खिलाकर शुरू हुआ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता




**विश्रामपुर पलामू।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रेहला में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार, बीपीओ मणि कुमार पाण्डेय, बीपीएम पंकज पाण्डेय, बिनोद तिवारी, मिथलेश दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने छात्राओं को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कि बच्चों के विकास के लिए पोषण बहुत जरूरी है इसलिए एल्बेंडाजोल की दवा खाकर कुपोषण की कमी को दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पेट में कीड़ा होने से वे बच्चों के पोषण को मार देते हैं, जिसे बच्चों कि विकास की गति रुक जाती है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्तर्गत कई सैकड़ों टीम लगा कर लक्ष्य के अनुरूप कृमि का दवा खिलाकर हासिल किया जा रहा है। उन्होंने सभी अभिभावक, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोगो से जागरूकता करते हुए इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### 9790 मतदानकर्मियों का चुनाव प्रशिक्षण संपन्न



मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन के आदेशानुसार एवं डीडीसी रवि आनंद के निर्देश पर 9790 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, रामलखन राम, सौरव कुमार सिन्हा, दिनेश चंद्र पासवान के द्वारा प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया गया। प्रशिक्षण का अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने किया। मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार, आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश, अजय सिंह, सरोज आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह, निशिकांत नीरव, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, संजय पाण्डेय, अर्जुन राम, विजय, जितेन्द्र सिंह, गौतम प्रसाद, विकास सिंह आदि शामिल थे।

### खलिहान में लगी आग, 250 बोझा अनाज जला



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर गांव में शुक्रवार को किसान अरविंद सिंह के खलिहान में अचानक आग लग गई। इससे खलिहान में रखे 150 बोझा गेहूं तथा 100 बोझा अरहर जलकर खाक हो गया। किसान को लगभग 70 हजार रूपए का नुकसान बताया जाता है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# जपला रामनवमी का जूलुस व झांकी रहा आकर्षण का केंद्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला शहर में भव्य रूप से निकली श्री रामनवमी जुलूस, मधुशाला रोड हनुमान मंदिर चैंपियन फ्रेंड्स क्लब के अखाड़ा ने प्रभु श्रीराम को अयोध्या धाम में विराजमान व हनुमान जी की विशाल कद वाले झांकी जुलूस में आकर्षक का केंद्र बना रहा। वही अयोध्या की प्रजा अपने राजा के आगमन पर झूमते हुए, गलियों में मच गई शोर सजना....राम आवे अवध की ओर गीतों के धुन पर झूमते हुए नजर आए, हलांकि चैंपियन फ्रेंड्स क्लब लगातार 10 बारह वर्षों से आकर्षक झांकियों से खूब वाहवाही बटोरी हैं। लोग इसी झांकी के देखने को लेकर काफी मसक्कत के साथ भीड़ में खड़ा रहते है। इस बार अयोध्या धाम निर्माण व भगवान का भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम के पुनः गृहप्रवेश के तर्ज को इस झांकी में दिखाया गया है।

### एसडीएम व डीएसपी ने सीमा सील कर चलाया चेकिंग



**हुसैनाबाद पलामू।** 18 वी लोकसभा के प्रथम चरण की देश भर में कुल 102 सीटों पर होने वाली मतदान 19 अप्रैल शुक्रवार को लेकर प्रशासन ने अंतर राज्य सीमा को सील कर दिया। विदित हो कि इस चरण में हमारे पड़ोसी राज्य बिहार के औरंगाबाद, व गया समेत कई संसदीय क्षेत्रों मतदान शुक्रवार को होना है, जिसका सीमा क्षेत्र पलामू जिला के हुसैनाबाद और छतरपुर हैं। दोनों राज्यो के जिलाधिकारियों ने पूर्व में साझा बैठक कर चुके थे। इसलिए हुसैनाबाद एसडीएम पीयूष सिन्हा और डीएसपी मुकेश महतो ने हुसैनाबाद अनुमण्डल से सटे सभी सीमाओं को सील कर विधिवत चेकिंग अभियान चलाया। मौके पर काफी संख्या में सुरक्षा बल मौजूद थे।

### जेनरल अध्यक्ष ने शांति से रामनवमी संपन्न होने पर दी बधाई

# आपसी सौहार्द व एकता का मिसाल है सुआ कौड़िया : टाईगर कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत सुआ कौड़िया रामनवमी पूजा कमिटी के जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार ने पूजा समितियों और पुलिस प्रशासन को शांतिपूर्ण रामनवमी पर्व समापन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन, पूजा समिति व आमजनों के समन्वय व सहयोग से पर्व बिना कोई घटना हुए संपन्न हो गया है। कहा कि सदर प्रखंड का ग्राम सुआ कौड़िया आपसी सौहार्द, एकता व भाईचारा का मिसाल है। उन्होंने कहा कि सुआ कौड़िया में हिंदू व मुस्लिम एकजुट होकर एक दूसरे के पर्व को मनाते हैं। सभी मिलकर पर्व में सहयोग करते हैं। यह पलामू के लिए उदाहरण है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि इनके द्वारा रामनवमी पर्व के दौरान विधि व्यवस्था व शांति बनाने में सहभागिता निभाई गई। उन्होंने कहा कि सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस बल सक्रिय होकर रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराये जो बधाई के पात्र हैं। मालूम हो कि टाइगर कुमार रामनवमी पूजा समिति और मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के भी जेनरल अध्यक्ष रह चुके हैं। कुमार दोनों समुदायों के दिलों में बसते हैं।

# भाजपा नेतृत्व से मिले निर्देश के आधार पर संसदीय चुनाव मे करेगे काम : रविंद्र

▸▸ एनडीए झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** भाजपा के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने शुक्रवार को फुसरो स्थित आवासीय कार्यालय मे प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि संसदीय चुनाव मे भाजपा नेतृत्व से उन्हे जो निर्देश मिलेगा उसके अनुसार काम करेगे। श्री पांडे से जब पूछा गया कि यदि आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो उनके पास आकर चुनाव प्रचार का आग्रह करेंगे तो क्या वे प्रचार मे जुट जायेगे। इस बात पर भी उन्होने कहा कि वह पार्टी के निदेर्शानुसार काम करेगे। जब उनसे पूछा गया कि दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय मे उनके जाने क्या मामला है,तो श्री पांडेय ने कहा वह अपना मेडिकल टेस्ट कराने के लिए दिल्ली गए थे। एक मित्र के आग्रह पर वह कुछ समय के लिए कांग्रेस ऑफिस अवश्य गए थे, लेकिन उनके कांग्रेस ऑफिस में जाने का कोई राजनीतिक कारण नहीं था। उन्होंने कहा कि वह भाजपा में है और कभी भी भाजपा छोड़ने की बात नहीं कहीं। उन्होंने कभी भी कांग्रेस से टिकट लेने की बात भी नही कही। इस संबंध में उन्होंने एक भी वक्तव्य कभी जारी नहीं किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 में भी उनके कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा चल रही थी पर वह भाजपा में ही बने रहे। वह भाजपा से टिकट प्राप्त कर 2009 और 2014 मे चुनाव लड़े और बड़े अंतर से चुनाव जीतकर लोकसभा मे पहुंचे। श्री पांडेय ने कहा कि वर्ष 2019 में भाजपा से टिकट नही मिलने पर दूसरे दल से चुनाव लड़ने का मन बनाया था लेकिन भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कहने से भाजपा में ही बने रहे और आज भी एक अनुशासित सिपाही के तौर पर भाजपा में ही है। जब उनसे पूछा गया कि वह गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से इस बार किसी अन्य दल या निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने साफ इंकार करते हुए कहा कि अभी कोई ऐसा इरादा नही है। उन्होंने कहा कि वह शुरू से साफ-सुथरी राजनीतिक करते रहे हैं। किसी को बरगलाने की उनकी आदत नहीं रही है। यदि कभी भाजपा छोड़कर दूसरे दल मे जाना हुआ या चुनाव लड़ना हुआ तो वह विधिवत पार्टी नेतृत्व को सूचना देकर ही कोई निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल है। श्री पांडे ने कहा भाजपा उन्हे 6 बार लोकसभा का टिकट देकर सांसद बनने का अवसर प्रदान किया।

## लोकसभा चुनाव में मतदाता प्रतिशत बढाने को ले होंगे कई कार्यक्रम : सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभागार में बेरमो सीओ सह प्रभारी संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी पंचायतो के पंचायत सचिव एवं स्वीप कोषांग के कमीर्यो की बैठक आयोजित की गयी। इसमें सभी को मतदाता को जागरूक करने हेतु आह्वान किया गया। सीओ श्री सिंह ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर विशेष चर्चा किया गया। इसमें बूथ को बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण हो तथा मतदाता जागरूक हो। बताया कि 142 बूथ में 121 बूथ पूर्व में हुए मतदान में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान हुआ है इन सभी बूथों पर मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत कई तरह के कार्यक्रम हर बूथ में कराया जाना है। इसमें साइकिल रैली, प्रभात फेरी, क्वीज प्रतियोगिता आदि कराया जायगा. इसको बूथ वार टीम बनाकर कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा किसी भी बूथ में किसी भी प्रकार की सुविधाओं में कमी कई तो उसका जांच कर लिस्ट बनाकर पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया है कि उसको 48 घंटे के अंदर दूर करे। मौके पर मिथिलेश कुमार पांडेय, नीलकंठ कश्यप, मो अफरोज आलम, दीपक लोहरा, नरेश कुमार यादव, किशन मुंडा, आनंद प्रसाद, शेषनाथ, नीरज कुमार सिन्हा, फनिंद्र मंडल, पूनम कुमारी, विनीता कुमारी, उमा कुमारी, सुजाता कुमारी, बालेश्वर प्रसाद, उत्तम कुमार दास आदि मौजूद थे।

## चैती दुर्गा पूजा के अंतिम दिन मेला लगी, हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति के साथ शक्ति जागरण का आनंद लिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित कजरेल गांव रूंजी गांव, मानिकपुर गांव में चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर शुक्रवार को 11वीं तिथि को अंतिम मेला लगी। इस दिन विगत वर्षों की तरह तीनों जगह पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी। सबसे अधिक कजरैल गांव के मेले में जिले स्तर की मेला लगी। ग्रामीण नवयुवकों द्वारा पेयजल और शरबत की निशुल्क सेवा दी गई थी। दुर्गा पूजा समिति,युवा शक्ति संघ के सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा आदि सभी प्रकार की व्यवस्था की गई थी। प्रसाद भी सामूहिक रूप से वितरित की गई। नौवीं 10वीं और 11वीं तीनों संध्या से देर रात्रि तक हजारों श्रद्धालुओ ने भक्ति, शक्ति जागरण का लुत्फ उठाया। संध्या से लेकर पूरी रात ताली बजाकर हजारों श्रद्धालु झुमते नजर आए। कई श्रद्धालु नृत्य भी करते देखे गए एक से बढ़कर एक धार्मिक गीत, संगीत और रिकॉर्डिंग डांस पर श्रद्धालु पूरी रात आनंद लेते रहे। बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों प्रचलित सांस्कृतिक कला पार्टियों द्वारा बेहतरीन ढंग से बढ़कर एक धार्मिक गीत, संगीत, भाव नृत्य का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। मेले में सभी दर्जे के और सभी उम्र के लोगों ने जमकर खरीदारी भी किया। जहां बच्चों ने खिलौना तो महिलाओं ने श्रृंगार तो पुरुषों ने घरेलू सामग्री मिष्ठान आदि का खरीदारी किया। बच्चे व अन्य श्रद्धालुओं को झूला, तारामाची आदि पर झूलते और आनंद लेते भी देखा गया। इस वार्षिक बड़े आयोजन में गणमान्य ग्रामीण सह जिला परिषद सदस्य पूर्व चेयरमैन निरंजन कुमार पोद्दार, युवा शक्ति संघ के सभी सदस्य, रामनवमी चैती दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य, विनोद शाह, घनश्याम पोद्दार, अर्जुन यादव, निरंजन पासवान, अरविंद पोद्दार, जगन्नाथ पासवान, हरि पोद्दार, पारसनाथ चौधरी, गुलाबी पोद्दार, प्यारे रजक, दीपन पोद्दार, मिथुन कुमार, सुचित कुमार, रोशन कुमार, विवेक कुमार, राहुल कुमार, छोटू कुमार, आलोक कुमार, रविंद्र कुमार, अमित कुमार, लक्ष्मीकांत कुमार, शशिकांत भारती, टेंट संचालक प्रदीप जायसवाल, सन्नी कुमार, दशरथ कुमार सहित सभी ग्रामीण और इलाके के भी सैकड़ो ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## बोकारो कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व महासचिव ने टिकट की सौदेबाजी का जड़ा आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस का टिकट बेरमो विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को दिए जाने के बाद चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। पार्टी के बोकारो जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम दुबे एवं पूर्व महासचिव सह वर्तमान आजीवन सदस्य अनिल सिंह ने टिकट के बंटवारे में बड़ी रकम लेकर सौदेबाजी करने का आरोप लगाया है। प्रेसवार्ता के दौरान श्री सिंह ने इस आरोप के साथ ही श्री दुबे और पार्टी के सैकड़ों कर्मठ एवं ईमानदार कार्यकताओं के साथ कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। अनिल सिंह ने कहा- मैं कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी से एवं प्रभारी महोदय से यह जानना चाहता हूं कि ऐसी कौन सी मजबूरी हो गई है कि प्रदेश अध्यक्ष अपने गृह जिला एंव लोकसभा क्षेत्र से एक घरेलू महिला जिसे राजनीति का ककहरा नहीं आता है उसे आपने कितने में टिकट बेचा है। श्री सिंह व श्री दुबे ने कहा कि एक ही घर में एक विधायक दूसरा बोर्ड निगम और तीसरा एमपी का टिकट देने का क्या कारण है। उन्होंने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र से रहे पूर्व सांसद ददई दुबे आलोक दुबे एवं झरिया विधायक नीरज पूर्णिमा सिंह बोकारो विधान सभा क्षेत्र से एक लाख वोट लेकर श्वेता सिंह या धनबाद लोकसभा क्षेत्र से ऐसा कोई महागठबंधन कोई प्रत्याशी नहीं था जो कांग्रेस सीट जीतकर पार्टी के झोली में डाल सके।

## स्थाई वारंटी हसन अंसारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बरहेट।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गिल्हा निवासी हसन अंसारी को ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिलहा निवासी हसन अंसारी किसी अपराधिक मामले में 1988 से फरार चल रहे थे, पुलिस के नजर से हमेशा चकमा देकर फरारी चल रहे हसन अंसारी को बरहेट थाना ने पुलिस ने अंततः गिरफ्तार करने में सफल हो गए। वहीं आरोपी हसन अंसारी को विधि सम्मत न्यायिक हिरासत साहेबगंज भेज दिया गया।

## गाजे बाजे के साथ हुआ मा दुर्गा की अंतिम विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



साहेबगंज। कोटालपोखर थाना क्षेत्रों के जिवनपुर मे स्थापित चैती दुर्गा प्रतिमा के शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाल कर नाचते-गाते मां दुर्गा की जयकारा लगाते पुरे बाजार मे भ्रमण के बाद मांझी तलाब मे देवी की प्रतिमा विसर्जन कर दिया गया। विधि व्यस्वथा कायम रखने हेतू विसर्जन जुलूस लेकर जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। कोटालपोखर थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान विसर्जन जुलूस के साथ साथ चल रहे थे। मां के विदाई वेला मे सभी भक्तो की आंखे नम हो गयी थी। वही बंगाली समुदाय के महिलाओ ने आपस मे सिन्दुर खेल कर मां को अहले बर्ष जल्दी आने की विनते की।इस मोकै पर पुजा कमेटी अध्यक्ष बबुआ घोष, सचिव गोपाल रजवार, दोरिगिया घोष, पांचू यादव, बासु देव यादव विश्वनाश रविदास, अमित गुप्ता, रंजन साहा, सहित अन्य दर्जनो लोग जुलूस मे शामिल थे।

## इंडिया उलगुलान महारैली में शामिल होने के लिए झामुमो ने किया बैठक



**बरहेट।** शुक्रवार को प्रखंड अंतर्गत झामुमो प्रखंड कार्यालय में झामुमो प्रखंड समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी ने किया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 21 अप्रैल 2024 को रविवार को प्रभात तारा मैदान रांची में इंडिया उलगुलान न्याय महारैली में सभी जिले/प्रखंड से कार्यकर्ता को बस द्वारा रांची जाकर महारैली में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के बड़े बड़े नेताओ के विचारों को सुनना है। वहीं इस यात्रा को सफल बनाने के लिए बरहेट प्रखंड के सभी 22 पंचायत से झामुमो के दस-दस कार्यकर्ता रांची जाने के लिए तैयार रहेगें। मौके पर मौजूद थे। झामुमो प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान केंद्रीय समिति सदस्य प्रो. नजरूल इस्लाम बुध्दिजीवी जिला अध्यक्ष छवि हेमब्रम, पुसा टुडू, अब्दुल मजीद, मैनुल हक, समदा सोरेन, ऐजाज अंसारी, फखरूदिन अंसारी, प्रो0 हासिम अख्तर, राजेन्द्र ठाकुर, जिकीर मोमिन, लुखीराम हेमब्रम, सुनीराम हांसदा, सुनिता टुडू, पार्वती हांसदा, बेला किस्कू, सुनिल किस्कू सकिल काजी, इफतेखार अंसारी सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष सचिव एवं सम्मानित कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## सेल बना ऑल इण्डिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल एवं हॉकी टूनार्मेंट



**बोकारो।** सेल ने ऑल इण्डिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा 15 से 18अप्रैल 2024 तक भोपाल में आयोजित आल इण्डिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूनामेंट 2024 में ऑयल इंडिया को 3-0 से हराकर जीतने का गौरव हासिल किया है। इससे पहले हाल ही में भुवनेश्वर में आयोजित आल इण्डिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूनामेंट में भी भारतीय खाद्य निगम को हराकर सेल चैंपियन बनकर उभरा था। इस टूनामेंट में कुल नौ पब्लिक सेक्टर यानि सेल एलआईसी बीएसएनएल कोल इंडिया निवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन ऑयल इंडिया ईएसआईसी बीएचईएल और नाल्को ने भाग लिया। सेल द्वारा लगातार जीती गई ट्रॉफियां खेल और एथलेटिक प्रतिभाओं को व्यवस्थित रूप से बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने के प्रति कंपनी के निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। कंपनी देश की उभरती खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर कई खेल अकादमियों को चलाती और उनका संचालन करती है। इसके अलावा,सेल स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान में सेल पूरे वर्ष विभिन्न खेल और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।

### अनुपमा सिंह के प्रत्याशी बनने पर केक काटकर खुशी का किया इजहार

## इंडिया गठबंधन धनबाद लोकसभा के उम्मीदवार घोषित होने पर बेरमो और गोमिया के कांग्रेसियों में हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** कांग्रेस और आर सी एम यू के सदस्यों के महत्वपूर्ण बैठक क्षेत्रीय कार्यालय मे किया गया बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने की संचालन क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस ने किया इंडिया गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे श्रीमती सोनिया गांधी राहुल गांधी तथा प्रदेश के नेतृत्व के द्वारा जो विश्वास जताते हुए धनबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह के धर्मपत्नी अनुपमा सिंह को बनाए जाने पर हर्ष प्रकट किया गया। चुनाव कैंपेनिंग में क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में यूनियन और पार्टी के पदाधिकारी घोषित प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव में भाग लेंगे। महिला और स्वच्छ छवि का प्रत्याशी होने का लाभ निश्चित रूप से गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी दिलाएगा। धनबाद लोकसभा राजेंद्र बाबू के समय से अनुप बाबू भी अपने ट्रेड यूनियन एवं विधायक के रूप में हमेशा धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख के सहभागी रहे हैं। निरंतर सेवा भाव से अपनी अलग पहचान बनाई है। जिसका लाभ निश्चित रूप से प्रत्याशी को मिलेगा। इंडिया गठबंधन के तमाम साथी जीत सुनिश्चित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे प्रत्याशी घोषित होने पर यूनियन और पार्टी के लोगों ने केक काटकर बधाई दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस कांग्रेसी नेता विजय यादव ने कहा राजेंद्र बाबू मजदूर राजनीति के भीष्म पितामह रहे इन्होंने अपने जीवन काल में मजदूरों की सेवा की अपने कार्यकाल में हजारों नौजवानों को कोल इंडिया का सदस्य बनवाया वेतन बढ़ोतरी में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया विधानसभा में प्रखर नेता के रूप में क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण किया अपने मंत्री कल में अपने विभाग के कार्य से राज्य को भरपूर सेवा दी आज लोकसभा के लोग राजेंद्र बाबू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए गठबंधन के प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह विल्सन फ्रांसिस विजय यादव इस्लाम अंसारी रणजीत सिंह चंद्रशेखर प्रसाद वकील सुरेश राम सुजीत मिश्रा प्रमोद यादव कपिल यादव संतोष सिन्हा देवाशिष आश अर्जुन चौहान बिंदु चंद हेंब्रम संतोष राम गोड पंचराम सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## संस्कार भारती द्वारा संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई द्वारा सेक्टर 4 जी मोड़ धर्मस्थान स्थित नवनिर्मित संकटमोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कार भारती बोकारो जिला अध्यक्ष व गायक अमरजी सिन्हा ने गायक व संस्कार भारती बोकारो के संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने गायिका रिया सिन्हा ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से वातावरण में भक्तिरस का संचार कर दिया। प्रारंभ में संस्कार भारती के मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय व सह मंत्री अर्चना चौधरी ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संगीत प्रमुख अरुण पाठक ने कहा कि भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति के नायक हैं। कार्यक्रम का संचालन राजेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।भजन संध्या में सरोज कुमार मिश्रा संदीप तिवारी सहित अनुराग कुमार उर्फ भज्जु मुन्ना जी राजेश चौधरी रीना सिन्हा सौमित चौधरी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भाजपा नेता प्रकाश सिंह ने मरीज को एंबुलेंस दी



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद स्थित जवाहर नगर निवासी बसंत वर्मा के अचानक तबियत खराब होने की सूचना मिलने पर भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने ढोरी केंद्रीय अस्पताल लाया। चिकित्सक प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची रेफर कर दिया। भाजपा नेता श्री प्रकाश ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर बेहतर इलाज के लिए रॉंची रवाना किया। इस अवसर पर मजदूर नेता कुंज बिहारी प्रसाद, विकास सिंह, उज्जवल मुखर्जी व राजेश वर्मा, समासेवी प्रदीप रवानी आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

### स्थाई वारंटी हसन अंसारी को बरहेट थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरहेट।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गिल्हा निवासी हसन अंसारी को ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिलहा निवासी हसन अंसारी किसी अपराधिक मामले में 1988 से फरार चल रहे थे, पुलिस के नजर से हमेशा चकमा देकर फरारी चल रहे हसन अंसारी को बरहेट थाना ने पुलिस ने अंततः गिरफ्तार करने में सफल हो गए। वहीं आरोपी हसन अंसारी को विधि सम्मत न्यायिक हिरासत साहेबगंज भेज दिया गया।

### पिछरी में नम आँखों से माँ दुर्गा की विदाई



**बेरमो।** पिछरी स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में चैती दुर्गा पूजा नवरात्र व रामनवमी महोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे गाँव सहित हजारों की संख्या में महिला-पुरुष व बच्चों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं पिछरी बस्ती स्थित दुर्गा मंदिर से मां दुर्गे की भव्य शोभा यात्रा बाजे गाजे और ढोल नगाड़े के साथ निकाली गई। जय मां दुर्गे, जय माता दी के जयकारे से पूरा पिछरी गूंज उढा। बड़ी संख्या में युवक बाजे की धुन पर झुम रहे थे। पिछरी बस्ती दुर्गा मंदिर से प्योर ढोरी मोड फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग होते हुए दामोदर नदी तक पहुंची। वहीं देर रात दामोदर नदी पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

### चुनाव का पर्व देश का गर्व नारे सहित डाककर्मी वोटरों को कर रहे जागरूक




**बोकारो।** भारतीय डाक ने लोकसभा चुनाव 2024 में आधिकारिक मतदाताओं की भागीदारी के निमित्त अनूठा कदम उठाया है। बोकारो में धनबाद मंडल के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बोकारो के सहायक डाक अधीक्षक अभिजीत रंजन के नेतृत्व में डाककर्मी मतदाता जागरुकता अभियान चलाने में लग गए हैं। प्रधान डाकघर सेक्टर 2 के डाकपाल सतीश कुमार के नेतृत्व में डाकिया घर घर इन दिनों जो चिट्ठी या अन्य डाक पहुंचा रहे हैं उन पर चुनाव का पर्व देश का गर्व लिखी मुहर लगाकर उसकी डिलीवरी करते हैं। इसके साथ ही वे वोटरों से अपना वोट अवश्य डालने की अपील भी कर रहे हैं। विपणन पदाधिकारी कौशल कुमार उपाध्याय के अनुसार डाक विभाग भारत निर्वाचन आयोग के मानदंडों के मुताबिक मतदाता जागरूकता अभियान में जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को कटिबद्ध है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं प्रमुख स्थलों पर पोस्टर व बैनरों के माध्यम से भी वोटरों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एएसपी अभिजीत ने कहा कि मताधिकार प्रत्येक भारतवासी का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। इसके जरिए वे देश का भविष्य गढ़ पाने में सक्षम हो पाते हैं।

### राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम रवाना



**बोकारो।** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की बालक टीम 24वीं झारखंड राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जमशेदपुर रवाना हो गई। प्रतियोगिता 21 अप्रैल तक जमशेदपुर के केरली पब्लिक स्कूल कदमा में खेली जाएगी। संघ के सचिव संजीव कुमार के अनुसार जमशेदपुर बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला आठ सदस्यों की टीम अपना कौशल दिखाएगी। बालक टीम में श्रेयांस मिश्रा आयुष खवास प्रतीक केशरी आरुष सिंहा संजीत आदित्या हर्षित सुंदरम एवं प्रीतम प्रकाश शामिल हैं। जबकि प्रशिक्षक के रूम में किंकर कृष्णा मौजूद हैं। टीम के चयन में निखिल ओझा बिनोद कुमार हारूण अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह अध्यक्ष मनीष सिंह सचिव संजीव कुमार कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा विजय कुमार मिंज सुधीर कुमार राम लखन मिस्त्री मनोज दुबे रण विजय ओझा एवम अन्य सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

### दो बाईक की भिड़ंत में महिला समेत चार घायल, इलाजरत

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुड़ाबहाल गांव के पास दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत में महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये ।स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में टोंगरा थाना क्षेत्र के मानिकडीह गांव की चंद्रवती देवी, हरिनारायण राय, करण राय और शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के इंदरबनी गांव के अजीत कुमार शामिल हैं। परिजनों ने बताया चंद्रवती देवी अपने दो भतीजों के साथ बाइक पर सवार हो कर दुमका से टोंगरा जा रही थी। मुड़ाबहाल गांव के पास दो बाइकों की भिड़त में तीनों घायल हो गये। वहीं दूसरे बाइक पर सवार अजीत कुमार भी जख्मी हो गया। परिजनों ने बताया कि अजीत दो दोस्तों के साथ घर से दुमका की ओर आ रहा था। हादसे में दोस्तों को हल्की चोट लगी।

### बरहेट कुम्हार टोला के पास बाइक से महिला को मारी टक्कर, स्तिथि गंभीर

**बरहेट।** शुक्रवार को देर संध्या बरहेट-साहेबगंज मुख्य मार्ग स्तिथ बरहेट कुम्हार टोला के समीप एक मोटर साईकिल चालक ने एक महिला को जोरदार टक्कर मारी, जिससे महिला बुरी तरह से घायल हो गया है। बताया जा रहा है कि घायल का नाम कबली देवी 30 वर्ष पति कुलेश पंडित कुम्हार टोला निवासी है। वहीं मोटर साईकिल चालक सिंगा गांव का बताया जा रहा है और गाड़ी काला रंग का हीरो होंडा है। दुघर्टना से महिला के सर पर गहरा चोट हुआ है। परिजनों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया जहां डॉक्टर संतोष सोरेन ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं महिला की स्तिथि गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर गया रेफर कर दिया है।

### +2 हाई स्कूल उधवा में प्रबंधन समिति की बैठक लिए गए कई प्रस्ताव

**उधवा।** शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित +2 उच्च विद्यालय उधवा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता अयुब अली ने की। इस दौरान विद्यालय के अधुरे भवन, सोलर प्लांट, जर्जर भवन को तोड़ने की अनुमति, बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल व शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति आदि पर चर्चा किया गया। विदित हो कि बीते 13 अप्रैल को विद्यालय में राज्य स्तरीय टीम औचक निरीक्षण कर विद्यालय के प्राचार्य को कई दिशा-निर्देश दिए थे। इसी के तहत प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कई बिन्दुओं पर चर्चा किया।

# पलंबर की बेटी बनीं मैट्रिक में रामगढ़ जिला टॉपर

## स्पीड न्यूज

### विधायक का अपमान निदंनीयः अमित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि अमित कुमार साहू ने पिछले दिनों बरकाकाना में आयोजित रामनवमी मिलन समारोह में विधायक के साथ किये गये दुर्व्यवहार की घटना की निंदा की है। उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा कि विपक्षी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने साजिश के तहत बड़कागांव की लोकप्रिय विधायक अंबा प्रसाद का अपमान कर अशोभनीय कार्य किया है। इससे न केवल कांग्रेस बल्कि बड़कागांव की जनता आहत है। उन्होंने कहा की जनता द्वारा चयनित किसी भी जनप्रतिनिधि का अपमान कहीं से भी उचित नहीं है। कोई भी पार्टी व सामाजिक संगठन को यह शोभा नहीं देता है कि वे विधायक का अपमान करें।

### गुमराह कर रही हैं विधायक : अनामिका



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व हिन्दू परिषद् भुरकुंडा पालक सह दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कहा कि रामनवमी महापर्व के उपलक्ष्य में पूरे देश सहित रामगढ़ जिले में भी खुशी का माहौल था। बरकाकाना में भी स्थानीय सनातनियों और कमिटी के द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा था। वहां बिना बुलाए पहुंच कर तथा अचार साहिता का उलंघन करके माइक छीनने का प्रयास विधायक अंबा प्रसाद तथा उनके समर्थकों के द्वारा किया गया। माइक नहीं मिलने का गुस्सा विधायक को थाना भी ले गया और स्थानीय सनातनियों का पवित्र त्यौहार और खुशी के माहौल को उनपर झूठा केस करवा कर गम में बदल दिया गया। उन्होंने बताया कि विधायक अंबा प्रसाद ने जनता को भी गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं । उनके अंगरक्षक के साथ मारपीट की गई है। जबकि उनके साथ मंच पर स्थानीय युवक था जो उनकी फोटोग्राफी करता है। विश्व हिंदू परिषद् इस पूरे प्रकरण का विरोध करती है तथा ये मांग करती है की स्थानीय विधायक इस झूठे केस को वापस लें नही तो विश्व हिंदू परिषद आंदोलन को बाध्य होगा।

### रुद्र महायज्ञ को ले निकली कलश यात्रा



**कुजू।** श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ बोंगाबार मंडाटांड में आयोजित कलश यात्रा के साथ साथ प्रारंभ हो गया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव अतिथि तिवारी महतो, भाजपा नेता जगेश्वर प्रजापति, वार्ड पार्षद हेमनी देवी, आजसू जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो शामिल हुए। इस दौरान यज्ञाचार्य ने अतिथियों को विधिवत पूजा - अर्चना कराया। साथ ही समिति के सदस्यों ने अगस्त देकर सम्मानित किया. तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने जीर्णोद्धार किए गए शिव मंदिर का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से धर्म का प्रचार होने के साथ क्षेत्र का शुद्धिकरण भी होता है। महायज्ञ से हर इंसान के अंदर भगवान के प्रति आस्था जागृत होता है। इसलिए क्षेत्र महायज्ञ होना बहुत ही सौभाग्य की बात होती है। बाद में गाजे - बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 1551 कलशधारी टूटी झरना मंदिर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य मनोज पांडेय, आचार्य धीरज कुमार पांडेय, अजीत तिवारी, मनीष पांडेय, रजनीश पांडेय, अतुल कुमार पांडेय अमित पाण्डेय, मौसम पांडेय अभिषेक पांडेय, मोदी, आशीष पांडेय ने यजमान बने चौधरी महतो, सुखदेव महतो, नारायण महतो, लक्ष्मण महतो, मक्खन महतो, प्रकाश महतो, रामजतन महतो, तरुण गिरी, अर्जुन प्रजापति, खुशलाल महतो, महेश कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, इंदू करमाली, राजेंद्र महतो, लछु महतो, सुरेश महतो सह पत्नीक के हांथों विधिवत पूजा - अर्चना कराया। इसके बाद पवित्र जल को भरा गया। मौके पर अध्यक्ष राजू साव, विश्वामित्र महतो, तेज नारायण महतो, प्रेमलाल महतो, दिनेश्वर कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, खेमन महतो, सुरेंद्र महतो आदि शामिल थे।

### सरस्वती ज्ञान मंदिर का रिजल्ट शत प्रतिशत

**दारू।** मैट्रिक परीक्षा में सरस्वती ज्ञान मंदिर मेरु के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के शत प्रतिशत छात्रों ने उत्तीर्ण हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष की परीक्षा में विद्यालय से 19 छात्र छात्राओं परीक्षा दी थी जिसमें 18 ने प्रथम श्रेणी एवं एक छात्रा ने द्वितीय श्रेणी से पास किया। प्रीति कुमारी 84 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। इस शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरि नारायण प्रसाद एवं शिक्षिका रेखा देवी, भारती देवी, गुंजा देवी, पूजा कुमारी, तानिया अली, रीता देवी, चमेली देवी, अजय कुमार, पुष्पा कुमारी, इंदु कुमारी, अंजली विश्वकर्मा इत्यादि शिक्षकों ने छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए मंगल कामना करते हुए बधाई दी है।

### गर्रीकला हाईस्कूल का बेहतर प्रदर्शन

**केरेडारी।** दसवीं में केरेडारी प्रखंड के उच्च विद्यालय गर्रीकला के छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें मनीषा कुमारी ने 470 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कुसुम कोमल 468 अंक लाकर द्वितीय स्थान पर रही। तृतीय स्थान प्राप्त रीतिक कुमार राणा को 464अंक मिले। शुभम कुमार, मनीषा कुमारी, हिमांशु कुमार इत्यादि लगभग 16 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। साथ ही साथ 321 छात्र-छात्राओं ने विद्यालय से प्रथम स्थान, 159 द्वितीय स्थान और 51 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामजीवन महतो ने सभी सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी सफल छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

## मांडू के करमा उच्च विद्यालय की छात्रा है प्रीति



प्रीति कुमारी को मिठाई खिलाते परिजन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू ।** मैट्रिक की परीक्षा में मांडू प्रखंड के करमा उच्च विद्यालय की छात्रा प्रीति कुमारी (17 वर्ष ) पिता गोविंद महतो ग्राम कैथा रामगढ़ निवासी ने मैट्रिक में 482 ( 96.4% ) अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन की है। परीक्षा में प्रीति ने हिंदी में 98, गणित में 98, अंग्रेजी में 99, विज्ञान में 96, और सामाजिक विज्ञान में 91 नंबर प्राप्त की है। प्रीति के पिता पलंबर मिस्त्री और माता तारो देवी गृहणी हैं। गरीबी के कारण बचपन से हीं प्रीति नानी के घर करमा में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान उसकी प्राथमिक शिक्षा अपने ही मामा रवि कुमार महतो के यूनिवर्सल प्लेनेट पब्लिक स्कूल से शुरू हुई। बाद में माध्यमिक शिक्षा करमा उच्च विद्यालय करमा से हुआ। जहां से उसने अपनी मेहनत के दम पर जिले में अव्वल होने का गौरव प्राप्त किया। अपनी सफलता पर प्रीति ने श्रेय मामा और विद्यालय के गुरुजनों को दी है। साथ ही कहा की वह ग्रेजुएट होने के बाद यूपीएससी की तैयारी करना चाहती है। नानी फुलकी देवी, मामा रवि कुमार महतो, प्राचार्य सर्वेश्वर राम, पूर्व प्राचार्य शंकर प्रसाद ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए ईश्वर से उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भुरकुंडा पावन क्रूस स्कूल की मेघा ने किया सेकेंड





115 छात्रों ने प्रथम, तीन ने द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुयीं

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पावन क्रूस स्कूल की छात्राओं ने दसवीं जैक बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व अपना नाम रोशन किया है। परीक्षा में विद्यालय के कुल 119 छात्राएं शामिल हुईं थी। जिसमें 115 ने प्रथम श्रेणी, 3 ने द्वितीय श्रेणी से उर्तीण हुईं है। विद्यालय की मेघा कुमारी ने 96 प्रतिशत 480 अंक लोकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त की है। नैंसी 469, आलया आफरीन व तनवी शर्मा 465, मिली 462, अंशु व माही 461, अनामिका व सुधा सिमरन 456, प्रतिमा 452, सोनाक्षी 445, साक्षी 444 एवं अलविया किंडो ने 438 अंक लाकर विद्यालय के टॉप टेन की सूची में शामिल है। छात्राओं की सफलता पर प्राचार्या सुमंती टोप्पो व सचिव सिस्टर अग्नेस ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### डोमन महतो जय मां पंचबहिनी स्कूल का शत प्रतिशत रिजल्ट



बासल क्षेत्र के डोमन महतो जय मां पंचबहिनी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। परीक्षा में विद्यालय के कुल 27 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थें। जिसमें 17 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। साक्षी कुमारी 413, अयान खान 412 व अनिश यादव ने 391 अंक लाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के सचिव डोमन महतो व प्रधानाध्यापक सुकरा महली ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### महात्मा गांधी उच्च विद्यालय का शानदार प्रदर्शन



मैट्रिक में महात्मा गांधी उच्च विद्यालय भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय से कुल 198 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थें। जिसमें 105 ने प्रथम, 77 ने द्वितीय व 6 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छोटी कुमारी 94 प्रतिशत, सोनम कुमारी 92 प्रतिशत, रोशन उरांव 84.2, अमर मुंडा 82.8, खुशबू 82.4, रेशमी कुमारी 81.8, शीतल व अनशिका 81.2, नैना 80.6 और आकाश ने 80.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप टेन की सूची में शामिल हैं।

### मुरपा बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने लहराया परचम



**कुजू।** बालिका उच्च विद्यालय मुरपा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन की है। विद्यालय की जेबा नसरीन 85.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। कोमल कुमारी 76.6, फरहा नाज 76.4, कोमल रानी 76, कशीश कुमारी 75.8, नेहा उरांव 73.6, गीता 73.2, सीता कुमारी 72.4, सामिया प्रवीण 72.2, नेहा प्रवीण 71.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की टॉप टेन में शामिल हुई।

## विष्णुगढ में ड्रीम ट्यूशन सेंटर के 44 छात्रों ने किया प्रथम, 7 सेकेंड

अमूल्य चंद्र पांडेय



**विष्णुगढ़।** जैक द्वारा आयोजित दसवीं की बोर्ड परीक्षा 2024 में गुंजा कुमारी ने 471 अंक लाकर परियोजना उच्च विद्यालय बना सो सहित ड्रीम ट्यूशन सेंटर बना सो की टॉपर बनी । 473 अंक लाकर कृष्ण कुमार द्वितीय टॉपर बने 457 कलाकार जाहिदा खातून परियोजना उच्च विद्यालय बना सो एवं ड्रीम ट्यूशन सेंटर की तीसरे टॉप पर बनीं ।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में सूरज ठाकुर 451 अंक राहुल कुमार पांडे 450 प्रिंस राय शर्मा 433 अंक मुस्कान परवीन 427 अंक मनीषा कुमारी 409 अंक अजय कुमार महतो 403 अंक डूमर चंद कुमार साहू 402 अंक अशोक कुमार साहू 402 अंक लाकर ट्यूशन सेंटर एवं विद्यालय का मान बढ़ाया ड्रीम ट्यूशन ट्यूशन सेंटर में 51 विद्यार्थि अध्यनरत थे जिसमें 44 ने प्रथम स्थान एवं साथ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर ट्यूशन सेंटर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। ड्रीम्स ट्यूशन सेंटर संचालक उमेश साहू ने बताया कि हमारे यहां ट्यूशन सेंटर में 51 बच्चे अध्यनरत थे जिन्हें मैं सफलता के शिखर पर देखना चाहता था और मैं आज देख पा रहा हूं मैं सभी विद्यार्थियों को एवं उनके अभिभावकों को धन्यवाद प्रेषित करता हूं एवं उनके उज्जवल भविष्य का कामना करता हूं।

### विद्यार्थियों की सूची

| | |
|---|---|
| 1. गुंजा कुमारी | 471 |
| 2. कृष्णा कुमार | 463 |
| 3. जाहिदा खातून | 457 |
| 4. सूरज कुमार | 451 |
| 5. राहुल कुमार पांडेय | 450 |
| 6. प्रिंस राज शर्मा | 433 |
| 7. मुस्कान परवीन | 427 |
| 8. मनीषा कुमारी | 409 |
| 9. अजय कुमार महतो | 403 |
| 10. डूमरचंद कुमार साव | 402 |

## हजारीबाग रामनवमी के जुलूस में मनीष जायसवाल ने जमकर भांजी लाठियां



**हजारीबाग।** हजारीबाग के विश्वविख्यात रामनवमी दशमी की देर रात को पूरे उत्साह और उमंग के साथ निकला जो एकादशी की देर शाम तक लगातार जारी है। दशमी जुलूस सड़क पर उतरने से पूर्व से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल सड़कों पर दिखे। उन्होंने रामनवमी रूट पर करीब एक दर्जन से अधिक स्टॉल में पहुंचकर रामभक्तों और श्रद्धालुओं के सेवार्थ उनके नेकी कार्य के लिए साधुवाद दिया। इस दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का सभी स्टालों पर स्टॉल आयोजकों द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया। तत्पश्चात रामनवमी रूट का लगातार निरीक्षण करते हुए रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन करते दिखे। कई अखाड़ों की झांकियों में शामिल हुए और उनके साथ मनीष जायसवाल ने खूब लाठियां भांजी और पारंपरिक करतब दिखाते नजर आए। रामभक्तों संग नाचते झूमते और थिरकते हुए उन्होंने हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी की सभी को बधाई दी साथ ही शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी जुलूस संपन्न कराने का अपील भी की।



भुरकुंडा में मेघा कुमारी को मिठाई खिलाती मां।

## 117 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्करों को चौपारण पुलिस ने पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** नशा के सौदागरों के खिलाफ थाना प्रभारी दीपक कुमार लगातार चल रहे हैं अभियान। 117 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन को धर दबोचा गया। गुरुवार रात में सूचना मिली कि चौपारण की ओर से 02 मोटरसाईकिल में 03-04 व्यक्ति प्लास्टिक के बोरियों में छिपाकर अंग्रेजी शराब तस्करी करने हेतु बिहार ले जाने वाले हैं। इसकी सूचना पर एक छापामारी दल का गठन किया, जिसमें थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के अलावे चौपारण थाना में पदस्थापित पुअनि दिव्य प्रकाश, पुअनि निलेश कुमार रंजन एवं चौपारण थाना रिजर्व गार्ड का बल शामिल था। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर वहां तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ मिलकर चौपारण की ओर से आने वाली वाहनों का सघन रूप से जांच-पड़ताल के दरम्यान सूचनानुसार दो मोटरसाईकिल बीआर-02एबी-5562 व बीआर-02ए एल-5163 पर 04 लोगों को सवार होकर मोटरसाईकिल में प्लास्टिक का बोरी लोडकर आता हुआ देखने पर उनलोगों को रूकने का ईशारा किया गया। जिसके बाद मोटरसाईकिल सवार लोग पुलिस बल को चेकिंग करता हुआ देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस की तत्प्रता से 03 लोगों को खदेड़कर पकड़ लिया गया तथा एक व्यक्ति भागने में सफल हो गया। पकड़ाये लोगो में 1.नितीश कुमार पिता-सुरेन्द्र यादव ग्राम-मंगुरा थाना- मोहनपुर जिला-गया (बिहार), 2. विकास कुमार पिता-रामचन्द्र यादव ग्राम-मंगुरा थाना-मोहनपुर जिला गया (बिहार) एवं एवं 3. अशोक कुमार पिता-लखन यादव ग्राम-मंगुरा थाना-मोहनपुर जिला गया (बिहार) बताये। पकड़ाये व्यक्तियों के पास से स्र्स्टलिंग रिजर्व (बी-7), इम्पेरियल ब्लू एवं रॉयल स्टेग कम्पनी 375 एमएल का कुल 117 पीस अवैध अग्रेजी शराब बरामद किया।

## वर्चुअल रियलिटी वैन को उपायुक्त ने किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव में मताधिकार जागरूक करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रामगढ़ जिले के मतदाताओं को जागरूक करने तथा लोगों को उनके मतदान के महत्व को समझाने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समाहरणालय परिसर से वर्चुअल रियलिटी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु तैयार किए गए कंटेंट का भी जायजा लिया। उपायुक्त ने स्वयं भी वर्चुअल रियलिटी यंत्र का प्रयोग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।



### गोला में निकाली गयी कलश यात्रा

**गोला।** पुरबडीह स्थित श्री श्री राधा कृष्णा हरि मंदिर में शुक्रवार से शुरू पांच दिवसीय अखंड हरि संकीर्तन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं व श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए हरि मंदिर परिसर से निकले और नगर भ्रमण करते हुए भैरवी नदी तट पहुंचे। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने नदी से कलशों में जल भरा। इसके बाद सिर पर कलश लेकर महिलाएं बैंड बाजा के धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते कीर्तन मंडप हरि मंदिर पहुंचे।

# कोडरमा जिले के छात्र-छात्राओं ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



| दसवीं बोर्ड में वर्ष वार कोडरमा का प्रदर्शन | |
|---|---|
| वर्ष | राज्य में स्थान |
| 2024 | पांचवां |
| 2023 | प्रथम |
| 2022 | प्रथम |
| 2019 | सातवां |
| 2018 | बारहवां |
| 2017 | छठा |
| 2016 | बारहवां |

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शुक्रवार को दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। जिसमें कोडरमा जिले के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें सैलून दुकान चलाने वाले का पुत्र निखिल कुमार ने 486 अंक लाकर जिला टॉपर बना। वह राज्य भर में नौवें स्थान पर है। उसकी पढ़ाई लिखाई सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया से हुई। उनके पिता का नाम नंदलाल ठाकुर है। वहीं आर्यन कुमार इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर है, उन्होंने 484 अंक हासिल किये, जबकि तीसरे स्थान पर अभिषेक कुमार पांडेय है। उन्होंने 483 अंक प्राप्त किये। अभिषेक सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया के छात्र हैं। बता दें कि जिला टॉप टेन में इस बार 17 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है, इसमें पांच छात्राएं हैं, जबकि जिले से इस बार कुल 12602 अभ्यर्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी थी, जिसमें 11648 उतीर्ण रहे। इसमें 7177 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 4021 द्वितीय श्रेणी तो 450 तृतीय श्रेणी में रहे। कोडरमा जिले इस बार 92.429 प्रतिशत के साथ राज्य में पांचवें स्थान है। जबकि इससे पहले लगातार दो साल से टॉप पर था।

**वर्ष 2023 में कोडरमा का ओवरअल प्रदर्शन :** इससे पहले वर्ष 2023 में कोडरमा का ओवरअल प्रदर्शन 99. 041 प्रतिशत रहा था, कोडरमा पूरे राज्य में अव्वल था। उस समय कुल 12525 अभ्यर्थियों में 12405 सफल रहे थे। इसमें 9824 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए थे, जबकि 2022 में भी प्रदर्शन के आाार पर कोडरमा राज्य में अव्वल था, उस समय 98. 13 प्रतिशत बच्चे सफल रहे थे। कुल 11048 में से 10841 बच्चे उतीर्ण हुए थे, इसके पूर्व के वर्षों में कोडरमा का प्रदर्शन खराब ही था।

**सैलून दुकान चलाने वाले के पुत्र ने किया कमाल, बनना चाहता है इंजीनियर :** जयनगर के गोहाल में सैलून दुकान चलाने वाले नंदलाल ठाकुर का पुत्र निखिल कुमार ठाकुर ने जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। जैक बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा परिणाम में निखिल 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉपर बना है। वह राज्य भर में नौवें स्थान पर है। खबर मन्त्र संवाददाता जब निखिल से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि वह इंजीनियर बनना चाहता है।

इसके लिए वह आईआईटी में कंप्यूटर इंजीनियरिग की पढ़ाई करना चाहता है। उन्होंने आगे कहा कि वह बोर्ड परीक्षा के बाद से ही आईआईटी की तैयारी में जुट गया है। निखिल अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ सभी परिवारजनों और शिक्षकों को दिया है। बातचीत में बताया कि वह आईआईटीएन बनना चाहता है। निखिल ने बताया कि परीक्षा के बाद से ही आईआईटी की तैयारी में जुट गया है। वह कंप्यूटर इंजीनियरिग करना चाहता है। निखिल के अनुसार कठिन परिश्रम से इस मुकाम को हासिल किया है। इस सफलता का श्रेय उसने अपने माता पिता के साथ ही परिवार और शिक्षकों को दिया है। जिला टॉपर बनने पर उनके पिता नंदलाल ठाकुर के साथ माता रीना देवी और भाई नितिश ठाकुर व अन्य ने बााई दी है।

### निखिल कुमार 486 अंक लाकर बने जिला टॉपर





### दसवीं बोर्ड कोडरमा जिला टॉप टेन

निखिल कुमार ठाकुर, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया : 486
आर्यन कुमार, हाई स्कूल कोडरमा : 484
अभिषेक कुमार पांडेय, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया : 483
नितिश कुमार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरवां चंदवारा : 480
सुमन कुमारी, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया : 477
जमील अंसारी, रामेश्वर मोदी महादेव मोदी प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवारा : 477
सूरज कुमार साव, हाई स्कूल जयनगर : 476
अंजली कुमारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय ढाब , 476
शशिकांत कुमार, हाई स्कूल जयनगर : 475
निशांत कुमार, हाई स्कूल जयनगर : 474
आरााना पांडेय, सीडी बालिका उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया : 474
आदित्य कुमार जायसवाल, हाई स्कूल कोडरमा : 474
आरााना कुमारी, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा : 474
अभिमन्यु वर्णवाल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरवां चंदवारा : 474
नितिश कुमार, सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया : 473
अरविंद कुमार, डीवीसी हाई स्कूल तिलैया डैम : 473
करीना कुमारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिमरिया मरकच्चो : 472

## झारखंड बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में चतरा की बेटी ज्योत्सना ज्योति बनी स्टेट टॉपर

### 496 अंक लाकर किया कमाल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड के पांडेयबागी गांव निवासी शिक्षक राजेंद्र कुमार दास की पुत्री ज्योत्सना ज्योति ने 500 में से 496 अंक लाकर पूरे प्रदेश में टॉप किया है। ज्योत्सना ज्योति हजारीबाग में संचालित इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा हैं और उन्होंने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। ज्योत्सना ज्योति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय परिवार को दिया है। उन्होंने कहा कि उनका सपना डॉक्टर बनने का है और निरंतर परिश्रम से उन्हें यह सफलता मिली है। झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास समेत अन्य ने भी छात्रा और उनके परिजनों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**डॉक्टर बनना चाहती हैं ज्योत्सना :** मैट्रिक पास करने के बाद आगे के बारे में ज्योत्सना ने बताया कि वह डॉक्टर बनना चाहती हैं। वह चाहती हैं कि डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करें। खासकर वहां तक पहुंचे जहां लोग इस सुविधा से वंचित हैं। कोई भी आर्थिक तंगी के अभाव में अपना दम नहीं तोड़े। वैसे लोगों की सेवा करना चाहती हैं।

**सरकारी स्कूल में पढ़ी है स्टेट टॉपर :** ज्योत्सना ज्योति शुरू से ही सरकारी स्कूल में ही पढ़ी हुई है। पांचवी तक की पढ़ाई उसने अपने गांव के ही सरकारी स्कूल में पूरी की थी। बाद में उसका एडमिशन हजारीबाग के इंदिरा गांधी विद्यालय में हो गया। वहां पर वह छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती थी।

**शिक्षा से ही खुलता है समाज निर्माण का मार्ग :** ज्योत्सना का कहना है कि शिक्षा से ही समाज निर्माण का मार्ग खुलता है। वह शुरू से ही पढ़ाई में तेज रही है। घर पर भी देर रात तक पढ़ाई करना उसकी रूचि बनी हुई थी। तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी ज्योत्सना के पिता के साथ-साथ उनके दादा जी भी सरकारी शिक्षक रह चुके हैं।

## मॉडर्न किड्स पैराडाइज में मनाया गया पृथ्वी दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** संरक्षित एवं प्रदूषण मुक्त पृथ्वी की कल्पना करते हुए जिले के मॉडर्न किड्स पैराडाइज के नन्हे बच्चों ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर संपूर्ण पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिए। तरह-तरह के पेड़ रूपी पोशाक पहने बच्चे पेड़ पौधे की महत्व को बताते हुए काफी खुश नजर आए। गतिविधि के तौर पर बच्चों से कागज चिपकाकर पेड़ बनवाए गए। पृथ्वी दिवस से संबंधित गीत सिखाए गए। इसके अलावा कक्षा ज्ञ के छात्रों ने विद्यालय प्रांगण में पौधे लगाए और अन्य छात्रों को जागरूक करने का प्रयास किया। स्वयं विद्यालय प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने बच्चों के साथ पौधे लगाकर उन्हें समझाया कि सभी जीव जंतुओं एवं मनुष्यों को पेड़ क्यों आवश्यक है? उन्होंने संपूर्ण पृथ्वी के संरक्षण की बात समझाते हुए कहा कि हमें बेवजह पानी की बर्बादी नहीं करनी चाहिए, ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाकर लोगों को पेड़ काटने से रोकने के लिए जागरूक करना चाहिए।

वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने कहा कि हमें इन छोटे-छोटे बच्चों से सीखने की आवश्यकता है, जो इतनी तन्मयता से पौधों के रूप में सज धज कर आए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए संकल्प लेने की बात कही।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 17 छात्रों का चयन



**कोडरमा।** विद्या भारती संस्कृत शिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र, हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 17 छात्रों का चयन हुआ है। सभी छात्रों को प्रमाण-पत्र दिया गया। जबकि इसमें तीन छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर निशा शर्मा को प्रथम स्थान, असदक शहजाद को द्वितीय स्थान और शशि शेखर को तृतीय स्थान मिला है। इन तीनों छात्रों को प्रमाण-पत्र के साथ मेडल भी दिया गया है। चयनित छात्रों में सुमित कुमार, वैष्णवी कुमारी, राजवीर मोदी, शौर्य तिवारी, प्राची कुमारी, वीणा कुमारी, खुशी सिंह, सृष्टि कुमारी, बबली कुमारी, साक्षी राज, पीयूष राज मोदी, शिवम यादव, आराया जायसवाल और एंजेल भारती के नाम शामिल हैं। स्कूल असेंबली में इन बच्चों को स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने मेडल पहनाकर और प्रमाण-पत्र देकर सभी को बधाई दी। वहीं प्राचार्य ने कहा कि हर तरह की प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के चतुर्दिक विकास का हर संभव प्रयास किया जाता है। ऐसे कई कार्यक्रम कराए जाते हैं जहां बच्चों की प्रतिभा निखरती है। इसके अलावा इस परीक्षा में सफल होने पर निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार और हिंदी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय को भी प्रमाण-पत्र दिया गया है।

## चतरा के सक्षम कुमार ने 490 अंक प्राप्त कर जिला में किया टॉप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया, जिसमें चतरा जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर चतरा के छात्र सक्षम कुमार ने 490 अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया है और राज्य में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। सक्षम कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और कड़ी मेहनत को दिया है। चतरा जिले के अन्य छात्रों ने भी मैट्रिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया है। रिशु राज ने 482 अंक प्राप्त कर दूसरा, मनीदीप राज ने 481 अंक प्राप्त कर तीसरा, अर्चना कुमारी ने 480 अंक प्राप्त कर चौथा, अजय कुमार ने 477 अंक प्राप्त कर पांचवां, अमन कुमार और दीपक कुमार ने 475 अंक प्राप्त कर छठा, सत्यम कुमार और सुमित कुमार केसरी ने 474 अंक प्राप्त कर सातवां और निखिल कुमार ने 473 अंक प्राप्त कर जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया है।

## मैट्रिक स्टेट टॉपर ज्योत्सना ज्योति को जिप उपाध्यक्ष ने दी बधाई

**चतरा।** जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में पूरे राज्य में टॉप करने वाली चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड के पांडेयबागी गांव निवासी शिक्षक राजेंद्र कुमार दास की पुत्री ज्योत्सना ज्योति को बधाई दी है। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि यह चतरा जिले के लिए गौरव का क्षण है और ज्योत्सना ज्योति की उपलब्धि जिले के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। उन्होंने कहा कि ज्योत्सना ज्योति की सफलता से जिले के छात्र-छात्राओं को और भी बड़ी सफलता हासिल करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। ज्योत्सना ज्योति ने मैट्रिक परीक्षा में 500 में से 496 अंकों के साथ पूरे राज्य में टॉप किया है। ज्योत्सना ज्योति की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, स्कूल और जिले के लोगों ने खुशी जताई है।

## अवैध शराब के विरुद्ध चला छापामारी अभियान

**कोडरमा।** आगामी लोक सभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के आदेशानुसार गुरूवार को अधीक्षक उत्पाद सुजीत कुमार के पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल कोडरमा, अवर निरीक्षक उत्पाद कोडरमा अंचल एवं अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-2, कोडरमा के द्वारा डोमचांच थानान्तर्गत बेहराडीह एवं शहीद चौक में अवैध शराब के विरुद्ध विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया गया। छापामारी में कुल 12. 960 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं 78 लीटर अवैा बीयर बरामद किया गया। साथ ही अवैध शराब के व्यापार में संलिप्त कुल 3 व्यक्तियों जिसमें सन्नी कुमार, मनीष मेहता एवं पवन कुमार को उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## वोटर हेल्पलाइन एप्प की मदद से घर बैठे निर्वाचन संबंधित जानकारी प्राप्त करें : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आज के डिजिटलाइजेशन के इस दौर में चीजें काफी आसान हो गई हैं। अब घर बैठे ही जनता ऑनलाइन माध्यम से तमाम सुविधाओं का लाभ उठा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग ने भी मतदाताओं की सुविधा के लिए तमाम प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है। जिसके जरिए जनता घर बैठे ही न सिर्फ मतदाता रजिस्टर चेक कर सकती है, बल्कि निर्वाचन नामावली में मतदाता का नाम है या नहीं यह भी जान सकती है और मतदाता सूची में नाम ऑनलाइन जोड़ सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन एप्प से पात्र मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढना, मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना समेत निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलावासियों से अपील की है कि अगर मतदाता सूची से अभी भी वंचित है, तो वोटर हेल्पलाइन एप्प अथवा राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी के मायम से फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकते हैं। 01 अप्रैल 2024 की अहर्ता तिथि को यदि आपकी आयु 18 वर्ष या उससे आिक हो चुकी है तो वोटर हेल्प लाईन एप्प, एनवीएसपी पोर्टल के द्वारा ऑनलाईन अथवा अपने क्षेत्र के बीएलओ, प्रखंड, अंचल, नगर पंचायत, नगर परिषद कार्यालय के पास फॉर्म 6 जमा कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2024 है।



**सब कुछ बस एक क्लिक में :** वोटर हेल्पलाइन एप के जरिए मतदाताओं के लिए सुविधाओं को काफी आसान और सरल किया गया है। जिसके जरिए मतदाता, वोटर रजिस्ट्रेशन, वोटर सर्विस, ई-मतदाता कार्ड, चुनाव की जानकारी, प्रत्याशियों की जानकारी, चुनाव के नतीजे के साथ ही शिकायत और सुझाव भी दे सकते हैं।

**20 मई को है कोडरमा में लोकसभा चुनाव :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 मई 2024 को मतदान दिवस है। इस दिन सभी मतदाता आगे आकर अपना फर्ज निभाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नैतिक मतदान करें।

## एक नजर में

### थोड़ी सी सावधानी से रोकी जा सकती है आग की विभीषिका : बिमल चंद्र मांझी

**कोडरमा।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत बी आर इंटरनेशनल स्कूल में अग्निशमन विभाग के बिमल चंद्र मांझी व उनके सहयोगी हेमन्त कांडूला द्वारा ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों व कर्मियों को आग से बचाव एवं आग पर काबू पाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। वहीं निदेशक ओपी राय ने आकािरियों को मोमेंटो भेंट किया। प्रशिक्षण के क्रम में फायर ब्रिगेड ऑफिसर बिमल चंद्र मांझी ने बताया कि हम सबों के छोटी सी गलतियों के कारण आग से बड़ी बड़ी दुर्घटनाएं होती है, इसलिए हमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करनी चाहिए, लोग अग्नि से होने वाले घटनाओं में ज्यादा पैनिक हो जाते हैं, जबकि उस समय अपने को संयमित कर आग पर काबू पाने के लिए कार्य करनी चाहिए। कार्यक्रम में सुनील कुमार, ताबरक अंसारी, केदार साव, कमलेश कुमार, नागेंद्र सिंह, शिवम सिंह, शाहिस्ता परवीन, मनीष कुमार, बिनोद सिंह समेत सभी शिक्षक एवं कर्मी मौजूद थे।

### हाथियों का उत्पात जारी, चौथी बार तोड़ा विद्यालय का दरवाजा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बेरहवा जंगल को हाथियों का झुंड ने अपना बसेरा बना लिया है। दिनभर जंगल में आराम करने के बाद रात में हाथी खाना की तलाश में निकलते हैं। रात्रि में मदमस्त होकर हाथी बेरहवा जंगल से सटे ग्रामीणों के द्वारा लगाए गए फसल के साथ-साथ अन्य सामानों को भी बर्बाद कर रहे हैं। गुरुवार की शाम लगभग सात बजे हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी दशारो पंचायत के ग्राम खैरोन स्थित नव प्राथमिक विद्यालय खैरोन में चौथी बार जमकर उत्पात मचाया। उसके पहले भी हांथियों का झुंड विद्यालय पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया थाऔर विद्यालय का कई दरवाजा तोड़कर चावल, कागजात व अन्य सामानों को बर्बाद कर दिया।

### अप्राथमिकी अभियुक्त असगर अंसारी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र अन्तगर्त प्रतियासिंगहा जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ पाया गया था। जिसे लेकर 6 फरवरी 2024 को मृतक की पहचान कर मृतक के पुत्र 35 वर्षीय सुलतान अंसारी पिता स्व.सकुर मियां साकिन निमाडीह थाना ानवार (घोडथम्बा ओपी) थाना में लिखित आवेदन दिया कि इनके पिता सकुर मियां की हत्या कर शव को छिपाने के नियत से जंगल में फेंक दिया गया है, जिसके आाार पर नवलशाही थाना कांड सं-06/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसे लेकर एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस व्यान जारी कर कांड का उद्भेदन किया। वहीं एसपी ने बताया कि कांड के अनुसांान के क्रम में कांड में संलिप्त 35 वर्षीय द्वारिका तुरी उर्फ द्वारिक पिता स्व.हरि तुरी एवं 46 वर्षीय समसुल अंसारी पिता स्व. सकुर मियां दोनों ग्राम निमाडीह थाना राजानवार, घोडथम्बा ओपी जिला गिरीडीह को गिरफ्तार कर 10 फरवरी 2024 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त दोनों अभियुक्तों के द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में घटना में संलिप्त अन्य अप्राथमिकी अभियुक्त 52 वर्षीय असगर अंसारी उर्फ गारो दा पिता गनी मियां साकिन निमाडीह थाना ानवार घोडथम्बा ओपी जिला गिरीडीह को कांड में संलिप्त रहने की बात बताई गई। वहीं एसपी के निर्देशानुसार फरार अप्राथमिकी अभियुक्त असगर अंसारी की गिरफ्तारी को लेकर सघन छापामारी किया गया एवं 18 अप्रैल 2024 को अप्राथमिकी अभियुक्त असगर अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त असगर अंसारी उर्फ गारो दा के विरूद्ध इस कांड के अलावे निम्नलिखित काण्ड दर्ज है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर, कार्यक्रम स्थल पर लगाए जा रहे हैं पंडाल

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर की ाार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव सह 43वां वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर है। बता दें कि मंडल के द्वारा 22 व 23 अप्रैल को बड़े ही ूमााम से श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया सह मंडल का 43वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर मंडल के अयक्ष नवीन सिन्हा व सचिव विक्की केसरी ने बताया कि 22 अप्रैल को सुबह 7 बजे स्टेशन रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल केदारनाथ राम गोपाल की फैक्ट्री अड्डी बंगला रोड पहुंचेगी। जिसके बाद सस्वर सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा, ततपश्चात् शहर की विभिन्न भजन मंडलियों के द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएंगे। वहीं बाहरी कलाकार में दीपक अरोरा, अभिषेक सिंगल समेत कई कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

### टंडवा एनटीपीसी में लगी भीषण आग, हुआ करोड़ों का नुक्सान

**टंडवा (चतरा)।** नॉर्थ करणपुरा थर्मल पावर टंडवा में भेल कंपनी के स्टोर के समीप इलेक्ट्रिकल कार्य के दौरान लापरवाही के कारण केबल में आग लग गई, जिससे भेल कंपनी के एलडीपीई तीन से लेकर स्टोर सात तक रखे गए सामानों में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि इसे बुझाने में आठ दमकलों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस घटना में भेल कंपनी को लगभग तीन से चार करोड़ का नुकसान हुआ है। आग की चपेट में भवानी कंपनी का कुछ रखा सामान भी जलकर राख हो गया। फिलहाल, नुकसान का सही आंकड़ा अभी तक सामने नहीं आया है। कंपनी के अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद ही इंश्योरेंस क्लेम कर क्षतिपूर्ति भरपाई करेंगे।

### बीडीओ ने बीएलओ और वॉलिंटियर साथ की बैठक

**गिद्धौर।** शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलओ और वॉलिंटियर के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित लोगों को लोकसभा 2024 चुनाव की बेहतर तैयारी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में बीएलओ को बूथ अवेयरनेस ग्रुप के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए। वॉलिंटियरों को मतदान करने वाले बुजुर्ग, विकलांग और अपाहिज लोगों की हर संभव मदद करने के लिए कहा गया। बैठक में प्रखंड में मतदान शत-प्रतिशत करवाने और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर भी चर्चा हुई। प्रशिक्षण में बूथ पर सुविधा मुहैया कराने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बातों पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बीपीआरओ दिगंबर पांडेय, बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा, बीएलओ सुनैना देवी, संगीता देवी, कांति देवी, मालती देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### जुलूस में भक्ति गीत संगीत पर झूमते रहे श्री राम भक्त

**सिमरिया।** अनुमंडल मुख्यालय में दशमी का जुलूस गुरुवार की देर रात निकाला गया । कार्यक्रम की शुरूआत महासमिति के मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ,जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहु ,महासमिति अध्यक्ष सुबोध पांडेय महासमिति के संरक्षक दयानिधि सिंह सहित अन्य आगुंतुकों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर हुआ। विजयादशमी के जुलूस में प्रखंड क्षेत्र के सात अखाड़ा शामिल थे ।विभिन्न क्लबो के द्वारा आयोजित जुलूस देर रात सिमरिया चौक पहुंचना शुरू हुआ। सभी कल्बो और अखाड़ों द्वारा जुलूस में झांकी प्रस्तुत किया गया था ।यह जुलूस गुरुवार की देर रात्रि से शुरू हुआ जो शुक्रवार को 11 बजे तक प्रदर्शन करते रहा।

स्पीड न्यूज

## राजकीय कृत उच्च विद्यालय सीलम का परीक्षा फल रहा बेहतर

**रायडीह।** झारखंड अधिविध परिषद रांची ने कक्षा दसवीं का रिजल्ट जारी कर दिया। रायडीह प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कृत उच्च विद्यालय सीलम के प्रधानाध्यापक सुमित कुमार नंद ने बताया कि उनके विद्यालय से इस वर्ष 106 विद्यार्थियों ने मैट्रिक का परीक्षा लिखें थे। जिसमें 103 उत्तीर्ण हुए हैं। वही तारा लकड़ा 81 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनी। द्वितीय स्थान पर सुजीत कुमार 75.6 प्रतिशत और लवली बड़ा 75 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान प्राप्त की। प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक शिक्षिकाओं और सहपाठियों ने मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दिया और आगे की उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण करने के साथ अपने जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए मार्गदर्शन करते हुए शुभकामनाएं दिए।

## ट्रैक्टर के पलटने से नाबालिक मजदूर की मौत

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के तेतरा पुल के समीप ईट लाने जा रहे ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर में मजदूरी का काम करने वाले बंगरू पालकोट निवासी ललित सोरेन पिता सुखदेव सोरेन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर चालक व एक मजदूर घटना स्थल से फरार हो गया। ट्रैक्टर पालकोट निवासी किसी अशोक साहू नामक व्यक्ति का है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर के चक्का में हवा भर कर ट्रैक्टर ईट लाने भट्ठा जा रहा था। तभी आगे का चक्का ब्लास्ट कर गया। जिसके बाद तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर खेत में पलट गया और ललित मुंह के बल खेत में गिर गया। जिससे उसका गर्दन मुड़ कर टूट गया और अत्यधिक रक्तस्राव से उसकी मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह लगभग 7:00 की बतायी जा रही है। वहीं बसिया थाना के एएसआई बुद्धदेव उरांव ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। जहां पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौंप दिया गया।

## अज्ञात लोगों ने मारपीट कर एक व्यक्ति को किया घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के लौकी गोसाई कोना निवासी चौठ प्रधान को अज्ञात लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति गुरुवार की शाम केउंद टोली मेहमान गया था। वहीं शुक्रवार की सुबह लगभग 5:00 बजे खून से लथपथ घायल अवस्था में अपने घर पहुंचा। कुछ लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट किया था। वही उसके सिर व चेहरा में गंभीर चोट लगी है। उसने बताया कि गांव में ही रात को तीन लोगों ने घेर कर उसे लाठी डंडा व पत्थर से कुचकर मारपीट किया। और मरा हुआ समझकर छोड़कर भाग गए। वहीं सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गुमला जिले के मैट्रिक परीक्षा में 91.86 फीसदी छात्र-छात्राएं हुए उत्तीर्ण

## राज्य के औसतन अंक से अधिक है एवं गुमला जिले ने राज्य में 7वां स्थान प्राप्त किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची के द्वारा शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। मैट्रिक परीक्षाओं में 91.86 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुए।

मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में गुमला जिला पूरे राज्य में सातवें स्थान पर रहा। पिछले वर्ष की तुलना में झारखंड राज्य में गुमला 17 वीं रैंक पर था लेकिन इस वर्ष 7 वे रैंक का सफर तय करते हुए राज्य में शिक्षा के स्तर में एक बेहतर उपलब्धि हासिल की है। इस बार की मैट्रिक परीक्षाओं में गुमला जिले में 91.86 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं।

जो की राज्य के औसतन अंक से अधिक है। इस वर्ष जिले में 6557 छात्रों एवं 7373 छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें से कुल 2879 छात्र एवं 3679 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया।

जबकि 47.078 प्रतिशत विद्यार्थियों ने इस बार मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं 2759 छात्र एवं 3021 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा 255 छात्र एवं 459 छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

गुमला जिले में 2023 में उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के दिशा निर्देश से प्रारंभ हुए सिकछा कर भेंट गतिविधि के तहत मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में सुधारात्मक परिणाम हेतु लगातार कई गतिविधि करते हुए विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को बेहतर करने का प्रयास किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप राज्य स्तर में पिछले वर्षों को तुलना में जिले को एक अच्छी उपलब्धि प्राप्त हुई। इस मौके पर जिला उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने जिले के सभी मैट्रिक के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को उनके उपलब्धि के लिए बधाई एवं आगमी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## 84 प्रतिशत अंक लाकर शेख तबारक बना विद्यालय टॉपर


शेख तबारक

**जारी।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट से बच्चों में कहीं खुशी तो कहीं गम देखने को मिला। प्रखंड के संत पियुस जनता उच्च विद्यालय भिखमपुर से कुल 113 विद्यार्थी परीक्षा मे शामिल हुए थे। जिसमे प्रथम श्रेणी से 63 छात्र छात्राएं उर्तीण हुए। वहीं विद्यालय का रिजल्अ शत प्रतिशत रहा। संत पियुस जनता उच्च विद्यालय भिखमपुर के छात्र शेख तबारक 84 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना। वहीं अजय कुमार व रोमिला ग्रेस मिंज 82 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे, रोमी राज टोप्पो 78 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे, निशा तिर्की 77.5 प्रतिशत अंक के साथ चौथे, निकिता मिंज 77.4 अंक के साथ पांचवें, राजेश्वर मिंज 77.9 के साथ छाठवें, सुष्मिता कुमारी व सुष्मिता तिर्की 77.4 अंक के साथ सातवें, अस्मिता डुंगडुंग 77.01 प्रतिशत अंक के साथ आठवें स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर ग्रेगोरी कुल्लू ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों का मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह रिजल्ट अच्छा है।

## आरएन सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा की छात्रा
# रिद्धिमा सिंह 96 .8 अंक के साथ बनी जिला टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड अधिविद परिषद द्वारा शुक्रवार को जारी मैट्रिक परीक्षा के परिणाम के अनुसार आरएन सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा सिसई की छात्रा रिद्धिमा सिंह पिता संजय सिंह परीक्षा में 484 अंक लाकर जिला टॉपर बना। वहीं दूसरे स्थान पर अपग्रेड हाई स्कूल घाघरा का छात्र अमित उरांव पिता परमेश्वर उरांव एवं यूसी गर्ल्स हाई स्कूल गुमला की छात्रा रिद्धिमा कुमारी पिता मनोज साहु 479 अंक लाकर संयुक्त रूप से जिले में दूसरे स्थान पर रहे।


दूसरे स्थान पर अमित उरांव

जबकि संत पात्रिक हाई स्कूल गुमला के छात्र सूरज कुमार पिता परमेश्वर साहु व अपग्रेड हाई स्कूल पबैया भरनो की छात्रा माही कुमारी पिता गणेश साहु परीक्षा में 477 अंक के साथ तीसरे स्थान पर, संत पात्रिक हाई स्कूल गुमला के छात्र सक्षम अग्रवाल पिता अनिल कुमार अग्रवाल 476 अंक के साथ चौथे, विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर बसिया के छात्र अनिकेत कुमार पिता राजकुमार गुप्ता व अपग्रेड हाई स्कूल पबैया भरनो की छात्रा अंजनी कुमारी पिता राजू साहु एवं जनता हाई स्कूल डुमरी की छात्रा शालिनी कुमारी पिता सुमंगल भगत 473 अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवें एवं विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर बसिया की छात्रा पूजा कुमारी पिता संजय पानीग्रही 472 अंक के साथ छठवें स्थान पर रही।

जिले के टॉप टेन विद्यार्थियों में छात्राएं अव्वल रही। दो छात्रों को छोड़कर टॉप टेन में सभी छात्राएं ही शामिल हैं। रिजल्ट पर गौरव करें तो छात्रों की तुलना में छात्राओं का प्रदर्शन मैट्रिक परीक्षा में बेहतर रहा।

## घाघरा के बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कई विद्यालयों के बच्चो ने मैट्रिक की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, शिक्षक व माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस बाबत बुधवार को शिक्षको ने अपने अपने विद्यालय में बेहतर किया छात्रों के परीक्षा परिणाम की जानकारी दिया। इस क्रम में राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोटाम्बी के छात्र अमित उरांव ने 95.80, नीरज बैठा 92.80, संत युद्ध हाई स्कूल नवडीहा की छात्रा उमा कुमारी 93.40, एसएस हाई स्कूल घाघरा के तौसीफ राजा 92.60, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र रॉकी साहू 90.60 व लकी साहू 90.60, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी ने 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन की है। सभी शिक्षण संस्थान और विद्यालयों के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर आगे और अधिक मेहनत कर सफलता हासिल करने की बात कही।

## 96 प्रतिशत अंक लाकर मैट्रिक परीक्षा में सत्यार्थ मौर्य ने विद्या मंदिर का परचम लहराया





फोटो कैप्शन8,9और 10 विद्यालय के टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर का मैट्रिक परीक्षा का परीक्षा फल अत्यंत उत्कृष्ट रहा। 90% से ऊपर 13 विद्यार्थियों ने परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं पर 51 बच्चो ने 80% से ऊपर परीक्षा फल प्राप्त किया, 60 विद्यार्थी ने 70 प्रतिशत एवं 32 विद्यार्थी ने 60% से ऊपर अंक प्राप्त किया।सत्यार्थ मौर्य ने 96% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर आदित्य कुमार (95%) एवं तृतीय स्थान पर हर्ष कुमार ठाकुर एवं मोहित कुमार सोनी (93.2%) रहे। 90% से ऊपर लाने वाले बच्चो में सत्यार्थ मौर्य, आदित्य कुमार, हर्ष कुमार ठाकुर, मोहित सोनी, नैंसी कुमारी, कृष कुमार, अस्मित कुमार गोप, रितिका कुमारी, मुस्कान वर्मा, रोहण कुजूर, प्रियांशु राज, गुण पांडेय, प्रियांशु कुजूर । शत प्रतिशत भैया बहनों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय का नाम नाम गौरवान्वित किया । विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा फल से पूरा विद्यालय परिवार अत्यंत उत्साहित है। इस मौके पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल , विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास सहित सभी आचार्य आचार्या ने सभी भैया बहनों के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## एसएस उच्च विद्यालय रायडीह का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

**रायडीह।** झारखंड अधिविध परिषद के द्वारा शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिससे एस एस उच्च विद्यालय रायडीह के देवा कुमार 438 अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना। वहीं दूसरे स्थान पर सुमित महतो 433 अंक के साथ रहा। जबकि तृतीय स्थान पर नरगिस प्रवीण 412 अंक के साथ व विद्या कुमारी 385 अंक के साथ चौथे, सलोनी प्रिया कुमारी 384 अंक के साथ पाचवें, कृपा कुमारी 381 अंक के साथ छाठवें, राधिका कुमारी 369 अंक के साथ सातवें, अंबिका कुमारी 361 अंक के साथ आठवें, खुशबू कुमारी 361 अंक के साथ नौवें व सोनी कुमारी 361 अंक के साथ दसवें स्थान पर रही। एसएस उच्च विद्यालय रायडीह से कुल 68 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें 66 विद्यार्थी उतीर्ण हुए है। 38 प्रथम श्रेणी से, 27 द्वितीय श्रेणी और एक तृतीय श्रेणी से उर्तीण हुआ।

## जतरा टाना भगत व कोयलेश्वर नाथ विद्या मंदिर का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

**गुमला।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची के द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में जतरा टाना भगत विद्या मंदिर बिशुनपुर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। स्कूल से परीक्षा में कुल 88 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण से 59 व द्वितीय श्रेणी से 29 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं विशुनपुर प्रखंड स्थित .कोयलेश्वर नाथ विद्या मंदिर बनारी परीक्षा से कुल 29 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम श्रेणी से 25 व द्वितीय श्रेणी से 13 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं एक विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ। विद्यालाय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

## मैट्रिक में 97.8 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बनी माही ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जैक बोर्ड के दसवीं परीक्षा का रिजल्ट शुक्रवार को जारी हुआ,जिसमे लोहरदगा जिला की टॉपर बनी माही ठाकुर। ऊर्सलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल की छात्रा माही ठाकुर ने पूरे जिले में सबसे ज्यादा 97.8 प्रतिशत लाकर जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। माही ठाकुर इस प्रदर्शन से काफी खुश है और अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों और शिक्षको को देते हुए बताया की उन्होंने पढ़ाई के प्रति हमेशा सपोर्ट किया । माही भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। उन्होंने स्कूल में पढ़ाई कर रहे बच्चो से कहा है की लक्ष्य रखकर नियमित रूप से पढ़ाई करे सफलता जरूर मिलेगी।

## विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में किया शानदार

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। मैट्रिक की परीक्षा में उत्का गांव के निवासी बसंत साहु के सुपुत्र विनय साहु ने 89.4 प्रतिशत सुमन कुमारी 88.80 सोनू कुमार, 87.40 अर्चना कुमारी 86.80 , सुमित कुमार सिंह 85.20 ,जया कुमारी 84.40 ,दिव्यांक वर्मा 84.20 ,निशांत पांडे 83.40 ममता कुमारी 82 ,अनामिका कुमारी 81.40 , किरण कुमारी 80.40 , अमित कुमार 80 लाकर प्रखंड में स्थान प्राप्त किए हैं। विद्यालय से कुल 38 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था जिसमें 36 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया शेष 2 दूसरे स्थान पर रहें। 13 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में शानदार और सराहनीय प्रदर्शन किया।

# राज्यस्तरीय टीम ने जारी प्रखंड के स्कूलों का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के क्रम में मिल रही सुविधाओं व समस्याओं की ली जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी।** राज्य स्तरीय गठित टीम ने शुक्रवार को जारी प्रखंड के दो स्कूलों की औचक निरीक्षण किया। जांच टीम राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जारी पहुंची। जहां टीम के सदस्यों ने पूरे स्कूल का निरीक्षण करने के बाद विद्यालय के एच एम रोशन बाखला को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिसके बाद जांच दल झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय जारी पहुंची। जहां जांच टीम ने स्कूल के छात्राओं से कई तरह की जानकारी ली। उनकी समस्याओं को सुना। वही किचन रूम जाकर मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की भी जांच किया। करीब 1 घंटे तक स्कूल के हर कक्षा को बारीकी से जांच किया गया। वहीं जांच टीम के सदस्यों के द्वारा स्कूल के वार्डेन शोभा मुक्ता कुल्लू को स्कूल के सभी छात्राओं की देखभाल सहित इनकी हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। साथ ही जांच टीम में आये खुशबू अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ जो झारखंड शिक्षा परियोजना रांची में प्रतिनियोजित हैं उन्होंने कहा कि गुमला जिले में कुल 29 स्कूलों का निरीक्षण करना है।

वही हर प्रखंड के 2-2 स्कूलों में विजिट कर स्कूलों की समस्या के बारे में जानना है। स्कूलों में साफ सफाई कितनी है। स्कूल में क्या सुविधा है।

जिससे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों क्या परेशानियां होती है। इन सब चीजों की पहल करना है। जिससे स्कूलों में सही वातावरण बना रहेगा और बच्चों को पढ़ाई में मन लगेगा। इन सब चीजों के लिए विभाग के द्वारा पहले ही निर्देश जारी कर दिया गया था। हम बस यह देखने आए थे कि निर्देश का पालन हुआ है या नहीं। इसमें यह है कि हाउस में झंडे होने चाहिए, बच्चे 4 हाउस में डिवाइड होने चाहिए, हाउस का नाम जो झारखंड के नदी ,फूल या किसी ब्यक्ति पर होनी चाहिए।


विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे टीम के सदस्य

इन सभी का अनुपालन देखने के लिए हम सभी आये हुए थे। हालांकि आवासीय विद्यालय में खेल की सामग्री की आवश्यकता है। हम सभी इसकी मांग विभाग से करेंगे। जिससे बच्चे खेल में भी ध्यान दे सकेंगे।

इस अवसर पर प्रीति मिश्रा, पिरामल फाउंडेसन के विमल जी, लेखापाल मुकेश कुमार, विक्टोरिया मिंज, अमिता तिर्की, राजेन कुजूर अशोक खलखो, बसंती केरकेट्टा, जोसेफ टोप्पो, कांता ग्रेस जोजवार उपस्थित थे।

एक नजर में

## जिले में दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 5 गंभीर रूप से घायल

**लोहरदगा।** जिले में दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई वही पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना जिले के कैरो थाना क्षेत्र की है जहां नगजुवा में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान पंचगाई निवासी 20 वर्षीय अजहर अंसारी पिता सलाम अंसारी के रूप में हुई है। मृतक युवक नगजुवा में मोबाइल दुकान करता था कल रात मोबाइल दुकान बंद कर पैदल अपने घर जा रहा था तभी तेज रफ़्तार अज्ञात मोटरसाइकिल ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे अजहर गंभीर रूप से घायल हो गया वही स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए आनन फानन में रांची ले जाया जा रहा था इस दौरान रास्ते में ही अजहर की मौत हो गई। वही दूसरी घटना सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरही केंद्रीय विद्यालय के समीप शुक्रवार की सुबह बाराती गाड़ी ने नियंत्रित होकर पेड़ पर टक्कर मार दी इस हादसे में बोलेरो सवार 8 लोग घायल हो गए। वही 5 लोगो को अधिक चोट आई हैं उन घायलों को बेहतर इलाज के सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार भरनो से लोहरदगा ओयना करम टोली बोलेरो में लोग बारात आए थे। सुबह घर लौटने के क्रम में बोलेरों अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। घायलों की पहचान भरनो निवासी 30 वर्षीय सुराजमुनि कुमारी, 23 वर्षीय रंजना लिंडा, 37 वर्षीय सलगी देवी 16 वर्षीय सुमंति कुमारी और 27 वर्षीय संजीत उरांव शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद घायलों की स्थिति सामान्य बनी हुई है।

## लोकसभा चुनाव के लिए वाहनो का किया गया अधिग्रहण

**भंडरा।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में वाहनों की अधिग्रहण के लिए शुक्रवार को जिला परिवहन विभाग व भंडरा पुलिस द्वारा सयुक्त रूप से लोहरदगा भंडरा सड़क में अभियान चलाया गया । इस अभियान में परिवहन विभाग के एमवीआई संतोष सिरिल बेशरा, सड़क सुरक्षा पदाधिकारी अमितेश गिरी सहित अन्य परिवहन कार्यालय कर्मी शामिल थे । इस संबंध में अमितेश गिरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में चुनाव कार्य में प्रयोग करने के लिए वाहनों की जपती अभियान चलाई गई । इस अभियान में 25 ट्रक, बोलेरो, 407, पिकअप सहित अन्य वाहनों को जपती सूची देकर 10 मई को चुनाव कोसांग के वाहन शाखा में वाहन जमा करने का निर्देश दिया गया।

## लोहरदगा के पॉश इलाका में एक बार फिर हुआ दरवाजा की ताला तोड़कर दिन दहाड़े चोरी

**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ाटोली मंगल देव कॉलोनी वार्ड नं 4 में रविरंजन यादव के घर की बाउंड्री तड़प दरवाजे का ताली तोड़ कर घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े इस घटना को अंजाम देते हुए गोदरेज को तोड़ कर उसमें रखे कीमती जेवरात चोरी कर ले भागे। चोरी में उपयोग किया गया सबल को चोरों ने वही छोड़ गए । बताया जाता है की घर रविरंजन यादव पत्नी निधि देवी का है। घर के मालिक रविरंजन यादव सुबह सात बजे अपनी व्यवसाय को लेकर दुकान गए हुए थे। वहीं घर की मालकिन निधि देवी 12बजे अपने पति को खाना पहुंचाने कैमो की दुकान में गई थी। उसी बीच चोरों ने मौका पाकर पीछे की बाउंड्री फांद घर के दरवाजा में लगे ताला को तोड़ प्रवेश कर गए। घर के अंदर चार गोदरेज में से एक गोदरेज में रखे कीमती सोने एवं चांदी का जेवरात के साथ नकदी डेढ़ लाख रुपैया ले चोर हुए फरार। मौके पर लोहरदगा पुलिस संजय कुमार दल बाल के साथ पहुंचे और आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गए है। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी को खंगालने का कार्य किया जा रहा है।

## भाजपा प्रत्याशी समीर उराँव 24 अप्रैल को करेंगे नामांकन

**लोहरदगा।** जिला भाजपा के जिला पदाधिकारी की कामकाजी बैठक जिलाध्यक्ष मनीर उराँव अध्यक्षता में लोहरदगा भाजपा जिला कार्यालय बक्सीडिपा स्थित सभागार में की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड भाजपा प्रदेश महामंत्री सह लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री सह लोकसभा संयोजक मुनेश्वर साहू,भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुनीता सिंह, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी कमलेश उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत,विशुनपुर विधानसभा प्रभारी भूपन साहू ,सह संयोजक विशुनपुर भिखारी भगत,सागर उराँव उपस्थित थे। बैठक का मुख्य रूप से को भाजपा लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उराँव का नामांकन गुमला में 24 अप्रैल दिन बुधवार को निर्धारित समय पर करेंगे। नामांकन तैयारी के नीमित बैठक में योजना बनाई गयी ।जिसमें सभी पदाधिकारियों को प्रदेश महामंत्री और लोकसभा प्रभारी के द्वारा विभिन्न कार्यो की जिम्मेवारी दी गई। नामांकन ससमय समर्थक कार्यकर्ता पहुंचे उसके लिए भी बैठक में योजनाएं बनाई गई। मंच संचालन जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद, सामेला भगत, नीरज कुमार नलिन, हर्षनाथ महतो,सूरजमोहन साहू,मीना बाखला, प्रदीप प्रसाद,भारती सिन्हा,जगनंदन पौराणिक, अनिल उराँव,छेदी राम,विमलकांत सिंह, सुरेश बैठा, कलावती देवी,संजय चौधरी,मनिष शिखर, प्रकाश नायक, सुदामा प्रसाद, अमरेश भाती, मुकेश साहू,सूरज दसोंधी,लखन उरांव, विवेक सोनी, नवीन कुमार साहू, श्यामकिशोर पाठक,केदार साहू, गोपाल साहू,सनोज वर्मा उपस्थित थे।

## मतदान एक राष्ट्रीय पर्व है: पीडीजे

**लोहरदगा।** स्वीप कोषांग लोहरदगा की ओर से व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में पीएलवी मेम्बर्स के साथ मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीडीजे, अरविंद कुमार पांडेय, डालसा सचिव राजेश कुमार और स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि मतदान एक राष्ट्रीय पर्व है। पीएलवी मेम्बर्स सभी गांवों में जाते हैं। वहां जाकर मतदाताओं को जागरूक करें। अन्य जागरूकता कार्यक्रम की तरह भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को भी करें। डालसा सचिव ने कहा कि पहले सिर्फ ग्रेजुएट को ही मतदान का अधिकार हुआ करता था। उसके बाद अमेरिका जैसे देशों में भी यह पूरी तरह लागू नहीं हुआ। भारत जैसे बड़े देश मे भी इसे लागू कराने में दिक्कत हुई। लेकिन अब मतदान का अधिकार सबको मिला हुआ है। मतदाता को मत का अधिकार देने के लिए निर्वाचन आयोग कई सुविधाएं दे रही है। वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण द्वारा ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से चलाई जा रही है। इस बार जिला में 90 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कई सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित हैं जिनके द्वारा मतदाता जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा फॉर्म-6, टॉल फ्री नम्बर 1950, सी-विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप इत्यादि की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के वीडियो दिखाए गए। सभी पीएलवी मेम्बर्स में सभी संबंधित मोबाइल एप डाउनलोड कराए गए। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग के सदस्य, पीएलवी मेम्बर्स आदि उपस्थित थे।

# मैट्रिक की परीक्षा में लातेहार जिले के पांच छात्र छात्राएं रहे स्टेट टॉप टेन में

**सरस्वती विद्या मंदिर की छात्र छात्राओं ने राज्य में लातेहार जिले का बढ़ाया मान**





शांभवी सुहाना।


मिठाई खिलाकर बधाई देते शिक्षक।

➲ लातेहार राज्य में चौथे स्थान पर बनाई जगह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। झारखंड एकेडमिक काउंसिल में शुक्रवार को मैट्रिक का परिणाम घोषित कर दिया। राज्य में लातेहार जिला चौथे स्थान पर है। पहले स्थान पर ईस्ट सिंहभूम, दूसरे पर हजारीबाग और तीसरे पर गिरिडीह जिला का नाम शामिल है। लातेहार जिले के टॉप टेन में आने वाले छात्र- छात्राओं में सरस्वती विद्या मंदिर के चार छात्र छात्राओं ने अपना स्थान बनाया है। बता दें कि सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार से मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में कुल 136 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। वहीं टॉप टेन की सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र- छात्राओं में शांभवी सुहाना 490 (98%) अंको के साथ जिला टॉपर बनी है। वहीं जयदीप कुमार और नम्रता सेन गुप्ता 488 (97.60%) अंको के साथ सेकेंड जिला टॉपर है। अनन्या कुमारी 486 (97.20%) यह चारों राज्य स्तर पर टॉप फाइव में अपना स्थान बनाए है। इनके अलावा विद्यालय की कुमारी रिया 474 (94.80%), मुस्कान कुमारी 473 (94.60%), पलक कुमारी 471 (94.20%), बसंत यादव 471 (94.20%), निशभ त्रिपाठी 470 (94%), आयुष कुमार 470 (94%), श्रेया सिन्हा 469 (93.80%), खुशी कुमारी 469 (93.80%), कुमार सक्षम 469 (93.80%), गीतांजलि गुप्ता 467 (93.40%), हिमांशु कुमार 466 (93.20%) अंकों के साथ टॉप टेन में अपना स्थान बनाने में सफलता प्राप्त की है। इन्होंने अपने विद्यालय और माता -पिता के साथ पूरे जिले का माना- सम्मान और गौरव बढ़ाया है। इनकी सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पाण्डेय, उपाध्यक्ष प्रीति भारती, सचिव नरेंद्र कुमार पांडेय, सह सचिव सुधांशु दुबे, कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, अभिभावक प्रतिनिधि मनीष कुमार सिंह, पलामू विभाग निरीक्षकनीरज कुमार लाल तथा समिति के सदस्यों में दिनेश कुमार महलका, जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर, प्रमोद यादव विद्यालय के आचार्य ओंकारनाथ सहाय, लाल बहादुर राम, शशिकांत पाण्डेय, राधेश्याम मिश्रा, सुरेश ठाकुर समेत अन्य लोगों ने प्रशंसा व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस अच्छे परिणाम के हकदार मेहनत करने वाले छात्र - छात्राएं के साथ अच्छे मार्गदर्शन देने वाले पूरे आचार्य परिवार हैं। जिन्हें मैं व्यक्तिगत तौर पर धन्यवाद देता हूं। साथ ही बच्चों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

## जैक बोर्ड द्वारा जारी दसवीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम जारी

### ख्रीस्त राजा विद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

➲ जिला टॉप टेन में चार विद्यार्थियों ने बनाया स्थान, प्रखंड टॉप फाइव में कब्जा बरकरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा शुक्रवार को दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इस वर्ष भी जारी दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में ख्रीस्त राजा विद्यालय चंदवा के विद्यार्थियों ने अपना सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के चार विद्यार्थी जिला टॉप टेन में स्थान बनाया साथ हीं प्रखंड टॉप 5 में कब्जा बरकरार रखा है। विद्यालय के आदित्य यादव पिता केशव यादव ने 94.8% अंक लाकर प्रखंड टॉपर होने का गौरव हासिल किया साथ हीं जिला टॉप-10 में पांचवा स्थान हासिल किया। वहीं नमन कुमार पिता अजय कुमार व शुभम कुमार पिता कमलेश प्रसाद गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड में दूसरा व जिले में 8 वां स्थान हासिल किया है। जबकि अभिषेक कुमार पिता ईश्वरी प्रजापति ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड में तीसरा व जिले में 9 वां स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा सुजल कुमार ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखण्ड टॉप टेन में स्थान बनाया है। प्रखंड टॉपर आदित्य यादव के पिता चंदवा के पेट्रोल पंप में काम करते हैं। पुत्र के सफलता से पूरा परिवार प्रफुल्लित है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन व परिजनों के आशीर्वाद को दिया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य फादर जोसेफ एक्का, कुलदीप लकड़ा समेत विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।


अपनी मां के साथ प्रखंड टॉपर आदित्य।


सेकंड टॉपर नमन।


थर्ड टॉपर अभिषेक।

## कस्तूरबा की छात्राओं ने लहराया परचम, 95% छात्राएं सफल

➲ वार्डन ने छात्राओं को बधाई देते हुए की उज्ज्वल भविष्य की कामना

**खबर मन्त्र संवाददाता**


रिया कुमारी (81%)


रूनम कुमारी (78%)


लालती कुमारी (78%)

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखण्ड में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में अच्छे अंकों से सफलता हासिल कर विद्यालय के साथ-साथ अपने परिजनों का मान बढ़ाया है। विद्यालय की वार्डन रूबी कुमारी ने बताया कि मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में कस्तूरबा विद्यालय की कुल 60 छात्राएं सम्मिलित हुई थी। जिसमें से 57 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। इसमें से 28 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी, 26 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी से सफलता हासिल की है। जबकि 03 छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इनमें से रिया कुमारी ने 81% अंक लाकर कस्तूरबा टॉपर रही। वहीं रूनम कुमारी व लालती कुमारी 78% लाकर सेकेंड टॉपर तथा संतोषी कुमारी थर्ड टॉपर रही। वहीं प्रतिमा कुमारी 74% और रजनी कुमारी 73.80% अंक लाकर टॉप फाइव में शामिल रही। इसके अलावा सभी छात्राओं ने अच्छे अंकों से मैट्रिक की परीक्षा पास की है। वार्डन रूबी कुमारी समेत विद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के साथ- साथ छात्राओं के घरों में खुशी का माहौल है। गौरतलब है कि कस्तूरबा बालिका विद्यालय में गरीब परिवार की बच्चियां पढ़ती है। यहां वैसे बच्चियों का नामांकन होता है, जिनके माता- पिता नहीं है, या गरीबी के कारण अन्य विद्यालय में अपने बच्चों को पढ़ाने में अक्षम है, लेकिन हर वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय की बच्चियों के बेहतर परीक्षा परिणाम यह साबित कर दिया है कि यह बच्चियां काफी मेधावी है, और विद्यालय प्रबंधन के द्वारा शिक्षा के दिशा में किया जा रहा प्रयास काफी सराहनीय हैं।

## किराना दुकान संचालक की बेटी बनी मैट्रिक की परीक्षा में प्रखंड टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मिठाई खिलाकर बधाई देते अभिभावक।

बालूमाथ। झारखंड राज्य अधिविध परिषद द्वारा शुक्रवार को मैट्रिक की परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें बालूमाथ प्रखंड टॉपर एक किराना दुकान संचालक की पुत्री बनी। प्रखंड टॉपर पूनम कुमारी पिता पप्पू साहू ने कल 478 अंक 96.6% हासिल कर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर पूजा कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय गणेशपुर 470 अंक 94% तीसरे स्थान पर श्रद्धा कुमारी प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल 468 अंक 93.6%,हिना हाशमी 468अंक 93.6% मुरपा उच्च विद्यालय वही चौथे,पांचवे स्थान पर क्रमशः हर्ष कुमार राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ 465 अंक 93%,विनीत कुमार राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ 465 अंक 93%, पल्लवी शाहदेव प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय 463 अंक 92.6% रहे। पूनम कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों एवं अपने माता-पिता को दिया है। पूनम कुमारी ने बताया की प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय की अलावा उन्होंने बालूमाथ के नामी कोचिंग संस्थान विद्या कोचिंग सेंटर से अपनी शिक्षा ग्रहण किया है।

वहीं पूनम के बालूमाथ टॉप करने पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अनिता बाडा, शिक्षक निर्मल सिन्हा, चन्दन दास, विमला कश्यप, चंचल सिंह समेत कई लोगों ने बधाई दिया है।

**स्पीड न्यूज**

## विभागीय कार्य में दक्षता को लेकर सम्मानित हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव


सम्मानित होते रामदाथ यादव।

➲ विभागीय कार्य मे दक्षता कार्यकुशलता में हासिल किया पहला स्थान

चंदवा। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा शुक्रवार को कृषि विभाग स्थित आत्मा सभागार में आयोजित वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि मेला कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रशिक्षण प्रोत्साहन, पुरस्कार एवं प्रचार प्रसार की योजना अंतर्गत बेहतर कार्य करने के लिए चंदवा के प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव को उनके विभागीय कार्य दक्षता के आधार पर जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। श्री यादव को जिला कृषि पदाधिकारी लातेहार अमृतेश सिंह एवं परियोजना निदेशक डॉ दिव्येश सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं दूसरे स्थान पर मनीष पांडे, तीसरे स्थान पर देवलाल राम को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कई कृषक मित्रों, एटीएम, बीटीएम एवं कृषकों को भी सम्मानित किया गया। जिले में प्रथम स्थान हासिल करने पर रामनाथ यादव को प्रखंड के जन सेवक लव कुमार पासवान, रंजीत यादव, मुकेश भगत, अजीत रंजन देवलाल राम अरविंद रोशन गिद्ध, अरविंद रवि, सुजाता कुमारी, स्नेहलता टोप्पो, रीना कुमारी समेत कई प्रखंड कार्यो ने शुभकामनाएं दी है।

## संत जेवियर्स कॉलेज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शुरूआत से ही अग्रणी रहा है : डॉ जोश




महुआडांड। शुक्रवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ के अंग्रेजी विभाग के द्वारा कॉलेज के व्याख्यान थियेटर हॉल में छात्र विकास कार्यक्रम (स्टूडेंट्स डेवलपमेंट प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विशेषज्ञ (रिसोर्स पर्सन) मिस मोहसिना खातून जी ( उद्योग विभाग के केंद्रों के लिए पायलट परियोजना अधिकारी) का आगमन हुआ। अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा मनमोहक स्वागत गीत की प्रस्तुति के द्वारा तथा प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश तथा उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो, असिस्टेंट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष सिस्टर चंद्रोदय के द्वारा गुलदस्ता प्रदान कर विशेषज्ञ मिस खातून का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. फादर राजीप तिर्की के द्वारा स्वागत भाषण की प्रस्तुति की गई तथा साथ ही साथ उन्होंने मिस महसीना खातून को सभी विद्यार्थियों के समक्ष परिचय करवाया। तत्पश्चात छात्र विकास कार्यक्रम को आगे संचालित करने हेतु मिस मोहसिना खातून को मंच पर आमंत्रित किया गया। मिस मोहसिना ने मंच पर आते ही अपार हर्ष के साथ अपने गर्मजोशी स्वागत के लिए पूरे महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया।अंत में उप प्राचार्य डॉ फादर समीर टोप्पो ने मिस महसिना से कहा कि आप हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और हमेशा रहेंगी । साथ ही इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए पूरे अंग्रेजी विभाग के विधार्थियों और प्रोफेसर्गण को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मनिका प्रखंड में कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट लाकर विद्यालय का बढ़ाया

## माता-पिता एवं शिक्षकों ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की दी शुभकामना

**कस्तूरबा विद्यालय, सीएम स्कूल व सेवधरा विद्यालय के सभी बच्चे हुए सफल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



उत्तीर्ण हुए बच्चों के साथ शिक्षक।

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय के कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने जैक बोर्ड की दसवीं कक्षा 2024 के परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक लाकर सफलता हासिल किया है और अपने विद्यालय परिवार के साथ-साथ माता-पिता का भी मान बढ़ाया है। वहीं दिन शुक्रवार को जैक बोर्ड द्वारा परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है जिसमें रांकीकला पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेवधरा के कुल 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था जिसमें सभी विद्यार्थी सफल हुए। वहीं विद्यार्थी मंटू कुमार ने 89.60% प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर का स्थान प्राप्त किया। वहीं सिंजो पंचायत स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का भी रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा जिसमें एक विद्यार्थी मात्र अनुत्तीर्ण हुआ और बाकी सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल किया। जबकि सुजीत कुमार यादव 461अंक (92.2%) अंक लाकर विद्यालय के टॉपर रहे और अनिता कुमारी 400 अंक (80%) प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही व अभिनंदन सिंह 366 अंक (73.20%) लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बता दें कि विद्यालय के टॉपर सुजीत कुमार ने गणित में 100 अंक में से 99 हासिल कर विद्यालय और विद्यालय के गणित के शिक्षक ज्ञानेंद्र कुमार मिश्र का नाम रौशन किया है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि वर्तमान में यह विद्यालय झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में है यह विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त है और यहां अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई होती है। वहीं मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं ने भी शत प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त किया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 68 छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुई थी जिसमें से 46 छात्राओं ने प्रथम स्थान एवं 22 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और विद्यालय की 100% छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है।

वहीं विद्यालय के पांच छात्राओं ने टॉपर स्थान प्राप्त किया है जिसमें प्रतिज्ञा कुमारी 405 अंक (81%),संगीता कुमारी 405 अंक (81%), चमेली कुमारी 401 अंक (80.2%), रेशमा कुमारी 397 अंक (79.60%) और पुनम कुमारी 396 अंक (79.20%) शामिल हैं। मौके पर सेवधरा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप पासवान, शिक्षक लॉरेंस भेंगरा, रविंद्र कुमार सिंह, श्री राम गुप्ता, अनूप लाल,नीरज प्रसाद यादव,मनोज कुमार व कुंदन कुमार ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## माल्हन पंचायत के मुखिया ने लिया हर घर नल जल योजना का जायजा

➲ कहा माल्हन पंचायत में हाथी का दांत साबित हो रहा है हर घर नल जल योजना

चंदवा। प्रखंड के माल्हन पंचायत के मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने गुरूवार पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत पंचायत में लगाये गए हर घर नल जल योजना का जायजा लिया। ग्रामीणों ने मुखिया के समक्ष अपनी समस्याओं को रखते हुए बताया कि केंदुवाटांड़ गांव में दो महिनों पूर्व ही झारखंड पवार के द्वारा लगाया गए जलमीनार से जल नल योजना का स्टारटर चोरी होने के बाद से बंद पड़ गया है। जिस कारण गर्मी के दिनों में ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। ठिकेदार को लिखित सुचना किया गया है, मगर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुआ। बता दे की ग्राम में एकमात्र पेयजल का साधन था, यहां पर एक भी चापानल सुचारू नहीं है यहां के ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे हैं ऐसा ही हाल बेरियाटांड का भी है, यहां बोरिंग तो हुआ पर जलमीनार नहीं लगा है। दूसरी तरफ प्रतापितांड में भी ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं। समस्या सुनने के बाद मुखिया जतरु मुंडा ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से समस्या का तत्काल समाधान निकालने की मांग की है। मौके पर ग्रामीण एतवा तुरी, संदीप मुंडा, सोमर गंझू, जेठू गंझु, अमीषा देवी, सोमरी देवी, अनिता देवी, मुनिका देवी, जतरी देवी, पचल गंझु, शांती कुमारी एवं दर्जनों लोग उपास्थित थें।

## अस्पताल की जांच के लिए पहुंचे सिविल सर्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जांच करते सिविल सर्जन।

बालूमाथ। बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते बुधवार की रात अस्पताल में बिना चिकित्सक के मरीजो को हुई परेशानी की जांच को लेकर लातेहार सिविल सर्जन एके सिंह गुरुवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने बुधवार की देर रात ड्यूटी पर नहीं रहने पर आयुष चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार को जमकर फटकार लगाई। मौके पर बोलते हुए एके सिंह ने कहा की सभी लोगों को अपना-अपना ड्यूटी करना होगा। अन्यथा उन लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चेक किया। जहां बुधवार की देर रात ड्यूटी में तैनात तीन नर्स में एक नर्स पिंगल कुमारी अनुपस्थित पाई गई। जिसको लेकर उन्होंने सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगे से सभी शिफ्ट में जो ड्यूटी में आएंगे उन्हें गूगल फोटो लेकर ग्रुप में सेंड करना होगा। वहीं रजिस्टर में कई जगह गड़बड़ी करने के उद्देश्य से बीच में खाली स्थान छोड़ दिया गया था। जिसको लेकर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर किया। ज्ञात हो कि बुधवार की रात बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिप्टी चिकित्सक ध्रुव कुमार महतो को प्रशिक्षण कार्य हेतु रांची चले गए थे जिसके बाद बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाईक द्वारा आयुष चिकित्सक सुरेंद्र कुमार को रात्रि ड्यूटी करने का निर्देश जारी किया गया था लेकिन वह ड्यूटी में नहीं पहुंचे थे जिस कारण कई मरीज इलाज के अभाव में तड़पते रहे थे। वहीं शुक्रवार को तीन सदस्यीय टीम अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शोभना टोप्पो, डीपीएम गौरव कुमार, डाक्टर राजेश कुमार बुधवार की रात बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिना डॉक्टर के मरीजों को हुई परेशानी की जांच के लिए पहुंचे। मौके पर बोलते हुए डॉक्टर शोभना टोप्पो ने कहा की विभिन्न अखबारों में छपी खबर के आधार पर अभी चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाईक से विस्तृत जानकारी लिया जा रहा है। उसके बाद पूरे मामले की रिपोर्ट लातेहार सिविल सर्जन को सौंप जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी। मौके पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद,सुरेंद्र कुमार समेत कई स्वास्थय कर्मी मौजूद थे।

## बिजली के पोल को क्षतिग्रस्त करने को लेकर विभाग ने मदनलाल पर कराई प्राथमिकी दर्ज


क्षतिग्रस्त पोल।

महुआडांड़। बिजली विभाग के पोल खूंटा को क्षतिग्रस्त करने को लेकर बिजली विभाग के द्वारा मदनलाल वर्मा पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह ने महुआडांड थाने में आवेदन दिया है जिसमे कहा गया है कि दिनांक 15/04/2024 को शहीद चौक महुआडांड स्थित 11000 पोल में मदनलाल वर्मा पिता सर्वजित वर्मा निवासी महुआडांड की गाड़ी संख्या सीजी 15 एसी 1118 तीव्र गति से पोल खूंटा में धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे करीब दो दिन विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे विभाग को 40580/- की क्षति हुई है। सो सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की कृपा किया जाये।

**क्या था मामला?:** गत दिनांक 15/04/2024 को शहीद चौक महुआडांड स्थित 11000 पोल में मदनलाल वर्मा पिता सर्वजित वर्मा निवासी महुआडांड की गाड़ी संख्या सीजी 15 एसी 1118 ने पोल खूंटा में धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिससे बिजली का खम्भा टुटकर गिर गया था। जिसके कारण दो दिन तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे बिजली उपभोक्ता काफी परेशान रहे। जिस समय हुई दुर्घटना उस समय बिजली लाईन की सप्लाई जारी थी। जिससे बाल बाल अगल बगल के ग्रामीण व चापाकल बोरिंग वाहन व चालक बचे थे।

### गाजे-बाजे के साथ शादी के मंडप में पहुंचा दूल्हा, सात फेरों से पहले फरार हो गई दुल्हन

# भारी हो हंगामे के बीच बिन दुल्हन के बैरन वापस लौटी बारात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चंदवा। लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत हुटाप पंचायत के सुदूरवर्ती गांव में शादी से ठीक पहले दुल्हन एका-एक फरार हो गई। जबकि घर पर गाजे-बाजे के साथ बारात पहुंच गई थी, मंडप भी सज गया था और सात फेरों की तैयारियां चल रही थी। घर में शादी की सारी तैयारिया पूरी थी। बारातियों के खाने के लिए पकवान बनकर तैयार था। लड़की को शादी के लिए मंडप पर ले जाया जाना था, जिसके बाद दुल्हा और दुल्हन सात फेरे लेते, लेकिन इससे पहले ही लड़की घर छोड़कर फरार हो गई। दुल्हन के फरार होने के बाद हड़कम्प मच गया व शादी की खुशियां एकाएक गम में बदल गई व वर व वधु पक्ष में नोक झोंक व विवाद शुरू हो गयी। दुल्हन के फरार होने के बाद दुल्हन के पिता ने सामाजिक लोक लाज बचाने के लिए अपनी छोटी बेटी से दूल्हे के शादी करने का आग्रह किया व दुल्हन की बहन भी पिता के पगड़ी का मान रखते हुए शादी के लिए तैयार हो गई। लेकिन दूल्हा शादी के लिए राजी नही हुआ। विवाद बढ़ता देख पंचायत के मुखिया को बुलाया व उचित फैसला लेने की मांग दोनो पक्षो की ओर से की जाने लगी। लेकिन वर व वधु दोनो पक्ष अपनी अपनी मांगों को लेकर अड़ गए व विवाद बढ़ने लगा।

### डालसा के पहल पर प्रशासन ने दोनों पक्षो को समझा कर मामला कराया शांत


मामला शांत कराते पुलिस प्रशासन।

इसी बीच इसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी राजेश प्रसाद को हुई। उन्होंने इसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पदाधिकारी व प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन गांव पहुंची और दोनों पक्षों को समझा बूझकर काफी मशक्कत के बाद मामला शांत कराया। इसके बाद बिन दुल्हन के ही बारात बैरन वापस लौट गई। प्रशासनिक टीम में चंदवा थाना के पुअनि किशोर मुंडा, रविन्द्र सिंह, पंचायत सचिव बालेश्वर उरांव व अन्य शामिल थे।

**क्या है पूरा मामला**

बता दे कि लातेहार सदर प्रखंड अंतर्गत सोहदाग गांव के कांगलू गंझू के बेटे की शादी हुटाप पंचायत के जिलिंग गांव में तय हुई। तय तिथि के अनुसार गुरुवार की देर रात्रि बारात भी आ चुकी थी, द्वार पर बारात लग चुकी थी लेकिन मौके पर दुल्हन के भाग जाने से मामला उल्टा पड़ गया और द्वार से बिन दुल्हन के लिए ही बारात को बैरन वापस लौटना पड़ा। पीएलवी राजेश प्रसाद व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पहल पर तत्काल प्रशासनिक टीम गांव नहीं पहुंचती तो मामला और भी बढ़ सकता था।

# नवादा लोकसभा क्षेत्र में 40.2 प्रतिशत हुआ मतदान, आठ प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

एजेंसी



**नवादा।** कड़ी सुरक्षा के बीच नवादा लोकसभा क्षेत्र के 1796 मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया ।कौवाकोल के दनियाँ मतदान केंद्र पर मतदाताओं ने मतदान केंद्र बदल दिए जाने को लेकर वोट बहिष्कार किया था लेकिन काफी देर से चुनाव प्रेक्षक के आग्रह पर मात्र 20 प्रतिशत मतदान सम्पन्न हुए।मतदाताओं की उदासीनता के कारण नवादा लोकसभा क्षेत्र में मात्र 40.2 प्रतिशत ही मतदान संपन्न कराया जा सका। नवादा, हिसुआ, गोविंदपुर, रजौली, वारसलीगंज तथा शेखपुरा जिले के बरबीघा विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर नवादा संसदीय क्षेत्र बनाया गया है, जिसमें 20 लाख 6लाख 124 मतदाताओं को अपना मताधिकार का प्रयोग करना था लेकिन 50% से कम मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया है, जिससे स्थिति गंभीर से दिख रही है। मतदान समाप्त होते ही चुनाव लड़ रहे 8 प्रत्याशियों का ईवीएम में कैद होकर रह गया है,जिसमें प्रमुख एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर ,महागठबंधन प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, राष्ट्रीय जनता दल के बागी प्रत्याशी निर्दलीय विनोद यादव, निर्दलीय प्रत्याशी गुंजन सिंह, गनौरी पंडित सहित आठ शामिल है। मतदान केंद्र से लौट रहे कई मतदाताओं ने बताया कि उनका नाम पता नहीं चला,जिस कारण वे बिना वोट दिए घर लौट गये ।बीएलओ ने उन्हें पर्ची नहीं दी है ।मतदाता संख्या की पर्ची नहीं दिए जाने के कारण भी भारी संख्या में मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग नहीं किया,जिसे एक बडी प्रशासनिक खामियां बताई जा रही। नवादा के जिलाधिकारी सहनिवार्ची अधिकारी प्रशांत कुमार, एसपी कार्तिकेय शर्मा ने कई मतदान केंद्रों का दौरा कर हालात का जायजा भी लिया। बूथ स्थानांतरण से आक्रोशित कौआकोल के दनियाँ गांव के महज 20 मतदाताओं ने ही अपना वोट डाले ।कौआकोल संवाददाता के अनुसार नवादा संसदीय क्षेत्र के गोविंदपुर विधानसभा अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड के बूथ संख्या- 328 पर लोकसभा चुनाव को लेकर मात्र 20 मतदाताओं ने अपना वोट का प्रयोग किया। बताया जाता है कि यहाँ के मतदाताओं में मतदान केंद्र उनके गांव (प्राथमिक विद्यालय दनियाँ) से स्थानांतरित कर दूसरे गांव (उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचम्बा) में कर दिए जाने से काफी नाराजगी थी,जिस कारण इस गांव के मतदाताओं ने अपनी नाराजगी का इजहार करते हुए वोट का बहिष्कार कर दिया था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक एक भी मतदाताओं ने अपने वोट नहीं डाले। यहां तक कि इस मतदान केंद्र पर किसी भी राजनीतिक दल अथवा निर्दलीय प्रत्यशी का पोलिंग एजेंट (मतदान अभिकर्ता) तक नहीं पहुँच सका था, जिसके बाद स्थानीय प्रशासन लोगों को लगातार प्रेरित करती रही। पीठासीन अधिकारी राज कुमार प्रसाद सिन्हा ने बताया कि बूथ संख्या-328 पर कुल 762 मतदाताओं में 391 पुरूष एवं 371 महिला है। साढ़े तीन बजे तक एक भी मतदाताओं ने अपना वोट नहीं डाले। आब्जर्वर के समझाने जाने पर या मतदान कर्मियों ने अपना कोरम पूरा करने के लिए वोट डालने की खानापूर्ति की।

## एसएसबी व कस्टम ने किया कार्यशाला का आयोजन

**चंपारण।** एसएसबी 71वीं वाहिनी कमान्डेंट के नेतृत्व में शुक्रवार को कोरैया एसएसबी कैम्प परिसर में सीमा शुक्ल सम्बंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लोकसभा चुनाव को देखते हुए कस्टम सुपरिटेंडेंट आनन्द कुमार के द्वारा सीमा शुल्क के बारे ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जांच के दौरान बारीकी से वाहन जांच करना है।इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में एसएसबी जवानों ने हिस्सा लिया।

## मोतिहारी में सिलिंडर ब्लास्ट में चार झुलसे

**पूर्वी चंपारण।** जिले में लिंकेज गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद हुए ब्लास्ट में चार लोग बुरी तरह झुलस गये। घटना मोतिहारी के मुफ्फसिल थाने के टिकुलिया हराज गांव में हरकिशोर प्रसाद के घर हुई है। जहां लिंकेज सिलिंडर को खाना बनाने के लिए चूल्हा में जोड़कर जलाया गया तो आग लग गयी और देखते ही देखते सिलेंडर ब्लास्ट हो गया,जिसमे चार लोग बुरी तरह झुलस गये। आनन-फानन में सभी घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया।

## आम का टिकोला तोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दर्जन भर लोग जखमी

**भागलपुर।** जिले के गोराडीह थाना क्षेत्र के सरथ गांव में शुक्रवार को आम का टिकोला तोड़ने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में दोनों पक्षों से करीब एक दर्जन लोग जख्मी हो गए। बताया जा रहा है कि सारथ निवासी हरिहर पासवान के नाती द्वारा आम का टिकोला तोड़ लिया गया था।इसको लेकर आम गाछ का रखवाली कर रहे जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कोला नारायणपुर निवासी बुंटेली यादव के पुत्र पंकज यादव ने टिकोला तोड़ने वाले बच्चे के साथ मारपीट कर दिया। इसकी सूचना जब बच्चे के परिजन को मिली तो वे लोग भी मौके पर पहुंचे और रखवाली कर रहे युवक के साथ मारपीट करने लगे। इसकी सूचना जब युवक के परिजन को मिला तो वे लोग हरिहर पासवान के घर पर पहुंच गए। फिर दोनों तरफ से कहा सुनी होने लगा।देखते ही देखते दोनों तरफ से लाठी डंडे चलने लगे, जिसमें दोनों तरफ से करीब एक दर्जन लोग जख्मी हो गए। घायलों में एक पक्ष से हरिहर पासवान के पुत्र चंदन पासवान, कुंदन पासवान संजय पासवान, पुत्री सुनीता कुमारी, वहीं दूसरे पक्ष के बुटेली यादव, उनके पुत्र पंकज यादव, लालू यादव, राजकुमार यादव शामिल है। सभी घायल को इलाज के लिए जगदीशपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल को बेहतर इलाज के लिए मायागंज भेजा गया।

## पति-पत्नी के शासन में बिहार था बदहाल, हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए किया काम : मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के रंगरा प्रखंड के तिनटंगा में भागलपुर से जदयू उम्मीदवार अजय मंडल के प्रचार के लिए शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम किया है।





कुछ लोग पत्नी, बेटा और बेटी को आगे बढ़ा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग गड़बड़ कर रहे थे इसलिए उन लोगों को हटा दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व 15 वर्ष तक पति-पत्नी ने मिलकर बिहार में राज किया था। उन लोगों के कार्यकाल में शाम होते ही लोग घर में कैद हो जाते थे। उस समय कहीं रोड नहीं था। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हुआ करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में हमने काम किया। छात्राओं को पोशाक तथा स्कूल जाने के लिए साइकिल दिया गया। उसके बाद सड़कों का निर्माण किया। महिलाओं को स्नातक पास करने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये दिए जाते हैं।

## कांग्रेस देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टीः खड़गे

**कटिहार (बिहार)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शुक्रवार को बिहार के कटिहार जिला पहुंचे। उन्होंने राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और बिहार में एनडीए की सरकार होने के बावजूद सीमांचल का क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के कल कारखाने बंद हो गए और शेष बंद होने के कगार पर हैं। यहां के लोग रोजगार को लेकर पलायन कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोग कल तक हमारे साथ थे लेकिन आज वे बीजेपी और एनडीए गठबंधन के साथ हैं लेकिन जनता अभी भी आईएनडीआई एलायंस के साथ मजबूती से जुड़ी है।

# बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र में पूरे उत्साह के साथ मतदान करेंगे मतदाता : के रवि कुमार

खबर मन्त्र संवादाता

**गढ़वा।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र अवस्थित बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के मतदाता लोकसभा चुनाव 2024 में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। इसके लिए इस क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बना है। क्षेत्र सुरक्षित हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है।





हेसातू पहुंचे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य, बूढ़ा पहाड़ का मोटरसाइकिल से निरीक्षण करते के रवि कुमार

उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार में कही। वे आज बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातु स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी करीब 330 किलोमीटर मोटरसाइकिल से सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ/पर्यवेक्षक एवं स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना। मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दिन भयमुक्त होकर मत देने का अपील किया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हालात अब बदले हैं। सुरक्षा बलों एवं जवानों की मेहनत से यह क्षेत्र भयमुक्त हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में पहले भी वोटिंग होती थी, लेकिन मतदाता छुप-छुप कर मत देने जाते थे, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाता सिर पूरी तरह भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन के तहत खाना परोसकर भी खिलाया। साथ ही मतदान केंद्र की कमियों को दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## पुलिस और एसएसबी जवानों का भारत नेपाल सीमा पर संयुक्त फ्लैग मार्च



एजेंसी

**अररिया।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को सिकटी थाना पुलिस और आमबाड़ी कैंप के जवानों की ओर से भारत-नेपाल सीमा पर फ्लैग मार्च किया गया। यह फ्लैग मार्च सोनापुर से आमबाड़ी से कुचहा सीमा तक चला।

सिकटी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पूर्व फ्लैग मार्च निकालकर मतदाताओं के बीच सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करने के लिए एसएसबी और सिकटी पुलिस द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर फ्लैग मार्च किया गया। उन्होंने बताया कि एसएसबी व सिकटी पुलिस अधिकारियों द्वारा पूरा भारत-नेपाल सीमा पर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। फ्लैग मार्च समाज में सुरक्षा और सद्भाव की भावना पैदा करने और स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास का एक हिस्सा है। उन्होंने बताया कि पुलिस और एसएसबी के जवानों ने फ्लैंग मार्च के दौरान गांव के लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया गया। कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर बसे लोगों को जागरूक करते हुये कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर किसी भी असमाजिक तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई गतिविधि हो तो उसकी सूचना प्रशासन को देने की बात कही।

# मंत्री ने भगवान राम का राजतिलक कर उतारी आरती

## पशु पक्षियों से प्रेम के कारण शबरी ने नहीं किया विवाह : प्रपन्नाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़देवी मुहल्ला स्थित नरगिर आश्रम में चल रहे रामकथा यज्ञ के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम दिन की कथा में सुंदरकांड, लंकाकांड और उतरकांड में वर्णित विभिन्न प्रसंगों का सारगर्भित विवेचन पूज्य सन्त प्रपन्नाचार्य जी ने किया। कथा के अन्तिम दिन राम राज्याभिषेक की जीवन्त झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद व मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने भगवान राम का राजतिलक कर एवं आरती उतारकर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि वन गमन के दौरान भगवान श्री राम ने कई ऋषि मुनियों के दर्शन किए तथा उनका उद्धार भी किया। भारद्वाज जी ने उन्हें वन मे जाने का मार्ग, वाल्मिकी जी ने रहने का स्थान तथा अगस्त मुनि ने राक्षसों के संहार के लिए विविा दिव्यास्त्र दिए। एक ऋषि जो दक्षिण भारत में रहते थे। वनवास के समय श्रीराम दर्शनार्थ ऋषि सर्वभंग के आश्रम पर गये। यह समाचार पाकर इन्होंने इन्द्र के साथ ब्रह्मलोक न जाकर, राम दर्शन को ही उत्तम समझा और श्रीराम के सामने ही योगाग्नि से अपने शरीर को भस्म कर दिव्य ााम को गये थे। उन्होंने कहा कि सुतीक्ष्ण अगस्त्य मुनि के शिष्य थे। एक दिन सुतीक्ष्ण मुनि ने सुना कि श्रीराम उनके आश्रम की ओर आ रहे हैं। ये सुनते ही सुतीक्ष्ण का उत्साह बहुत बढ़ गया। आगे प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि शबरी भील समाज से थी। भील समाज में किसी भी शुभ अवसर पर पशुओं की बलि दी जाती थी, लेकिन शबरी को पशु-पक्षियों से बहुत स्नेह हुआ करता था। इसलिए पशुओं को बलि से बचाने के लिए शबरी ने विवाह नहीं किया और ऋषि मतंग की शिष्या बन गई। शबरी ने ऋषि मतंग से ार्म और शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त की। राम ने शबरी को भक्ति के नौ प्रकार बताए। इनमें पहली भक्ति संतों का सत्संग, दूसरी भक्ति मेरे कथा प्रसंग में प्रेम, तीसरी भक्ति अभिमानरहित होकर गुरु के चरण कमलों की सेवा और चौथी भक्ति यह है कि कपट छोड़कर मेरे गुण समूहों का गान करें। राम मंत्र का जाप और मुझमें दृढ़ विश्वास यही पांचवीं भक्ति है, जो वेदों में प्रसिद्ध है। सत्य को असत्य एवं असत्य को सत्य मान लेना ही माया है। राम सत्य हैं और संसार माया है। रावण और कुंभकर्ण जो पूर्व मे जय विजय थे उन्हें शाप से शीघ्र मुक्त होने के लिए कहा गया कि भगवान विष्णु से वैर मोल ले लो। लंका विजय के बाद भगवान राम ने आदर पूर्वक वह राज्य रावण के भाई विभीषण को लौटाकर अपनी उदारता और दयालुता का परिचय दिया। भगवान राम ने लक्ष्मण को मरणासन्न रावण से सीख लेने के लिए भेजा। रावण लक्ष्मण से कहते हैं कि किसी शुभ या अच्छे काम को करने में कभी भी देर नहीं करनी चाहिए। लेकिन बुरे या अशुभ काम के प्रति जितना हो सके मोह वश में करे या उसे टालने का प्रयास करें। व्यक्ति को कभी भी अपनी शक्ति और पराक्रम का घमंड नहीं करना चहिए। कथा में सहयोग करनेवालों को अयक्ष चन्दन जयसवाल ने ान्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर द्वारिकानाथ पाण्डेय, अमित पाठक, सुखबीर पाल, अवोश कुशवाहा, दिलीप कुमार पाठक, राजन पाण्डेय, मनीष कमलापुरी, नीतेश कुमार गुड्डू, अरुण दुबे, अमरेन्द्र मिश्रा, बृजेश, ानंजय पाण्डेय, संजय अग्रहरि, दीनानाथ बघेल, जयशंकर राम, बिकास ठाकुर, शान्तनु केशरी, श्रीपति पाण्डेय, रंजीत कुमार, ष केशरी, राजा बघेल, पीयूष कुमार, गौतम शर्मा, शुभम कुमार, गोलू बघेल, सुदर्शन मेहता, अनिकेत गुप्ता, दुर्गा रंजन, हिमांशु रामू आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल मंत्री

## खबर एक नजर में

### भगवान विष्णु विराट रूप दर्शन

## नवाह मानस महायज्ञ के समापन पर निकली भव्य शोभायात्रा

**अररिया।** फारबिसगंज के केशरी टोला में 09 अप्रैल से चल रहे ग्यारह दिवसीय श्री विष्णु विराट रूप का दर्शन नवाह कीर्तन का समापन शुक्रवार को पूजन हवन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान विष्णु के विराट रूप के साथ भगवान गणेश, कार्तिकेय, लक्ष्मी व सरस्वती की प्रतिमाओं को गाजे-बाजे और ढोल नगाड़े की गुंज के बीच भ्रमण कराया गया। रास्ते भर भक्तों द्वारा जय श्री राम एवं विष्णु भगवान समेत माता रानी की जयकारे लगाए गए। शोभायात्रा छुआपट्टी, सदर रोड, पटेल चौक, हॉस्पिटल रोड होते हुए सीताधार में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुई। इस दौरान ढाक की थाप व आदिवासी नृत्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं शोभायात्रा में शामिल लोगों ने आतिशबाजी के साथ जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। उधर शोभायात्रा में मजिस्ट्रेट के साथ थानाध्यक्ष समेत सशस्त्र बल के जवान भी जगह जगह तैनात थे। शोभायात्रा विधायक विद्यासागर उर्फ मंचन केशरी, मुख्य पार्षद वीणा देवी, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि व पार्षद बुलबुल यादव, सशक्त अस्थायी समिति सदस्य मनोज सिंह, संजय केशरी,निर्भय केशरी,राजकुमार केशरी,राजकुमार अग्रवाल, मनोज झा, राम कुमार केशरी, विजय केशरी, सूर्य नारायण केशरी, बिंदी केशरी, विनोद केशरी, पिंटू केशरी,सुरेश केशरी,संजय केशरी, देवेंद्र सिंह, हरि धनावत, विनोद धनावत, प्रमोद साह,संजय अग्रवाल, प्रेम केशरी, अनिल केशरी, विष्णु केशरी,अजय केशरी, सुधीर केशरी, शेखर केशरी,बलराम केशरी, आदि मौजूद थे।

## राशि ने बोर्ड परीक्षा में किया टॉप

**मझिआंव।** जैक बोर्ड ने कक्षा दसवीं के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। झारखंड में इस बार भी बेटियों ने बोर्ड के इतिहास में टप किया है। मझिआंव नगर पंचायत स्थित प्रोजेक्ट राधाकृष्ण बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा राशि कुमारी ने भी विद्यालय से टप की है। विश्व संबां में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य महताब आलम ने बताया कि विद्यालय में तीन छात्र बेहतर प्रदर्शन की है। जिसमें मझिआंव निवासी अरुण कुमार सिंह की पुत्री राशि कुमारी ने 9020 प्रतिशत मार्क लाकर पहला स्थान लाई है। वहीं खरसोता निवासी अरविन्द प्रसाद की पुत्री सोनी कुमारी 8480 प्रतिशत ला कर द्वितीय एवं अखोरी तहले निवासी कृष्णा साह की पुत्री अंचला कुमारी 8360 प्रतिशत ला कर तृतीय स्थान प्राप्त की है। डॉ. महताब आलम ने कहा कि विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। उन्होंने सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य के कामना की।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

**धुरकी।** पुलिस आीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार ाुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बैलिया के रास्ते जा रहे अवैा बालू लोड ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले आया। बीते तीन दिनों में ाुरकी पुलिस ने चार अवैा बालू लोड ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले गई है। जिसपर कार्रवाई की गई। ाुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि अवैा कारोबार किसी भी हाल में चलने नहीं दिया जायेगा। इस तरह की छापामारी जारी रहेगा। अभियान में एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव एवं अन्य पुलिस बल शामिल थे।

## राज्य स्तरीय भ्रमण दल के सलाहकार ने किया निरीक्षण

**मझिआंव।** शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय भ्रमण दल के सलाहकार कामेष्वर सिंह एवं जेईपीसी के सदस्य जितेंद्र कुमार एवं अजित कुमार सहित तीन सदस्यीय कमेटी ने मझिआंव के कस्तूरबा गांाी बालिका आवासीय विद्यालय एवं आदर्श विद्यालय अखौरी तहले का निरीक्षण किया। इस संबां में आदर्श विद्यालय अखौरी तहले में निरीक्षण कर रहे मुख्य सलाहकार कामेष्वर सिंह ने बताया कि गढ़वा जिले में 42 विद्यालयों का पर्यवेक्षण होना है। जिसमें मझिआंव के कस्तूरबा गांाी बालिका आवासीय विद्यालय में अभी काफी सुाार की आवश्यकता है। श्री सिंह ने बताया कि आदर्श विद्यालय अखौरी तहले में वे अपने भ्रमण दल के साथ ठीक सात बजे आ गए थे। स्मार्ट क्लास रूम, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया, जिसमे संतोषजनक ब्यवस्था पाया गया। उन्होंने बताया कि प्राचार्य द्वारा स्मार्ट क्लास में कंप्यूटरीत शिक्षा में बिजली की समस्या के कारण व्यवाान आने की बात बताई जा रही है। जिसे जल्द ही ठीक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में विद्यालय के उन्मुखीकरण के लिए हमेशा ही नए कार्यक्रम व योजनायें बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्राचार्य को सरकार के 40 पन्नो के गाइड लाइन के अनुसार शिक्षा देने का निर्देश दिया गया है और सरकार विद्यालय का परफमेंस देखना चाहती है। श्री सिंह ने कहा कि 22 तारीख को जिला मुख्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिसमें जिले के सभी वरीय पदाािकारी, सभी प्रखंड के बीईओ, बीपीओ, बीआरसी आदि को बुलाया गया है। इस कार्यक्रम में सभी प्रखण्डों में शिक्षा की गुणवत्ता सहित अन्य कई बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी। मौके पर बीईईओ कौसर रजा, बीपीओ विभा रानी कुजूर, प्राचार्य अनीस अहमद सहित कई अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## जागृति युवा क्लब के कोषाध्यक्ष ने किया रक्तदान

**गढ़वा।** लगभग 10 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वयंसेवी संगठन जागृति युवा क्लब के कोषाध्यक्ष विवेकानंद पाल व सक्रिय सदस्य नागेंद्र पाल ने एक-एक यूनिट रक्तदान किया। उन्होंने नगर निवासी राजकुमार के पुत्र शशिकांत एवं मोरबे गांव निवासी ललन प्रसाद की माता के लिए रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार उक्त मरीज के परिजनों ने क्लब के सचिव आशीष कुमार अग्रवाल से रक्त की आवश्यकता संबंधी संपर्क किया था। मौके पर क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र पाल ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करना एक पुनीत कार्य है। क्लब के हमारे सभी साथी इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेते रहते हैं। हम सभी को अपने जीवन का सार्थक उपयोग रक्तदान करके करना चाहिए। मौके पर नागेंद्र पाल, मनीष कमलापुरी, शैलेंद्र कमलापुरी, उमेश कमलापुरी आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल

**भवनाथपुर।** मुख्य पथ के एचपी पेट्रोल पम्प के समीप बीती रात्रि एक बाईक और साइकिल के बीच हुए टकराव में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को राहगीरों और एंबुलेंस की मदद से भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास ने प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल मकरी बसेरिया लेवा निवासी नरेश सिंह के पुत्र छोटे लाल सिंह को गढ़वा रेफर कर दिया है। जबकि अन्य घायल खरौंधी करीवाडीह निवासी श्रवण ठाकुर के पुत्र गोलू कुमार, पाटन थाना नवडीहा निवासी बुद्धि राम के पुत्र आयुष कुमार और बसेरिया लेवा निवासी सुदेश्वर पाल का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि बीती रात्रि एक साइकिल पर सवार सुदेश्वर पाल और छोटे लाल सिंह भवनाथपुर आ रहे थे। जबकि एक बाईक से गोलू ठाकुर और आयुष कुमार श्री बंशीधर नगर से भवनाथपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच टक्कर हो गई।

## घर में लगी आग, अनाज, सामान व पैसा जलकर राख

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत चपरी पंचायत के सिंघीताली गांव में शुक्रवार दोपहर में आगलगी की घटना घटित हुई। इस घटना में स्व. भीम राम की पत्नी मंजू कुंवर के घर में रखा अनाज, अन्य सामान व पैसा जलकर राख हो गया। घटना मंजू कुंवर पति के घर में हुई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह मंजू भवनाथपुर में मजदूरी करने गयी थी।

स्पीड न्यूज

### डीयू में पीजी दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन 25 अप्रैल से शुरू होगा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) दाखिले के लिए पंजीकरण 25 अप्रैल से शुरू होगा। 25 मई तक विद्यार्थी दाखिले के लिए पंजीकरण कर सकेंगे। डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पंजीकरण के लिए 25 अप्रैल से पोर्टल खुलेगा। 25 मई तक विद्यार्थी दाखिले के लिए पंजीकरण कर सकेंगे। इसके बाद दाखिले का दूसरा चरण शुरू होगा। उन्होंने बताया कि सीयूईटी (यूजी) प्रक्रिया पूरी होने के बाद यूजी के दाखिले मई माह के मध्य तक घोषित किए जाएंगे। इस वर्ष पोस्ट ग्रेजुएट के लिए (एनसीवेब सहित) कुल 13,500 सीटों, बीटेक के लिए 120 प्रत्येक तथा बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी के लिए प्रत्येक में 60 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे।

### मई में सिकंदर की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान खान



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर की शूटिंग मई में कर सकते हैं। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। मुरुगादॉस मई में सिकंदर का पहला शेड्यूल शूट करने के बाद, जून में शिवकार्तिकेयन की फिल्म पूरी करने के लिए वापस जाएंगे। फिर वह जुलाई से सलमान की फिल्म को पूरा समय देंगे।

### गर्मी में रेलवे चलाएगी 9111 विशेष गाड़ियां

**नयी दिल्ली ।** भारतीय रेलवे ने इस साल गर्मियों में यात्रियों के सुगम एवं आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए नौ हजार से अधिक अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन की योजना बनायी है। रेल मंत्रालय के अनुसार गर्मियों के मौसम में मांग में अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष गाड़ियों के 9111 फेरों का संचालन किया जाएगा।
कराची में आत्मघाती हमला, पांच जपानी नागरिक बाल-बाल बचे

### कराची में आत्मघाती हमला पांच जापानी बाल-बाल बचे

**कराची।** पाकिस्तान के कराची शहर के लांधी इलाके में जापानी नागरिकों को ले जा रही गाड़ी पर आत्मघाती हमला किया गया। इस हमले में पांच जापानी नागरिक बाल-बाल बच गए हैं। जापानी नागरिकों की गाड़ी में हमले के बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए है।

### रूस का बमवर्षक विमान क्रैश, पायलट की मौत

**मॉस्को।** रूस के टीयू-22एम3 रणनीतिक बमवर्षक विमान स्टावरोपोल क्षेत्र के क्रास्नोग्वर्डेस्की जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है जिसमें चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गयी है। क्षेत्रीय गवर्नर व्लादिमीर व्लादिमीरोव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

### शेयर बाजार में लौटी तेजी सेंसेक्स 600 अंक बढ़ा

**मुंबई।** विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बावजूद नौ समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले लगातार चार दिन की गिरावट से उबरकर शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 599.34 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,088.33 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी 151.15 प्रतिशत उछलकर 22,147.00 अंक पर बंद हुआ।

# पहले चरण में 60 फीसदी से अधिक वोटिंग

## 102 लोकसभा क्षेत्रों में छिटपुट घटनाओं के साथ शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

एजेंसी

**महासमर 2024**

- त्रिपुरा में सबसे अधिक 79.90 % और बिहार में सबसे कम 47.74 % हुआ मतदान
- पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान
- अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 68.24 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 68.04 प्रतिशत हुआ मतदान

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये शुक्रवार को 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।

21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में हुआ मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर लगभग शांतिपूर्ण रहा। मतदान का आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक रहा। आंकड़ों का मिलान किया जा रहा है और यह आंकड़ा आधा-एक प्रतिशत तक बढ़ सकता है। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला।

इसके साथ ही सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की राज्य विधानसभाओं और 18वीं लोकसभा के लिए 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई। चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 66.21, असम की 14 सीटों पर 71.56, बिहार की चार सीटों पर 47.74, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.50, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 55.35, मणिपुर की दो सीटों पर 68.81, मेघालय की सभी दो सीट पर 73.89, मिजोरम की एक सीट पर 54.23, नगालैंड की एक सीट पर 56.91, राजस्थान की 12 सीट पर 52.43, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.32, त्रिपुरा की एक सीट पर 80.84, उत्तर प्रदेश की आठ सीटों के लिए 57.90, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुदुचेरी की एकमात्र सीट पर 73.37, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.77, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र सीट पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 68.24 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 68.04 प्रतिशत मतदान हुआ है।

उपचुनाव की बात की जाए तो तमिलनाडु की एक विल्वनकोड सीट पर 56.68 और त्रिपुरा की रामनगर सीट पर 67.81 प्रतिशत मतदान हुआ है। उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप सहित 10 राज्यों ने अपनी मतदान प्रक्रिया पूरी कर ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों-



ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के नेतृत्व में आयोग ने निर्वाचन सदन में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान की प्रगति की लगातार निगरानी की। इस उद्देश्य के लिए मुख्यालय में एक अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। राज्य व जिला स्तर पर भी ऐसे ही नियंत्रण कक्ष बनाये गये थे।

चुनाव आयोग के अनुसार आज मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। लोकसभा चुनाव में बस्तर के 56 गांवों के लोगों ने पहली बार अपने ही गांव में बने मतदान केंद्र पर वोट डाला। गढ़चिरौली चिमुर, महाराष्ट्र से एक अन्य उदाहरण में, हेमलकसा बूथ पर स्थानीय जनजातीय बोली का उपयोग किया गया था, जिसमें सभी प्रासंगिक जानकारी शामिल थी। बिहार के बोधगया में बौद्ध भिक्षुओं को मुस्कुराते हुए और अपनी उंगलियों पर गर्व का प्रदर्शन करते हुए देखा गया। पश्चिम बंगाल और मणिपुर में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। पश्चिम बंगाल में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकताओं के बीच हिंसक छड़पें और उनके कार्यालयों में तोड़फोड़ होने की सूचना है। उधर, पूर्वोत्तर के मणिपुर के मैरांग केंद्र पर गोलीबारी की घटना हुई। यहां दो गुटों के बीच यह टकराव हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस टकराव के कारण यहां एक घंटे तक मतदान रोकना पड़ा।

आयोग ने मतदान को सुखद और यादगार अनुभव में बदलने पर विशेष जोर दिया था। पानी, शेड, शौचालय, रैंप, सहयोगी कार्यकर्ता, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सकें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। आयोग की ओर से 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेन और करीब एक लाख चार पहिया वाहन तैनात किए गए थे।

### छत्तीसगढ़ में विस्फोट, जवान हुआ शहीद

छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

| राज्य का नाम | | प्रतिशत |
|---|---|---|
| त्रिपुरा | - | 80.84 |
| पश्चिम बंगाल | - | 77.57 |
| पुड्डुचेरी | - | 73.37 |
| असम | - | 71.89 |
| मेघालय | - | 73.20 |
| मणिपुर | - | 68.81 |
| सिक्किम | - | 68.06 |
| अरुणाचल प्रदेश | - | 66.21 |
| जम्मू-कश्मीर | - | 65.08 |
| छत्तीसगढ़ | - | 63.41 |
| मध्य प्रदेश | - | 63.50 |
| तमिलनाडु | - | 62.32 |
| लक्षद्वीप | - | 59.02 |
| उत्तर प्रदेश | - | 57.90 |
| अंडमान-निकोबार | - | 56.87 |
| नागालैंड | - | 56.91 |
| महाराष्ट्र | - | 55.35 |
| मिजोरम | - | 54.23 |
| उत्तराखंड | - | 53.64 |
| राजस्थान | - | 52.43 |
| छत्तीसगढ़ | - | 63.41 |

## ईरान के इस्फहान प्रांत में इजरायल ने दागी मिसाइल

एजेंसी

**ड्रोन हमले का जवाब**

- सीरिया का दावा, इजरायल के हमले से देश के रक्षा ठिकानों को नुकसान पहुंचा
- ईरान ने वायु रक्षा प्रणालियों को किया एक्टिव



**यरुशलम/तेहरान।** इजरायल पर ईरानी ड्रोन हमले के सात दिनों बाद शुक्रवार को इजरायल ने ईरान पर जवाबी हमले में मिसाइलें दागीं, जो इस्फहान प्रांत में गिरीं। इनसे ईरान को हुए नुकसान के बारे में अब तक कोई पुष्ट खबर नहीं है। इस बीच, सीरिया ने भी दावा किया है कि इजरायली हमले में देश के दक्षिणी भाग में रक्षा ठिकानों को नुकसान पहुंचा है। ईरानी समाचार एजेंसी फार्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी प्रांत इस्फहान में तीन विस्फोट सुने गये हैं। ये विस्फोट ड्रोन अथवा मिसाइलों से किये गये हमले के फलस्वरूप हुए हैं, जिसके बाद ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर दिया गया है। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने रिपोर्ट में एक ईरानी सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि सेना का रडार स्टेशन संभावित निशाना हो सकता है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि क्षेत्र में कई कार्यालय भवनों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन हमले के परिणामस्वरूप कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के बाद इस्फहान में शांति है और यातायात सामान्य बना हुआ है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इस हमले को तूल देने और बदले की कार्रवाई के लिए कोई उत्तेजना नहीं दिखायी है। रिपोर्ट में एक सैन्य अधिकारी के हवाले से यह कहा गया कि ईरान को इस हमले के पीछे विदेशी हाथ होने की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, ह्हम पर कोई बाहरी हमला नहीं हुआ है और चर्चा का विषय हमले से ज्यादा घुसपैठ पर केन्द्रित है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि शनिवार की रात ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में इजरायल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें प्रक्षेपित की थीं। यह हमला अप्रैल की शुरूआत में सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले के जवाब में हुआ था। इजरायली सेना के अनुसार इजरायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई अस्त्रों को हवा में ही रोक दिया गया था। इजरायल ने मध्यरात्रि के बाद कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों से रॉकेट हमला किया और एक हवाई रक्षा ठिकाने पर हमला किया है, जिससे काफी क्षति हुई है।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार सुबह नागपुर में डाला अपना वोट ।

## दो शहजादों की चल रही फिल्म शूटिंग

### मोदी ने राहुल और अखिलेश पर बोला हमला, कहा-राम और कृष्ण विरोधी इंडी गठबंधन

एजेंसी

**अमरोहा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा में राहुल गांधी और अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर कहा कि यूपी के दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म शूटिंग चल रही है। इसका पहले ही रिजेक्शन हो चुका है। यह लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। यहां के कांग्रेस उम्मीदवार को तो भारत माता की जय बोलना भी मंजूर नहीं। जिन लोगों को भारत माता की जय बोलना पसन्द नहीं, क्या वह संसद में शोभा देंगे। रमालला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं आए। इनसे तो ठीक वे लोग हैं जिन्होंने



जीवनभर बाबरी मस्जिद के लिए मुकदमा लड़ा और हार गए तो प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। अमरोहा भगवान श्री कृष्ण के चरणों की दासी रही हैः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमरोहा कोई साधारण जगह नहीं है। मां गंगा के तट पर स्थित यह धरती भगवान श्रीकृष्ण के चरणों की दासी रही है। यह वीरों की भूमि है। अमरोहा की ढोलक की थाप दूर-दूर तक गूंजती है। मुख्यमंत्री योगी ने जीआई टैग के माध्यम से अलग पहचान दिलाई है। आज अमरोहा की एक थाप है- कमल छाप। अमरोहा का एक ही स्वर है फिर एक बार भाजपा सरकार। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमरोहा दुनिया में डंका बजाता है। क्रिकेट की दुनिया में मोहम्मद शामी ने जो प्रदर्शन किया, उसकी दुनिया कायल है। केंद्र सरकार ने बेहतर प्रदर्शन के लिए मोहम्मद शामी को अर्जुन पुरस्कार दिया है। योगी सरकार एक कदम और आगे बढ़ गई। यहां के लोगों के लिए प्रदेश की सरकार स्टेडियम बनवा रही है। इसके लिए अमरोहावासियों को बहुत-बहुत बधाई।

उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत के भविष्य का चुनाव है। यह चुनाव भारत के भविष्य का निर्धारण करेगा। आज भारत बड़े विजन और बड़े लक्षय के साथ आगे बढ़ रहा है। इंडी गठबंधन सारी शक्ति गांव और गरीब को पिछड़ा बनाए रखने में लगा रही है। यह इलाका दिल्ली और एनसीआर के बहुत करीब है लेकिन एनसीआर का फायदा अमरोहा को जो मिलना चाहिए था, वह पहले नहीं मिला। योगी सरकार में मिल रहा है। अब यूपी की पहचान एक्सप्रेस-वे प्रदेश के रूप मेंः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा क पहले यूपी की पहचान पिछड़ेपन के लिए होती थी। आज यूपी की पहचान एक्सप्रेस-वे के प्रदेश के रूप में हो रही है। आज यूपी में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। अमरोहा और गजरौला के लिए रेलवे स्टेशन रोड बनाया जा रहा है।

## ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल की पहली खेप पहुंचा फिलीपींस

एजेंसी

- भारत से 2022 में फिलीपींस ने किया था 374 मिलियन डॉलर से अधिक का सौदा
- एएलएच, आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने में रुचि दिखाई

**नयी दिल्ली।** भारत और फिलीपींस के द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक हो गया है, क्योंकि विश्व की सबसे तेज क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की पहली खेप भारत से फिलीपींस पहुंच गई है। दोनों देशों के बीच 2022 में हुए सौदे के तहत भारतीय वायु सेना के ताकतवर सी-17 ग्लोबमास्टर ने पहली खेप लेकर हिंडन एयरफोर्स से उड़ान भरी। भारत का विमान फिलीपींस वायु सेना के क्लार्क एयरबेस पर उतर चुका है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) ने 28 जनवरी, 2022 को फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ एक औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। भारत से सुपरसोनिक मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का यह सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा था। भारत (डीआरडीओ) और रूस (एनपीओएम) के संयुक्त उद्यम ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस विकसित की है। ब्रह्मोस मिसाइल के सौदे पर भारत और फिलीपींस के बीच वर्षों से बातचीत चल रही थी। दोनों देशों ने 03 मार्च, 2020 को प्रमुख रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए थे। भारत के साथ मिसाइल का यह सौदा पूरा करने के बाद फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ दशकों से चल रहे क्षेत्रीय विवादों के साथ-साथ सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनी सेना के आधुनिकीकरण पर




ध्यान केंद्रित कर रहा है। अब फिलीपींस अपनी लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए भारत से उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों के एक बैच खरीद रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 5.5 टन भार वर्ग में एक जुड़वां इंजन, बहु-भूमिका, बहु-मिशन नई पीढ़ी का हेलीकॉप्टर है और इसे विभिन्न सैन्य अभियानों के लिए एक प्रभावी प्लेटफॉर्म माना जाता है।

### वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी होंगे अगले नौसेना प्रमुख



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का अगला अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। वह वर्तमान में नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल की दोपहर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इसलिए वाइस एडमिरल त्रिपाठी उसी दिन नए नेवी चीफ के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 01 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। नौसेना में अब तक उनकी लगभग 39 वर्षों की विशिष्ट सेवा रही है।

### यूएई में रिकॉर्ड तोड़ बारिश,तीन की मौत

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में इस सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण दुबई में काम करने वाले फिलीपींस के तीन नागरिकों की मौत हो गयी है। प्रवासी श्रमिक विभाग (डीएमडब्ल्यू) के प्रभारी अधिकारी हंस कैकडैक ने बताया कि दो महिलाओं की कार के अंदर फंस जाने के बाद दम घुटने से मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति की मौत उसके वाहन के सिंकहोल से टकराने के बाद हुई। उन्होंने बताया कि दुबई और अबू धाबी स्थित उनका कार्यालय फिलीपींस दूतावास और महावाणिज्य दूतावास के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि दुबई में फिलीपीन्स के 648,929 नागरिक हैं । किसी ने भी स्वदेश वापसी का अनुरोध नहीं किया है। भारतीय दूतावास ने भारतीय यात्रियों को गैर-जरूरी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने का परामर्श जारी किया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !